राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 18
लखनऊ, मंगलवार 16 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कांग्रेस को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का जरा भी ख्याल नहीं : भूपेंद्र चौधरी 03

राशन वितरण में धांधली की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक ने की जांच 10


### प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के पूर्णिया जिले में नवनिर्मित एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का शुभारंभ किया, कहा

# कनेक्टिविटी को ऊंचाई देगा नया टर्मिनल

एजेंसी



**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को बिहार के पूर्णिया जिले में नवनिर्मित एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का शुभारंभ किया ।

यह टर्मिनल भवन न सिर्फ सीमांचल और कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए हवाई सफर की नई सुविधाएं लेकर आएगा, बल्कि बिहार के क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक विकास को भी नई उड़ान देगा। श्री मोदी की उपस्थिति में 76 सीटों वाला विमान अहमदाबाद के लिए और उसके बाद एक विमान कोलकाता के लिए भी रवाना हुआ। इसके साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्णिया की जनता से नये एयरपोर्ट टर्मिनल बनाने का अपना वादा प्रधानमंत्री ने पूरा किया दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत देश के छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। पूर्णिया एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से बिहार के सीमांचल और कोसी क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। पूर्णिया एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन न केवल सीमांचल क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग को पूरा करेगा, बल्कि बिहार की हवाई कनेक्टिविटी को एक नई ऊँचाई भी देगा। इससे जहां स्थानीय लोगों की सुविधा बढ़ेगी, वहीं प्रदेश के विकास और रोजगार सृजन को भी नई गति मिलेगी। इस विमान सेवा का लाभ पूर्णिया प्रमंडल समेत आसपास के करीब एक दर्जन जिलों को मिलेगा । पटना, गया, दरभंगा के बाद पूर्णिया अब बिहार का चौथा एयरपोर्ट है जहां से कामर्शियल फ्लाइट की सेवा शुरू हुई।

इंडिगो एयरलाइन्स अहमदाबाद और पूर्णिया के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ानें भरेगा जिससे गुजरात जैसे प्रमुख औद्योगिक शहर से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। पूर्णिया पूर्वी बिहार का सबसे महत्वपूर्ण शहर है और इसके आसपास के शहरों सहरसा, मधेपुरा , सुपौल, अररिया, कटिहार, भागलपुर, नवगछिया, फारबिसगंज के अलावा नेपाल और बंगाल के कई शहरों से इसका सम्पर्क है। पूर्णिया हवाई अड्डे के नवनिर्मित अंतरिम टर्मिनल भवन के शुरू होने से इस क्षेत्र में हवाई सेवाओं का विस्तार होगा। यह टर्मिनल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और इसकी नई इमारत बनाने के बाद यात्री प्रबंधन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। अब विमानो कि आवाजाही शुरू होने और उनकी संख्या में वृद्धि के साथ यात्रियों को दिल्ली, पटना और अन्य बड़े शहरों के लिए सीधी और नियमित हवाई सेवाएं मिलने लगेंगी। पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सुपौल और सहरसा जैसे जिलों के लोग अब हवाई सेवाओं का लाभ अपने नजदीकी शहर से उठा सकेंगे। अभी तक इस क्षेत्र के यात्रियों को पटना या बागडोगरा तक जाना पड़ता था, लेकिन इस टर्मिनल के शुरू होने से यात्रियों के समय और लागत दोनों की बचत होगी। पूर्णिया और आसपास का इलाका व्यापार, शिक्षा और कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। हवाई संपर्क बढ़ने से यहां निवेश, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यहां के छात्रों और उद्यमियों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेनाओं के शौर्य को सराहा

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता स्थित विजय दुर्ग स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर में निभाई गई उनकी भूमिका की प्रशंसा की। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की जमकर हौसलाफजाई की और उनका जोश बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सेनाओं का योगदान केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल सैन्य संचालन का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की व्यापक रणनीति का मंच है। सुधार, परिवर्तन और भविष्य की तैयारी—यही हमारी दिशा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना को नई तकनीक, डोमेन एकीकरण और साइबर तथा स्पेस सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से सशक्त होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारतीय सशस्त्र सेनाएं विजन 2047 दस्तावेज का अनावरण भी किया। यह दस्तावेज भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेनाओं को तैयार करने की दिशा में रोडमैप प्रस्तुत करता है।

## पीएम के जन्मदिवस पर सबसे बड़ा रक्तदान अभियान होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद अपने 61वें स्थापना दिवस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को विश्व का सबसे बड़ा रक्तदान अभियान आयोजित करेगा। इस अभियान के तहत देश भर से तीन लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान 75 देशों में तथा भारत के सभी राज्यों में एक ही दिन में एक साथ संचालित किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं वर्चुअल माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के तीन बदलावों पर लगाई रोक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने सोमवार को कानून में किए गए 3 बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया। इनमें वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का नियम शामिल है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम मेंबर्स की संख्या 4 और राज्यों के वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा न हो। सरकारें कोशिश करें कि बोर्ड में नियुक्त किए जाने वाले सरकारी मेंबर्स भी मुस्लिम कम्युनिटी से ही हों। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दाखिल 5 याचिकाओं पर 20 से 22 मई तक लगातार 3 दिन सुनवाई की थी। 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**1. वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम :** वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की भागीदारी पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रावधानों पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन कुछ सीमाएं तय कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में (20 में से) अधिकतम 4 और राज्य वक्फ बोर्ड में (11 में से) अधिकतम 3 गैर-मुस्लिम सदस्य ही रख सकते हैं। पहले इसमें अधिकतम सीमा तय नहीं थी।

**2. सीईओ की नियुक्ति:** राज्य बोर्ड में सेक्शन 23 को बरकरार रखते हुए कोर्ट ने कहा कि जहां तक संभव हो, सीईओ (जो बोर्ड का पदेन सचिव भी होता है) मुस्लिम समुदाय से ही नियुक्त किया जाए।

**3. वक्फ बनाने की शर्त :** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के सेक्शन 3(र) के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि कोई व्यक्ति वक्फ बनाने के लिए कम से कम 5 साल से मुसलमान होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बनातीं कि कोई व्यक्ति वास्तव में मुसलमान है या नहीं, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं हो सकता, क्योंकि बिना नियम के यह मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है।

**4. वक्फ की प्रॉपर्टी का वेरिफिकेशन :** सुप्रीम कोर्ट ने सेक्शन 3सी से जुड़े प्रावधान यानी बदलाव पर रोक लगाई। यह धारा सरकारी अधिकारियों को वक्फ संपत्तियों की स्थिति तय करने का अधिकार देती थी। कोर्ट ने उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें कहा गया था कि किसी संपत्ति को वक्फ तभी माना जाएगा, जब सरकारी अधिकारी की रिपोर्ट में अतिक्रमण न होने की पुष्टि हो।

धारा 3सी(3), जिसमें अधिकारी को संपत्ति को सरकारी जमीन घोषित करने और राजस्व अभिलेख बदलने का अधिकार था, उसे भी रोक दिया। धारा 3सी(4), जिसके तहत राज्य सरकार वक्फ बोर्ड को अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर रिकॉर्ड सुधारने का आदेश देती, उस पर भी रोक लग गई। कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के अधिकार तय करने का अधिकार देना सत्ता के विभाजन (सेपरेशन ऑफ पावर्स) के सिद्धांत के खिलाफ है, क्योंकि कार्यपालिका को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता। बेंच ने साफ किया कि जब तक किसी संपत्ति का मालिकाना हक वक्फ ट्रिब्यूनल (सेक्शन 83) से तय नहीं हो जाता और उस पर हाई कोर्ट में अपील की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक वक्फ का मालिकाना और उसके रिकॉर्ड से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

**5. वक्फ के रजिस्ट्रेशन :** इस अनिवार्य प्रावधान में दखल देने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह कोई नया नियम नहीं है और पहले भी 1995 व 2013 के कानूनों में मौजूद था।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,11,210/ |
| 22 कैरेट | = | 10,1950/ |
| 18 कैरेट | = | 83,430/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,33,000/ |



## राहुल ने पंजाब में बाढ़ क्षेत्रों का किया दौरा, प्रभावित किसानों से की मुलाकात

एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब में आई बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को पंजाब पहुंचे। उन्होंने सीमावर्ती गांवों का दौरा करके बाढ़ पीड़ितों से बातचीत की। राहुल गांधी के साथ पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा समेत कई नेता मौजूद रहे।

पंजाब में अभी तक बाढ़ से 56 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। राहुल गांधी सोमवार सुबह अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसके बाद वह घोनेवाल गांव रवाना हुए। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डूबी फसलें और टूटे घर देखे। यहां उन्होंने गुरुद्वारा बीड़ बाबा बुड्ढा साहिब में माथा भी टेका। इसके बाद वह गुरदासपुर के गुरचक्क गांव पहुंचे। यहां उन्होंने बांध टूटने से जलमग्न हुए खेतों और घरों को देखा। राहुल गांधी ने किसानों से मुलाकात की। इसके बाद ट्रैक्टर पर सवार होकर आधा किलोमीटर दूर खड़ी अपनी गाड़ी तक पहुंचे। इसके बाद राहुल गांधी ने दीनानगर में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। राहुल गांधी गुरदासपुर में दीनागनर के गांव मकोड़ा पत्तन में बाढ़ प्रभावित किसानों से बातचीत की।

# भगोड़े कैदियों को वापस नेपाल भेजेगा यूपी

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए कैदियों को लेकर गाइडलाइन की जारी

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नेपाल हिंसा का फायदा उठाकर वहां की जेलों से फरार हुए कैदियों को वापस भेजेगी। इन कैदियों को सुरक्षा तंत्र ने यूपी-नेपाल बॉर्डर पर दबोचा था। नेपाल के भगोड़े कैदी उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड के बॉर्डर से सटे जिलों से गिरफ्तार हुए हैं। ये ऐसे कैदी हैं जो मादक पदार्थों के तस्करी सहित विभिन्न अपराधों में वहां की जेलों में बंद थे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में निगरानी के दौरान एसएसबी और पुलिस ने करीब एक दर्जन ऐसे कैदियों को गिरफ्तार किया है, जो नेपाल की जेल में बंद थे और उन पर कई संगीन मामले नेपाल में दर्ज हैं। ऐसे कैदियों को प्रदेश में प्रवेश देना है या नहीं, अगर देना है तो इन्हें इनके घर जाने दिया जाए या कहीं और भेजा जाए, इसको लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से गाइडलाइन मांगी थी।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। इन कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड सरकारों को इस संबंध में स्पष्ट सूचना भेज दी है। उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा पर हालात सामान्य होने लगे हैं। बॉर्डर खोल दिया गया है जिससे दोनों तरफ के नागरिकों व मालवाहक वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है।

सख्त जांच के बाद ही सभी को आगे भेजा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस बीच सीमा पर लगी ट्रकों की कतार भी लगभग समाप्त हो गई। नेपाल में उपद्रव और बॉर्डर सील होने के कारण व्यापारिक गतिविधियां पांच दिन तक ठप रहीं। फिलहाल आवागमन शुरू होने से बॉर्डर पर रौनक लौटी नजर आ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत, दो बेटे गंभीर

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम बहेरिया निवासी राजीव कोरी की पत्नी 42 वर्षीय चंद्रकली और तीन वर्षीय बेटी सुरभि पुत्र 20 वर्षीय और आठ वर्षीय देवेश के साथ मोपेड पर सवार होकर अपनी नानी के घर उसावां (बदायूं) पितृपक्ष में कनागत की दावत खाने जा रहे थे। बदायूं रोड पर क्षेत्र के ग्राम पिंडरा की पुलिया के समीप अमन की मोपेड पीछे से आए ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे राजीव कोरी की पत्नी चंद्रकली और इकलौती तीन वर्षीय बेटी सुरभि की मौत हो गई। जबकि मोपेड चला रहे राजीव का बड़ा बेटा अमन और देवेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल भाइयों को फर्रुखाबाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज चल रहा है। मेडिकल सूत्रों के मुताबिक दोनों भाइयों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने एम. सुंदर

**इंफाल।** न्यायामूर्ति एम. सुंदर ने सोमवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के दसवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उन्हें पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजनीतिक नेता, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा विभिन्न बार संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। न्यायामूर्ति एम. सुंदर की नियुक्ति 13 सितंबर को की गई थी। वे सेवानिवृत्त हुए न्यायामूर्ति के. सोमशेखर के उत्तराधिकारी बने हैं। इससे पहले न्यायामूर्ति सुंदर मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे।

### झारखंड में एक करोड़ का इनामी नक्सली सहदेव मारा गया

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में आज सुबह पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन समेत तीन नक्सली मार गिराए गए। यह मुठभेड़ सुबह करीब 6 बजे गीरहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत पनतीतरी जंगली क्षेत्र में में हुई। झारखंड पुलिस के आईजी माइकल राज एस ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश और अन्य दो नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं। हुआ है। सहदेव सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। मुठभेड़ में सैक सदस्य 25 लाख का इनामी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर बिरसेन गंझू भी मारा गया ।

### रेलवे आरक्षण : पहले 15 मिनट आधार उपयोगकर्ता टिकट कर सकेंगे बुक

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन आरक्षण प्रणाली में बदलाव किया है। 1 अक्टूबर से सामान्य आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट में केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप से आरक्षित सामान्य टिकट बुक कर सकेंगे। रेलवे की ओर से जारी एक परिपत्र के मुताबिक यह कदम टिकट प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि पीआरएस काउंटरों से सामान्य आरक्षण टिकटों की बुकिंग समय-सारणी में कोई परिवर्तन नहीं होगा। अधिकृत टिकटिंग एजेंटों पर लागू व्यवस्था भी बनी रहेगी।

## श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के नए नामित सदस्य को महासचिव ने सौंपा मनोनयन पत्र

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नए सदस्य कृष्णमोहन का सोमवार को राम मंदिर में स्वागत किया गया । कृष्णमोहन के राम मंदिर में पहुंचने पर ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने उन्हें ट्रस्ट में सदस्य का मनोनयन का पत्र सौंपा और राम नामी, माला पहना कर स्वागत किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य डा. अनिल मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर संघ चालक डा. विक्रमा पांडेय, महानगर प्रचारक सुदीप, मुकेश तोलवानी उपस्थित रहे। भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अवकाश प्राप्त अधिकारी व समाजसेवी कृष्णमोहन को पिछली श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में सदस्य पद पर उनके नाम पर मुहर लगी थी। वह दिवंगत कामेश्वर चौपाल की जगह ट्रस्ट के सदस्य नामित हुए है और वह भी चौपाल की तरह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। कृष्णमोहन 1970 में ही लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी हैं। पांच-छह वर्षों तक वह एटामिक एनर्जी पर शोध की दिशा में सक्रिय रहे।

## भारतीय मूल के मोटल मैनेजर की हत्या के लिए जो बाइडेन की आव्रजन नीति जिम्मेदार : ट्रंप

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय मूल के एक मोटल मैनेजर की हत्या के लिए बाइडेन की आव्रजन नीति को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने आश्वासन दिया है कि उनके शासन में अपराधियों के प्रति नरम रूख नहीं अपनाया जाएगा। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले 50 वर्षीय चंद्र मौली बॉब नागमल्लैया पर 10 सितंबर को डाउनटाउन सूट्स मोटल में उनकी पत्नी और बेटे के सामने चाकू से हमला किया गया था। इस दौरान उनका सिर कलम कर दिया गया था। उनकी हत्या कथित तौर पर एक आपराधिक रिकॉर्ड वाले क्यूबाई अप्रवासी 37 वर्षीय योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज ने की। इस बीच अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प ने संदिग्ध को एक अवैध विदेशी बताया और कहा कि उसे पहले ही देश से निकाल दिया जाना चाहिए था। उन्होंने इस बाबत बाइडेन पर अक्षम और उदार नीतियों का पालन करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, मुझे डलास में एक सम्मानित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से संबंधित दुखद रिपोर्टों की जानकारी है। उनका क्यूबा के एक अवैध विदेशी द्वारा बेरहमी से सिर कलम कर दिया गया था। उस व्यक्ति को हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था। निश्चिंत रहें। इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी बरतने का समय मेरे कार्यकाल में समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि इस घटना ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय को झकझोर कर रख दिया है।

### आचार्य देवव्रत ने ली महाराष्ट्र के राज्यपाल पद की शपथ

**मुंबई।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर ने श्री देवव्रत को राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री देवव्रत ने संस्कृत में शपथ ली। समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति बनने के बाद 11 सितंबर को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## ग्रामीण स्तर से ही महिला नेतृत्व को दिया जाना चाहिए बढ़ावा : ओम बिरला

एजेंसी

**▸ तिरुपति में आयोजित हुआ राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन**

**तिरुपति।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना एक विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। कुछ जगहों पर स्कूल दूर होने के कारण लड़कियां शिक्षा से वंचित हैं। ऐसे में वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लड़कियां तकनीक की मदद से शिक्षित हों। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने ग्रामीण स्तर से ही महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की पैरवी भी की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को यहां राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आज इस राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का दूसरा दिन है। आज के सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल व सेवानिवृत न्यायमूर्ति अब्दुल नज़ीर मौजूद रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और खेल जगत में आगे लाने के लिए दो दिवसीय विचार-विमर्श किया गया। हर महिला को सुरक्षित और आत्मनिर्भर होना चाहिए। पंचायत स्तर पर एक कंप्यूटर केंद्र सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं दुनियाभर में आईटी और आर्थिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

**सम्मेलन**

### शिवराज सिंह ने रबी अभियान 2025 के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को बनाएंगे विश्व की फूड बॉस्केट : शिवराज सिंह

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि हम देश में खाद्यान्न, फल-सब्जियों की कमी नहीं रहने देंगे और भारत को विश्व की फूड बॉस्केट बनाएंगे।

सोमवार को पूसा में रबी अभियान 2025 के लिए आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे किसानों और वैज्ञानिकों की मेहनत और सरकार की किसान हितैषी नीतियों से देश में कृषि की ग्रोथ 3.7 प्रतिशत है, जो कि दुनिया में सर्वाधिक है। शिवराज सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार एक है; अपने देश, अपनी जनता, अपने किसानों के हित हमारे लिए सर्वोपरि है, जिसके लिए हम मिलकर पूरी ताकत से काम करते रहेंगे। हमें यह सौभाग्य मिला है कि हम भारत के कृषि परिदृश्य को बदलें। शिवराज सिंह ने कहा कि हम लोग साधारण लोग नहीं है, हम लोग देश की आधी आबादी के भाग्य बनाने वाले हैं। हमें बहुत अच्छे से काम करना होगा। हमें किसान और उसके उत्थान से मतलब है। शिवराज सिंह ने नकली खाद-बीज और कीटनाशक के मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही , वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि अब सारे मानदंडों और कसौटी पर पूरी तरह से खरे उतरने वाले बायोस्टिमुलेंट (जैव उत्तेजक) ही बिक सकेंगे। हम किसानों का शोषण नहीं होने देंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि प्रसार का कार्य अत्यधिक महत्वपूर्ण है, केंद्र सरकार के साथ मिलकर सारे राज्य के कृषि विभाग और कृषि से जुड़े सभी विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र तथा अन्य सभी संगठन ठोस कार्यक्रम और रणनीति बनाकर जमीनी स्तर पर तेजी से काम करें। शिवराज सिंह ने कहा कि अब मौसम का कोई ठिकाना नहीं है, इसलिए फसल बीमा ज्यादा से ज्यादा किसान करवाएं, इसके लिए अधिकारी प्रयास करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को ठीक से लागू करना होगा, ताकि किसानों को राहत मिले। शिवराज सिंह ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान फिर से अक्टूबर से राज्यों और केंद्र के साथ चलेगा। अब एग्री रिसर्च किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए होगा, सिर्फ पेपर पब्लिश करने के लिए नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल्दी राहत के लिए पूरा अमला तेजी से काम करें। सम्मेलन में केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ, किसान प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं। यह मंच नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों और राज्यों के प्रतिनिधियों को रबी 2025 की तैयारियों, उत्पादन लक्ष्यों और रणनीतियों पर समग्र रूप से विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान कर रहा हैं। प्रारंभ में केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट ने भी विचार रखें।

# जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत, परिजनों ने किया हाइवे जाम

- परिजनों ने जेल प्रशासन पर मारपीट कर हत्या करने का लगाया आरोप
- सदर विधायक के आश्वासन के बाद परिजनों ने जाम खोला
- मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के दस साल पुराने मामले में चार दिन पहले गया था जेल





हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

एससी-एसटी एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध बंदी की मौत पर सोमवार को परिजनों ने जिला कारागार के बाहर कालपी स्टेट जाम कर जेल प्रशासन पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया। करीब आधा घंटा लगे जाम के बीच सदर विधायक डा मनोज प्रजापति पहुंचे उन्होंने परिजनों को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर परिजनों ने जाम खोल दिया। तीन डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव निवासी अनिल कुमार द्विवेदी (33) को एससी-एसटी एक्ट के दस वर्ष पुराने मामले में बीते 11 सितंबर न्यायालय ने जेल भेजा था। जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। बैरक में अन्य बंदियों के साथ वह अजीब हरकतें करने लगा। तब जेल कर्मियों ने उसे किसी तरह काबू किया। इसके बाद वह रात भर सिर पकड़कर बैठा रहा। उसकी हरकतों से ऐसा प्रतीत हुआ कि वह शराब पीने का आदी है। जेल में शराब न मिलने के कारण वह परेशान था। रविवार दोपहर अचानक उसे फिर से दौरा पड़ा। इस दौरान जेल अस्पताल में उसकी जांच कराई गई। जांच में शुगर 41 और ऑक्सीजन का स्तर कम पाया गया। दोपहर बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉ. अलंकृता गुप्ता ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया और परिजनों को सूचना दी। सोमवार को परिजनों व ग्रामीणों ने जिला कारागार में मारपीट करने से मौत होने का आरोप लगाते हुए बाहर सड़क में जाम लगा दिया। जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम की सूचना पर पहुंचे सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और मामले की जांच का भरोसा दिलाया। तब परिजनों ने जाम खोला। शव का तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं मामले की जांच जिलाधिकारी व डीजे द्वारा की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### ब्राह्मण एकता परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक ने पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों से मुलाकात की

**हमीरपुर।** जिला कारागार में मारपीट कर अनिल दुबे की हत्या किए जाने के मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं संस्थापक जुगुल किशोर तिवारी जी ने पोस्टमार्टम हाउस में परिवारी जनों से मुलाकात की। पूरी घटना जानने के बाद उन्होंने परिवार को लोगों को इस घृणित कृत्य के लिए पूरी तरीके से जेल प्रशासन को दोषी ठहराते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात की उन्होंने कहा कि ऐसा कोई संविधान नहीं है जिसमें किसी व्यक्ति की हत्या होने के बाद जांच कमेटी बने उसके बाद एफआईआर दर्ज की जाए। चाहे वह हत्या जेल में हो या पुलिस हवालात में हुई हो। इस प्रदेश में तमाम बार ऐसी घटनाएं हुई हैं जिसमें जेल के अंदर लोगों की हत्याएं हुई है उसमें तत्काल प्रभाव से पहले एफआईआर दर्ज की गई है, उसके बाद न्याय संगत तरीके से जांच की गई और दोषियों को सजा दिलाई गई। यदि इस तरह से किसी ब्राह्मण परिवार के साथ कोई अन्याय होता है, तो अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सभी सदस्य पीड़ित परिवार के लिए न्याय की लड़ाई जनपद से लेकर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे। पीड़ित परिवार को न्याय के साथ मुआवजा भी दिलाने का भी कार्य करेंगे

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी रामकृपाल पुत्र जोधा के खिलाफ वर्ष 2012 में थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। जो कि न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। मुकदमे में उपस्थित न होने के कारण इसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने हमराह कांस्टेबल इंद्रजीत के साथ गांव के बाहर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### बीडीओ ने अस्थाई गौशालाओं का निरीक्षण करके देखी व्यवस्थाएं





**भरुआ सुमेरपुर।** खंड विकास अधिकारी ने सोमवार को ब्लाक की आधा दर्जन पंचायतों का दौरा करके अस्थाई गौशालाओं का निरीक्षण करके भूसा, पानी, छाया, साफ सफाई आदि का निरीक्षण करके मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए सोमवार को खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने पशुधन प्रसाद अधिकारी आरबी यादव के साथ ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा बुजुर्ग, पचखुरा खुर्द, भौनिया, पंधरी, पारा रैपुरा, बिलहड़ी, बांकी का दौरा करके अस्थाई गौशालाओं में संरक्षित गोवंश को देखा साथ ही भूसा, पानी, चुनी, चोकर, साफ सफाई की व्यवस्थाओं का अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभी पंचायतों के प्रधान, सचिव, चौकीदार, चरवाहे, सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के मेन बाजार में सब्जी मंडी में टीन टप्पर में अपनी दुकान बनाए लोगो के अतिक्रमण को नगर पंचायत द्वारा हटाया गया। नगर पंचायत द्वारा इस स्थान पर दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। कस्बा कुरारा के मेन बाजार में सब्जी मंडी में वे गुड मंडी की जगह पर सब्जी व्यापारियों व अन्य दुकानदारों ने अतिक्रमण कर टीन टप्पर व गुमटी रख ली थी। जिससे आवागमन वाला रास्ता अतिक्रमण की चपेट में आ गया था। सब्जी व्यापारियों की दुकानें लगभग पचास वर्ष से स्थित थी। इनमें टीन टप्पर से बनाकर सब्जी का व्यापार करते चले आ रहे है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकरी एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता ने बताया कि अतिक्रमण वाले स्थान पर नगर पंचायत द्वारा व्यवसायिक दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। तथा लोगो को इन दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इससे नगरपंचायत की आय में इजाफा होगा। नगर पंचायत प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाए जाने की शुरुवात की गई तब व्यापारियों ने अपने सामान को समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान थाना पुलिस मौजूद रही।

### बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे की एक छात्रा ने सोमवार की दोपहर अपने घर में फांसी लिया जिसे आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत की खबर सुनते ही परिजन? दहाड़ मारने लगे वहीं अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। कस्बे के मीरा तालाब निवासी नंदिता 18 वर्ष पुत्री किशोरी लाल प्रभाकर सोमवार की दोपहर अपने घर में साड़ी से गले में फंदा डाल छत के छल्ले में बांधकर झूल गई परिजनों ने यह मंजर देख आनन फानन फांसी से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित करती है मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे अस्पताल में अच्छी खासी भीड़ इकट्ठा हो गई कोतवाली पुलिस में शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दिया। मृतका राजकीय महाविद्यालय में बीए की छात्रा थी अपने पीछे एक भाई दो बहन मां बाप को रोता बिलगता छोड़ गई। इस घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम खुरहंड के रहने वाले जितेन्द्र त्रिपाठी ने थाना गिरवां पर सूचना दी कि 28 अगस्त 25 को उनके घर में व गांव में स्थित मंदिर तथा एक अन्य घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा थे । इसी क्रम में आज थाना गिरवां पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 1 अभियुक्त को ग्राम महुआ हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व चोरी का सामान बरामद किया गया। अभियुक्त से कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि इसका एक और साथी लवकुश उर्फ भूरी पुत्र रामलाल निवासी ग्राम लिलरी थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर भी चोरी में संलिप्त था। जिसको 30 अगस्त 25 को थाना पैलानी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम राहुल पुत्र सिद्धा खटिक निवासी टेवन बब्बा मराठीपुरी कस्बा मौदहा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर।

### एमएलसी चुनाव को लेकर सपा की बैठक सम्पन्न



**बबेरू/बांदा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मे स्नातक चुनाव मे वोटर बनाये जाने सम्बन्धी बैठक आयोजित हुई जिसमे अधिक से अधिक वोटर बनाये जाने की बात कही। सपा विधायक विशम्भर यादव सिंह के आवास पर स्नातक चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा जो स्नातक पास है और इस कुछ समकक्ष जिनके पास डिग्री है उन सभी को स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदान करने के लिए वोटर बनाने के लिए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता लग जाये एमएलसी डॉक्टर मानसिंह यादव ने कहा जिले में किए गए विकास कार्यो की चर्चा किया और सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी को जल्द से जल्द मतदान वाले फॉर्म कार्यालय मे भरकर जमा करने स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत हो कार्यक्रम का संचालन राम भवन चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने किया। कार्यकम के दौरान छेदीलाल गुप्ता, लाखन निषाद, कमल यादव, मुलायम सिंह, ज्ञान यादव, विजयपाल, शिवाकांत, राजेश शिवहरे, शानू खान, उदयवीर, केके, महन्त पुत्तन सिह सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम ने की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में लगभग 94 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## उप जिलाधिकारी जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने की छापेमारी

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



कस्बे मे मिलावटी खाद DAP को लेकर उपजिलाधिकारी और जिला कृषि अधिकारी ने संयुक्त छापेमारी कर मिलावटी खाद, खाली बोरिया और सिलाई मशीन बरामद किया है जिसपर जिला कृषि अधिकारी ने मिलावट खोरों के खिलाफ कार्रवाई किया।कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा बंशनाला के निकट एक निजी मकान में मुखबिर की सूचना पर उपजिलाधिकारी और जिला कृषि अधिकारी को मिलावटी खाद DAP बनाए की सूचना प्राप्त हुई सोमवार दोपहर बाद जब एक ई रिक्शा में खाद की बोरियां लादी जा रही थीं उसी समय मुखबिर की सूचना पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी किया मौके पर ग्यारह बोरी मिलावटी DAP खाद, निन्यानवे खाली बोरी बोरियां सिलने की मशीन बरामद की है। वहीं मिलावटी खाद के सिलसिले में जिला कृषि अधिकारी द्वारा मुकदमा दर्ज कराया जाने की कार्यवाही की जा रही है। वही इस संबंध में उपजिला अधिकारी करणवीर सिंह ने बताया अवैध ढंग से बिना लाइसेंस के कृभको एवं इएफको डीएपी खाद बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिला कृषि अधिकारी के साथ छापेमारी कर बनाने सामान एवं खाली बोरिया मौके में बरामद किया गया है और किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रिश्तेदार की शव यात्रा में आए अधेड़ युवक की आकस्मिक मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** रिश्तेदार की अंतिम यात्रा में सम्मिलित होने गए अधेड़ युवक कि अचानक हालत बिगड़ने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां अधेड़ की मौत हो गई। फिरोज पुत्र मेहताब प्रयागराज निवासी कस्बे के मोना पत्नी शमसुद्दीन तकिया निवासी की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मिलते पर प्रयागराज से फिरोज अपने अन्य पारिवारीजनों के साथ अंतिम शव यात्रा में सम्मिलित होने के लिए कस्बे में आए हुए थे अचानक तबीयत बिगड़ने पर बिगड़ने लगी जिसको देखते हुए मृतक के पुत्र फकरुद्दीन ने प्रयागराज निवासी रिश्तेदार को कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन अस्पताल से निकलते ही युवक की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

## जनपद में चलाया गया विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान

- बैंक परिसर, बैंकों/एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग




बांदा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा शहर क्षेत्र में स्थित बैंकों व सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड की ड्यूटी व अन्य इंतजामों को बारीकी से चेक किया गया। बैंक प्रबंधकों को सतर्कता बढाने को लिए कहा गया व सुरक्षा उपकरणों को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों में भी पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं को चेक किया गया । चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/ कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डो को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम/बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

## कबीर आश्रम में कोरी समाज की बैठक संपन्न हुई

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



झलोखर गांव में कबीर आश्रम में कोरी समाज महासंस्थान की बैठक हुई संस्थान द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहेत बैठक हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सुरेश कोरी रहे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राम बाबू ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा राम ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा समाज एक परिवार की तरह हैं जो हर एक के दुख सुख में साथ देता है सबको एक होकर चलना है और एक दूसरे का साथ देना है बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलना है बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित हो संगठित रहो और संघर्ष करो तो कहा कि सभी अपने बच्चों को पढ़ाइये यदि किशी बच्चे को कोई समस्या आती है तो उस बच्चे की पढ़ाई के लिये संस्थान मदद करेगा और जब तक मेरी सासे चलती रहेगी तब तक हम समाज को आगे बढ़ाने का काम करते रहेंगे और बताया कि दिनांक 8 अक्टूबर को एक विशाल निशुल्क नेत्र शिविर ग्राम झलोखर में लगाया जायेगा जिसमे दवा चश्मा फ्री दिया जायेगा जिला अध्यक्ष राम बहादुर नयन जी ने कहा कि हमारा समाज अभी बहुत पीछे है शिक्षित कम है समाज को आगे बढ़ाने के लिये शिक्षित होना पड़ेगा और एकता बना कर रहना तभी समाज आगे बढ़ेगा। इस कार्यक्रम में भगवान दास जिला कोषाध्यक्ष मुकेश तूफानी, जिला संगठन सचिव अरविन्द कबीर, कल्लू कबीर, रविंद्र बाबूलाल, रामनारायण, सुखराम, कालका प्रसाद, रामसनेही, सीता राम आदि लोग उपस्थित रहे।

## राइफल क्लब मैदान बचाने के लिए जोरदार प्रदर्शन

- आयुक्त को खेल प्रेमियों ने सौंपा ज्ञापन, बांदा विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव का विरोध



बांदा, समृद्धि न्यूज़।

राइफल क्लब (खेल मैदान) बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार को चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बाँदा विकास प्राधिकरण द्वारा खेल मैदान के स्वरूप एवं आकार में परिवर्तन करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताया। समिति ने मांग की कि इस ऐतिहासिक मैदान को बचाते हुए खिलाड़ियों को सौंपा जाए और यहाँ मेजर ध्यानचंद की याद में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।

समिति के ज्ञापन में बताया गया कि राइफल क्लब (खेल मैदान) 1902 ईस्वी से ही पुलिस परेड, चाँदमारी और खेलकूद गतिविधियों का केंद्र रहा है। आज तक यह मैदान खिलाड़ियों और जनपदवासियों के लिए खेल की धरोहर के रूप में संरक्षित है। 1984-85 में बाँदा विकास प्राधिकरण ने यहाँ अस्थायी कार्यालय खोला और बाद में कुछ हिस्से को नगर पालिका परिषद से फ्री होल्ड कराने का प्रयास किया, जिसे गैरकानूनी बताया गया है। विरोध प्रदर्शन और कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन ने मैदान की यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके, विकास प्राधिकरण राइफल क्लब मैदान को बेचने और निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। संघर्ष समिति ने ज्ञापन में कहा कि यदि यह मैदान छीन लिया गया तो बाँदा के खिलाड़ियों का भविष्य प्रभावित होगा। यह मैदान वर्षों से क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित अनेक खेलों का केंद्र रहा है। इसलिए जनहित और खेलो इंडिया, आगे बढ़ो इंडिया के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इसे संरक्षित किया जाए। ज्ञापन की प्रतियां मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, खेल मंत्री (भारत सरकार), खेल मंत्री (उत्तर प्रदेश), सांसद, विधायक सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई हैं। इस मौके पर धनंजय करवरिया, सैयद मुन्ने मगरवी, लल्लू खान, जमाल उल्ला खान, विचित्र सिंह, मोनू गुप्ता, आशुतोष राणा, रमेश कुमार, लव सिन्हा, पत्रकार सुनील सक्सेना, अनिल मिश्रा, संतोष त्रिपाठी समेत सैकड़ों खेलप्रेमी, समाजसेवी और पत्रकार उपस्थित रहे।

## चिल्ला में पीस कमेटी की बैठक संपन्न, नवरात्र को लेकर दिए गए निर्देश



**चिल्ला/बांदा।** थाना परिसर चिल्ला में रविवार को आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चिल्ला थाना प्रभारी संदीप तिवारी ने की। उनके साथ उप निरीक्षक राम दिनेश तिवारी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम अंकित वर्मा ने साफ निर्देश दिए कि मूर्ति स्थापना उसी स्थान पर की जाए जहाँ पूर्व वर्षों में की जाती रही है। यदि कोई नई जगह पर मूर्ति स्थापित करनी है तो उसके लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।सीओ राजवीर सिंह ने नवरात्रि कमेटी व ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे गांव व कस्बों में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। मूर्ति विसर्जन के संबंध में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मूर्ति का विसर्जन तालाब या गड्ढा खोदकर किया जाए। नदी या अन्य जलस्त्रोतों में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में चौकीदारों, पुलिसकर्मियों समेत क्षेत्र के ग्राम प्रधान व नवरात्र समितियों के पदाधिकारी एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा अमित निगम और मौजूदा मण्डल अध्यक्ष बीजेपी धर्मेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे। वही पत्रकार मु. यासिर, मो. हनीफ , मो. अनस, अनिल गोस्वामी, अनुपम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सुभासपा की बैठक सम्पन्न

**बबेरू/बांदा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पाटी द्वारा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे पार्टी द्वारा कारिणी का गठन किया गया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक शिशु ज्ञानस्थली पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जिला अध्यक्ष लल्लू सिंह खंगार की अध्यक्षता पर संपन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन पर बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संगठन मंत्री बुंदेलखंड एड. वरदानी सिंह खेगर पचनेही, बुंदेलखंड सूचना मंत्री नरेंद्र सिंह पनगरा, गया राम सविता हरदौली बुन्देलखण्ड बुंदेलखंड महा सचिव, राजा बाबू सिंह खेगर हरदौली बुंदेलखंड उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया और संगठन को मजबूती देने का आवाहन किया।

## सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा




बांदा, समृद्धि न्यूज़।

देशभर के लाखों शिक्षकों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले एक सितम्बर 2025 के उच्चतम न्यायालय के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप हेतु अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिला संरक्षक अमरपाल सिंह' ने बताया कि एबीआरएसएम के तत्वाधान में 15 सितम्बर को पूरे भारत में समस्त जिलों से एक साथ जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री को ज्ञापन भेजा गया है। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी हो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है।

इस निर्णय ने देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है। जिला महामंत्री विनोद कुमार शिवहरे ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से दो श्रेणियाँ मान्य की गई थीं जिसमें पहली वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की जिन्हें टीईटी से छूट दी गई थी एवं दूसरी वर्ष 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों की जिनके लिए एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था। माननीय उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है। इस निर्णय से देशभर में लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक गहन चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। जिला संगठन मंत्री संतोष कुमार मिश्र ने न्यायालय के इस निर्णय को केवल भविष्यलक्षी रूप से लागू किए जाने की मांग की उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आरटीई अधिसूचना 27 जुलाई 2011 को लागू होने से इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसका प्रभाव न पड़ना न्यायसंगत होगा।

जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह ने वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करने और लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने हेतु आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम शीघ्र उठाए जाने की माँग की। 'जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना भी है क्योंकि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन इस पवित्र शिक्षण कार्य को समर्पित किया है।

# यूपी का नया अवतार : जमीन पर रफ्तार, आकाश में विस्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकसित यूपी @2047 के विजन की ओर बढ़ते हुए परिवहन और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव का साक्षी बन रहा है। पिछले साढ़े आठ वर्षों में जिस तेजी से सड़क, एक्सप्रेसवे और एविएशन सेक्टर में प्रगति हुई है, उसने न केवल प्रदेश की रफ्तार बढ़ाई है बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश और विकास का नया केंद्र बना दिया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सड़क और एविएशन अवसंरचना विकास की रफ्तार बेहद धीमी थी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क लंबाई 2013-14 में 51,549 किलोमीटर से बढ़कर 2016-17 में मात्र 56,846 किलोमीटर हो सकी। हवाई कनेक्टिविटी भी सीमित थी और 17 वर्षों (1999 से 2016 तक) में विमान यात्रियों की संख्या में केवल 55 लाख की वृद्धि हुई थी। प्रदेश में उस समय मात्र तीन एक्सप्रेसवे और गिने-चुने हवाई अड्डे संचालित थे। 2017 से पहले 17 वर्षों में हवाई यात्रियों की संख्या में 55 लाख की वृद्धि हुई थी, जबकि पिछले आठ वर्षों में यह वृद्धि 82 लाख तक पहुंच गई। 2025 में विमान यात्रियों की संख्या 1.42 करोड़ तक अनुमानित है। इस तेजी ने यूपी को विमानन क्षेत्र में नई उड़ान दी है। प्रदेश में पूरब से पश्चिम की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव के बाद अब योगी सरकार 2030 तक उत्तर-दक्षिण कनेक्टिविटी का विशाल नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में काम कर रही है।

### प्रमुख निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे

उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क को और व्यापक बनाने के लिए कई नए प्रोजेक्ट शुरू हो गये हैं। इनमें गंगा एक्सप्रेसवे के साथ ही चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे, विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे (मुजफ्फरनगर के रास्ते) और चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रदेश का सड़क नेटवर्क न केवल आंतरिक रूप से और मजबूत होगा बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

**एक्सप्रेस-वे प्रदेश बना उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। 1949-50 में जहां कोई एक्सप्रेसवे नहीं था, वहीं 2016-17 तक यह संख्या केवल 3 तक पहुंच सकी थी। लेकिन 2025-26 तक यह बढ़कर 22 हो गई है, इसमें संचालित और निर्माणाधीन दोनों शामिल हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट न केवल आंतरिक कनेक्टिविटी बढ़ा रहे हैं, बल्कि लॉजिस्टिक हब के रूप में यूपी की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

**हवाई कनेक्टिविटी में आई क्रांति :** 1950 में जहां प्रदेश में एक भी हवाई अड्डा नहीं था, वहीं 2025 तक इनकी संख्या 16 (पांच निर्माणाधीन सहित) हो चुकी है। इसमें 12 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। विशेष रूप से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आने वाले समय में एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शुमार होगा और कार्गो तथा ट्रांजिट हब के रूप में उत्तर प्रदेश को नई पहचान देगा।

**राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार :** 2004-05 में उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 5,599 किलोमीटर था, जो 2023-24 तक बढ़कर 12,292 किलोमीटर हो गया। इस दोगुनी से अधिक वृद्धि ने राज्य के भीतर व्यापार, माल ढुलाई और औद्योगिक विकास को नई गति दी है। इससे न केवल रसद लागत कम हुई है, बल्कि यूपी उत्तर भारत में एक रणनीतिक ट्रांजिट हब बन गया है।

# यूपी राज्य पर्यटन विकास निगम चिड़ियाघर में लगा रहा है नए झूले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में प्रतिवर्ष लगभग 14-15 लाख दर्शक भ्रमण करने आते है, जिसमें लगभग 5-6 लाख बच्चे आते है।

बच्चों के लिये सन 2012 में प्राणि उद्यान के जीर्णोद्वार के समय उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा प्राणि उद्यान स्थित चिल्ड्रेन पार्क में बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु विभिन्न प्रकार के झूले लगाये गये थे। जो अब जर्जर अवस्था में हो गये थे। दर्शकों द्वारा काफी समय से झूले बदलने की मांग की जा रही थी। दर्शकों की मांग एवं बाल दर्शकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा चिल्ड्रेन पार्क में नये झूले लगाने हेतु प्रस्ताव तैयार किया और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग को प्रेषित करते हुए बच्चों के लिए नये झूले लगाने का अनुरोध किया। प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास करने के उपरान्त पर्यटन विभाग द्वारा इको पर्यटन विकास कार्य के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 द्वारा चिल्ड्रेन पार्क में बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित मनोरंजन हेतु नये, मजबूत, आकर्षक एवं आधुनिक झूले लगवाने जाने का कार्य प्रगति पर छल रहा है। प्राणि उद्यान का भ्रमण करने आने वाले बाल दर्शक झूले लगने पर स्वस्थ एवं सुरक्षित मनोरंजन कर सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### बीकेटी नगर पंचायत के 30 कर्मचारियों का वेतन अटका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब स्थित नगर पंचायत कार्यालय में आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे करीब 30 कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। इन कर्मचारियों की नियुक्ति आर्यन ग्रुप ऑफगार्ड सर्विसेज अलीगंज के माध्यम से की गई है। कर्मचारियों में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड सुपरवाइजर, लाइट स्टाफ नल स्टाफ, चौकीदार और चपरासी शामिल हैं। इन्हें जुलाई और अगस्त 2025 का वेतन नहीं मिला है। साथ ही जुलाई 2025 से पहले के कई महीनों का ईपीएफ भी जमा नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को परिवार के इलाज, बच्चों की स्कूल फीस और अन्य खर्चों को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी लखनऊ और बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे काम करना बंद कर देंगे। बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी इंद्र भान के अनुसार, कर्मचारियों के वेतन नहीं मिलने से कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने इस मामले में जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

### युवती ने सुसाइड किया, चल रहा था डिप्रेशन का इलाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा क्षेत्र में श्रीनाथनगर की एक युवती ने रविवार देर रात आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मनीषा शुक्ला (26) के रूप में हुई। उसने अपने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। परिजनों का कहना है कि मनीषा डिप्रेशन में रहती थी। उसका इलाज चल रहा था। परिजनों ने मनीषा को बॉडी फंदे से लटकी देखी तो तुरंत केजीएमयू अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मनीषा की मां तारा देवी शुक्ला और भाई अंकुर, अनुज शुक्ला का रो-रोकर बुरा हाल है। भाई अंकुर ने बताया कि दो दिन पहले ही मनीषा की शादी की बातचीत चल रही थी। परिवार को अंदाजा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठाएगी। परिजनों के अनुसार, मनीषा लंबे समय से डिप्रेशन का इलाज करा रही थी। रविवार रात दवा खाने के बाद वह अपने कमरे में गई। वहीं उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### विवाहिता की मौत, पति पर गला दबाकर हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** थाना बंथरा क्षेत्र के ग्राम भदोई में सोमवार को विवाहिता अंजू की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतका के पिता भोलाशंकर ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है। पिता के अनुसार, शादी के बाद से ही अंजू को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। तीन साल पहले मारपीट के बाद दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में परिवार की इज्जत और बच्चों के भविष्य को देखते हुए समझौता कर लिया गया, लेकिन सुलह के बाद भी पति का व्यवहार नहीं बदला। सास के साथ भी घरेलू कामकाज को लेकर अंजू का विवाद होता रहता था। सूचना मिलते ही बंथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। रस्सी, कमरे की स्थिति और शरीर पर मौजूद निशानों की जांच की गई है। पिता भोलाशंकर ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की अपील की है।

### मंदिर के दीये से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र में सोमवार को मंदिर के दीये से घर में आग लग गई। महिला पूजा करने के बाद टहलने चली गई थी। दीये की आग पर्दे में लग गई। जिसकी वजह से कमरे में रखा पूरा सामान जल गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी मनोज वर्मा के मकान में दूसरी मंजिल पर गीता श्रीवास्तव दो बेटों के साथ किराए पर रहती हैं। सोमवार सुबह करीब 8 बजे गीता के कमरे से धुआं निकलने लगा। धुआं देखकर आसपास के लोग पहुंचे लेकिन घर बंद मिला। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर से लपटें निकलने लगीं। तभी किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

### शिक्षकों को डीआईओएस ने उपलब्ध कराए फार्म 16

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में आईटी चौराहे पर स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों को डीआईओएस लखनऊ ने नि:शुल्क फॉर्म 16 उपलब्ध करा दिए हैं। आप शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को फॉर्म 16 न मिलने पर शिक्षण कार्य का बहिष्कार किया और डीआईओएस के खिलाफजमकर नारेबाजी की गई थी। महेंद्र सिंह ने शिक्षकों से अपील की है कि शिक्षकों से संबंधित कोई प्रकरण जिला विद्यालय निरीक्षक में लंबित हो उसको अवगत कराएं किसी भी शिक्षक को डरने की और घूस देने की जरूरत नहीं है।

### पंचायती राज विभाग और आईआईएम के बीच एमओयू साइन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग और भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ के बीच आज एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को प्रशासनिक एवं वित्तीय रूप से और अधिक सक्षम बनाना है। उन्हें आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अलग-अलग बैचों में 5 दिवसीय होगा। कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह तथा लखनऊ की ओर से प्रो. मधुमिता चक्रवर्ती चेयरपर्सन, मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम उपस्थित रहीं।

युवाओं के कंधों पर है 2047 तक विकसित यूपी बनाने की जिम्मेदारी : केशव

# शिक्षा, विकास व नवाचार से विकसित बनेगा यूपी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का मुख्य लक्ष्य उत्तर प्रदेश को विकसित भारत का अग्रदूत बनाना और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक विकास की धारा के साथ जोड़ना है।

विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, कौशल, विकास और नवाचार को बढ़ावा दिया जाना बहुत जरूरी है,जिससे प्रदेश में एक मजबूत और सक्षम जनशक्ति तैयार हो सके। इसमें स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को केंद्र में रखा गया है, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इसमें निवेश और आर्थिक अवसरों का विस्तार भी शामिल है। 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। किसानों को कृषि विविधीकरण पर जोर देना होगा और पैदावार बढ़ाने के लिए सही फसल व उत्तम बीजों को चयन करना होगा। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुये वैज्ञानिक नई प्रजातियों को विकसित करने पर कार्य कर रहे हैं। युवाओं को फूड प्रोसेसिंग उद्यम लगाना चाहिए इसमे सरकार बहुत सहूलियत दे रही है।कृषि में उद्योग को बढ़ाकर रोजगार को सृजित करने पर कार्य करना होगा। कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी और उभरती तकनीक, पर्यटन, नगर और ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सुरक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों पर सुझाव मांगे जा रहे हैं।

### भारतीय इंजीनियरों का देश और दुनिया के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान : स्वतंत्र देव

**लखनऊ।** यूपी इंजीनियर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में भारत के महान् इंजीनियर भारतरत्न इं मोक्षगुण्ड्म विश्वेश्वरैया के 165वें जन्म दिवस पर ''विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह'' लोक निर्माण परिसर में ''अभियंता दिवस समारोह'' का आयोजन किया गया।
अभियंता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं अतिविशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री लोक निर्माण बृजेश सिंह ने विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह के अन्दर 3 डीप्रिन्टेट तकनीक से निर्मित फाईबर ग्लास की इं. एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा बस्ट का अनावरण किया।एसोसिएशन की पत्रिका न्यूजलेटर के विश्वेश्वरैया विशेषांक, लोक निर्माण विभाग की पत्रिका ''प्रज्ञता'', एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इं पीराम द्वारा लिखित पत्रिका ''बाढ़ गीता'' एवं गण्डक संगठन द्वारा लिखित रोहिन बैराज से सम्बन्धित ''कॉफी टेबल बुक'' का विमोचन मुख्य अतिथि व अतिविशिष्ट अतिथि ने किया। अभियंता दिवस पर प्रदेश के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंताओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लि में स्थापित इं मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया की प्रतिमा बस्ट का भी अनावरण किया।

### लखनऊ में गूंजेगी निकाय कर्मचारियों की आवाज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ आने वाले 9 अक्टूबर को नगर निगम कर्मचारियों की ऐतिहासिक महारैली का गवाह बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर आयोजित इस महारैली को लेकर अवध क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष रामकुमार रावत के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष विजय यादव, महामंत्री जितेंद्र सिद्धार्थ, कार्यकारिणी सदस्य धीरज चौधरी, नंदलाल, दयाराम, जगदीश, लल्लन, धर्मेंद्र, पुत्तीलाल समेत बड़ी संख्या में फील्ड कर्मचारी रविवार को महुआ पार्क एवं विश्वास पार्क, इंदिरा नगर में जुटे। यहां पदाधिकारियों ने आगामी महारैली की रूपरेखा कर्मचारियों को बताई और आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# राजधानी में मौसम ने ली करवट कई इलाकों में हुई रिमझिम बरसात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में करीब एक सप्ताह बाद मौसम बदल गया है। सोमवार सुबह से गोमतीनगर, जानकीपुरम सहित कई इलाकों में रिमझिम बारिश हो रही है।

धीमी हवा चल रही है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रहने की संभावना है। 2 दिन बाद बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री रहा। दिनभर उमसभरी गर्मी पड़ती रही। इसके कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। पश्चिमी राजस्थान से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू होने के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह अच्छी बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र के मध्य भारत की ओर बढ़ने और मानसून द्रोणी के निष्प्रभावी होने के कारण बंगाल की खाड़ी से नमी तराई, पूर्वांचल और मध्यांचल तक पहुंचेगी। इससे इन क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। खास तौर पर 17-18 सितंबर को राजधानी लखनऊ में भी मध्यम से तेज बारिश की संभावना है।

### अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कटी बिजली

**लखनऊ ।** लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तभी बिजली कट गई। बिजली तब कटी,जब समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अखिलेश यादव का स्वागत कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने मोबाइल की लाइट जलाई, जिसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। बताया गया कि अखिलेश यादव के प्रेस कॉन्फ्रेंस में करीब तीन मिनट तक बिजली कटी रही है। सोमवार को विश्वकर्मा जयंती पर अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा कि हम विश्वकर्मा जी को याद कर रहे हैं। नेताजी ने विश्वकर्मा जयंती पर अवकाश घोषित किया था। हम विश्वकर्मा समाज का उनका सम्मान वापस दिलाएंगे

# ट्रेन के कोच से 192 बोतल अवैध शराब बरामद

▸ गोमतीनगर स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ की चेकिंग में खुलासा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त चेकिंग के दौरान एक ट्रेन के कोच से 192 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। ये शराब एक लाल रंग के सूटकेस में सीट के नीचे छिपाकर रखी गई थी। दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो शराब की तस्करी कर बिहार ले जा रहे थे।

यह घटना गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर घटी, जहां बरौनी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15204) आकर रुकी थी। जांच अभियान के तहत जीआरपी और आरपीएफके जवान कोच संख्या डी-2 में पहुंचे। वहां एक सीट के नीचे लाल रंग का सूटकेस पड़ा मिला, जो संदिग्ध लग रहा था। जब जवानों ने सूटकेस के बारे में पूछा, तो शिवम जायसवाल और अवधेश वर्मा नाम के दो युवकों ने कहा कि सूटकेस उनका है। उन्होंने बताया कि इसमें श्खुशबू वाला तेलश् रखा है। जब सुरक्षाकर्मियों ने सूटकेस खोलने को कहा तो दोनों युवक पहले टालमटोल करने लगे। बोले कि लॉक का पासवर्ड भूल गए हैं। संदेह बढ़ने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और आखिरकार सूटकेस खुलवाया।

# नानपारा-नेपालगंज रोड रेललाइन संचालन के लिए तैयार

▸ रेल संरक्षा आयुक्त से हरी झंडी मिलते ही ट्रेन का संचालन हो जायेगा शुरू

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पूर्वोत्तार रेलवे लखनऊ मण्डल अंतर्गत नानपारा-नेपलागंज रोड रेल लाइन बिछाने के साथ रेल विद्युतीकरण परियोजना का भी कार्य पूर्ण हो गया है। रेल संरक्षा आयुक्त की ट्रायल एनओसी मिलते ही ट्रेनों का संचालन शुरू हो जायेगा।

रेल विद्युतीकरण कार्य के अंतर्गत रेल कर्मचारियों को 25000 वोल्ट लाइन में कार्य करने के दौरान ली जानी वाली सुरक्षा और संरक्षा सावधानियों हेतु नानपारा रेलवे स्टेशन पर स्थित इस रेलखण्ड में पड़ने वाले सभी समपार फाटकों पर सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे अयोध्या प्रसाद कौलिक/सी.से.इंजी/टीआरडी/बहराइच व जगन्नाथ मिश्रा/मुख्य तकनीकी सलाहकार/निर्माण (लखनऊ जं) द्वारा रेल कमर्चारियों को रेलवे ट्रैक के ऊपर स्तिथ 25000 वोल्ट विद्युत तारो से रेल कार्य के दौरान पर्याप्त दूरी एवं सुरक्षा/संरक्षा सम्बन्धी नियमो को विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर मनीष मिश्रा वरिष्ठ खण्ड अभियंता/टीआरडी व सेक्शन प्रभारी नानपारा-नेपलागंज परियोजना, हरेकृष्ण मिश्रा स्टेशन अधीक्षक /नानपारा, मनीष श्रीवास्तव, के के वर्मा और शेखर वर्मा सुपरवाइजर निर्माण संगठन समेत सभी विभागों के रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। आम जनमानस से अपील है कि कल प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर/गोरखपुर व 18 एवं 19. सितंबर को रेल संरक्षा आयुक्त निरीक्षण प्रस्तावित है। इस दौरान डीजल/इलेक्ट्रिक इंजनों व सीआरएस की विशेष रेल गाड़ी से स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

### दो अक्टूबर तक छात्रवृत्ति वितरण कार्रवाई पूर्ण करने का लक्ष्य

**लखनऊ ।** आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों तक छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए समाज कल्याण विभाग लगातार प्रयासरत है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर छात्रवृत्ति योजनाओं में बदलाव व सुधार के लिए मंडलीय कार्यशालाओं की श्रृंखला की जा रही है। मुरादाबाद मंडल मुख्यालय स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में कार्यशाला संपन्न हुई। पोर्टल में संशोधन और हितधारकों की समस्याओं का समाधान कार्यशाला में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल में किए गए संशोधनों, समय सारिणी और नई व्यवस्थाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# कांग्रेस को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का जरा भी ख्याल नहीं : भूपेंद्र चौधरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी का स्वरूप ले चुकी है क्योंकि उसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कुछ भी ख्याल नहीं है।

चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने का या किसी बात का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से हताश और निराश कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर अमर्यादित आचरण और अशिष्टता की सारी हद पार करने के काम कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के चित्र के साथ कांग्रेसियों ने आचरण किया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस से मर्यादित आचरण की अपेक्षा करना बेकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता के मंच से माननीय प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी जी के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। वास्तव में कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी बन चुकी है।

# वक्फ संपत्तियों का संरक्षण व उनका सुव्यवस्थित विकास सरकार की प्राथमिकताओं में : राजभर

▸ पंचायती राज मंत्री ने की वक्फ विकास निगम की समीक्षा, प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम, परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, वक्फ संपत्तियों की आय वृद्धि एवं विकास हेतु नई कार्ययोजना बनाने का फरमान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सचिवालय स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम लिमिटेड की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में निगम की स्थापना से लेकर गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का संरक्षण एवं उनका सुव्यवस्थित विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए निगम की भूमिका को और सशक्त तथा प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है। निगम द्वारा वर्षों से संचालित की गई वक्फ परियोजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए उनकी आय बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियाँ अपनाने का निर्देश दिया।बैठक में निगम की अंशपूंजी से संबंधित ब्योरा भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए और स्पष्ट निर्देश दिए कि निगम को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर वक्फ संपत्तियों का अधिकाधिक जनोपयोगी लाभ लेना चाहिए, ताकि उनकी उपयोगिता आमजन तक सुगमता से पहुँच सके। वक्फ संपत्तियों का सही ढंग से उपयोग केवल निगम की आर्थिक मजबूती ही नहीं बल्कि प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक होगा।उन्होंने निगम के संगठनात्मक ढाँचे की गहन समीक्षा करते हुए उपलब्ध जनशक्ति और रिक्त पदों की स्थिति पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस पर बल दिया कि निगम की कार्यक्षमता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए जनशक्ति की पूर्ति की जाए, जिससे विकास कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से संपादित किया जा सके।

**कार्रवाई** | जोन-2 में तालकटोरा रोड पर गंदगी, अतिक्रमण और प्रतिबंधित प्लास्टिक पर चलाया गया अभियान

# नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण, 20 हजार लगाया जुर्माना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने अभियान चलाया। सड़क पर लग रहे जाम की समस्या से परेशान लोग नगर निगम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

जोन-2 में तालकटोरा रोड पर गंदगी, अतिक्रमण और प्रतिबंधित प्लास्टिक पर अभियान चलाया गया। इस दौरान गंदगी व अतिक्रमण के 6 चालान काटकर 10,000 रुपए और प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग पर 7 चालान काटकर 9,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। आलमबाग मेट्रो स्टेशन से टेढ़ी पुलिया व आनंद नगर होते हुए होमगार्ड मुख्यालय चौराहे तक कार्रवाई की गई। यहां अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अस्थायी अतिक्रमण जैसे ठेला, ठेलिया,खुमचा, गुमटी और काउंटर को हटवाया गया। अभियान के दौरान 6 काउंटर, 04 गुमटी और 08 ठेले हटाए गए। जोन-6 में मल्लाही टोला प्रथम व शीतला देवी क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। तहसीनगंज चौराहे से बालागंज चौराहे तक चलाए गए अभियान में 20 ठेले, 6 गुमटी और 15 अस्थायी दुकानें हटाई गईं। इसके अलावा 2 लोहे की बेंच, 6 तराजू, 2 प्लास्टिक स्टूल, 4 लाइट स्टैंड और 5 टायर आदि सामान जब्त किया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों से 1,200 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

### किसानों ने नगम निगम में जलाया चूल्हा

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर किसानों के प्रदर्शन रुक नहीं रहे हैं। मुख्यालय परिसर में चूल्हा जलाने और खाना बनाने के बाद सोमवार को दोपहर बाद करीब 200 किसान फिर पहुंच गए। इस बार उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। किसानों ने नगर निगम के बाहर ही पॉलिथीन डालकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने नगर निगम के बाहर दोबारा चूल्हा जला दिया। कुछ ही देर में विधानसभा की ओर कूच कर दिया। किसान ने कहा नगर निगम के अधिकारी छोटे किसानों के पशुओं को अवैध तरीके से जब्त करते हैं। पैसा देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत नहीं पड़ती। 40, 60, 70, 100 भैंसें अवैध रूप से पाली जा रही हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

# लाखों की नकदी-जेवरात लेकर चोर फरार

**ग्रामीणों का आरोप - पुलिस गश्त के नाम पर करती है खानापूर्ति**





समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र की पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा मोनसपुरवा में रविवार देर रात चोरों ने पुलिस गश्त की पोल खोल दी। शातिर चोरों ने शिराज सिंह पुत्र शिवराज सिंह के घर को निशाना बनाते हुए नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों का माल साफ कर दिया।

बताया जाता है कि रात करीब तीन बजे अचानक बारिश शुरू होने पर पूरा परिवार छत से नीचे कमरे में आकर गहरी नींद में सो गया। इसी दौरान चोर चारदीवारी फांदकर भीतर घुसे और अलमारी व बक्सों को खंगालकर लाखों की संपत्ति समेट ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और नकदी-जेवरात गायब थे। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही हैं लेकिन पुलिस गश्त के नाम पर खानापूर्ति करती है। चोर बेखौफ हैं और आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।इसी बीच चौकी इंचार्ज ने घटना पर हैरान करने वाला बयान देते हुए कहा कि चोरी होने की कोई तहरीर पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है।

## खिड़की तोड़ घर में घुसे चोर, नकदी व लाखों के जेवर उड़ाए



नैनीहा गांव में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना मोतीपुर क्षेत्र के खड़िया गांव के मजरा नैनीहा में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने नकद रुपये सहित लाखों के जेवरात उड़ा लिये। दरअसल यह चोरी की घटना उस उक्त हुआ जब रात से इस क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो रही है उसी वक्त गांव निवासी नागेश्वर मौर्य के घर में 2 बजे की रात में हुई है। उन्होंने बताया की रात पूरे परिवार के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोया हुआ था इसी दौरान घर की खिड़की के पीछे से अज्ञात चोर खिड़की तोड़कर घर में घुस गए। हालांकि इसकी जानकारी घर के किसी भी सदस्य को नहीं हुई। इस दौरान अज्ञात चोरो ने घर में रखे बक्से को तोड़कर 43 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात को चोरी कर आसानी से फरार हो गये। उन्होंने बताया कि मंगलसूत्र, नथुनी, मंगटिका, चांदी के आभूषण चोरी कर लिया गया, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 2.5 लाख रुपये बताया गया है। जब सोमवार की सुबह परिजनों की नींद खुली तो सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। जब अन्य कमरों की तलाशी ली तो एक कमरे की खिड़की टूटी दिखाई दी। इसके बाद शोरगुल मचाकर घटना की सूचना अन्य लोगों को दी। हालांकि घर से कुछ ही दूरी पर बक्सा फेंका हुआ था। चोरों ने चोरी कर कीमती सामान को बक्से से निकालकर अन्य सामानों को उसी जगह पर छोड़ दिया। परिजनों ने चोरी की सूचना मोतीपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर मोतीपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि खड़िया नैनीहा गांव में चोरी की सूचना पर जांच पड़ताल किया गया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई को जा रही है।

# इण्डियन सबकान्टिनेंट रिस्पान्सिबल टूरिज्म अवार्ड्स से सम्मानित हुआ कारीकोट

**नई दिल्ली में सीडीओ ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी हुए सम्मानित**






समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में देश की राजधानी नई दिल्ली में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, ग्राम विकास अधिकारी सुशील सिंह एवं ग्राम प्रधान पार्वती देवी को पर्यटन विभाग द्वारा मंत्री सत्यपाल महराज के हांथों से विकास खण्ड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत कारीकोट को प्रतिष्ठित 2025 आईसीआरटी इन्टरनेशनल सेन्टर फार रिस्पान्सिबल टूरिज्म के अंतर्गत इण्डियन सबकान्टिनेंट रिस्पान्सिबल टूरिज्म अवार्ड्स में ''पीस अंडरस्टैंडिंग एण्ड इन्क्लूसिविटी'' (शांति समझ और समावेशिता) श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया जो देश के साथ उत्तर प्रदेश व जनपद बहराइच के लिय गौरव की बात हैं।

यह सम्मान इस बात का भी प्रमाण है कि जब समुदाय नेतृत्व करता है और पर्यटन साधन बनता है, तब गाँव न केवल बदलते हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान भी हासिल करते हैं। ग्राम पंचायत कारीकोट, जो नेपाल सीमा और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के समीप स्थित है, ने सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से पर्यटन को शांति, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विविधता और पर्यावरणीय संतुलन का साधन बनाया है। इससे ग्राम पंचायत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने के साथ ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जो हमारे लिय गौरव का विषय हैं। यहाँ थारू समुदाय, हिन्दू, सिख और मुस्लिम परिवार मिलकर ग्रामीण पर्यटन को समावेशी और सतत रूप दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण पर्यटन को प्रदेश की नई पहचान बनाया जाए। सरकार का मानना है कि गाँव केवल कृषि और परंपराओं के केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक समरसता के जीवंत प्रतीक हैं। इसी सोच के साथ चरणबद्ध तरीके से चलाए जा रहे ग्रामीण पर्यटन अभियान के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गाँवों को आकर्षण के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ पर्यटक न केवल प्रकृति और परंपराओं से जुड़ सकें बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं को भी रोजगार और आजीविका के अवसर प्राप्त हों।

## खबरें एक नजर में

### जर्जर मकान गिरने के प्रकरण में पुलिस नेदो को भेजा जेल

**झंझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक विवेक द्विवेदी ने बताया कि सिन्धू शर्मा पत्नी स्व. राम प्रकाश शर्मा निवासी पाण्डेय पुरवा, बैदौरा बाजार, थाना खरगूपुर ने लिखित तहरीर दी कि उसके पति राम प्रकाश को ठेकेदार सफीक पुत्र जुम्मन निवासी कटहरिया मोहल्ला इमाम बाडा हाजी वसीम पुत्र स्व. मो. खलील निवासी मेवतियान ने मकान मालिक जलील पुत्र वसीम के पुराने जर्जर मकान (मेवतियान, राजेन्द्र नगर, नौसहरा) को बिना किसी शासकीय अनुमति व सुरक्षा मानकों का पालन किए गिराने के लिए मजदूरी पर रविवार को समय लगभग 11:30 बजे मकान गिरने से राम प्रकाश की दबकर मृत्यु हो गई तथा तीन मजदूर घायल हुए है। जिसमें ठेकेदार व मकान मालिक द्वारा सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर के ठेकेदार सफीक और वसीम को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया।

### खून और पानी दोनों एक साथ नहीं रह सकते फिर मैच क्यों ?



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मोदी जी ने खुद कहा था पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते, तो फिर पाकिस्तान से क्रिकेट कैसे स्वीकार है? हम छात्रों ने जब बीसीसीआई के फैसले का विरोध किया, पुतला फूंका, तो हम पर मुकदमा कर दिया गया। क्या अब राष्ट्रभक्ति भी सरकार की अनुमति से तय होगी? राष्ट्रवाद के नाम पर सत्ता मिल सकती है, लेकिन सवालों से भागना लोकतंत्र नहीं होता। हम पूछेंगे, हम विरोध करेंगे और जब तक जवानों का खून बह रहा है, पाकिस्तान से कोई खेल नही होनी चाहिए। अगर सरकार बीसीसीआई के पाकिस्तान से मैच खेलने को मोदी सरकार जायज़ ठहराती है, तो फिर छात्रों के विरोध को 'अपराध' क्यों कहा जा रहा है? असल में, ये सरकार राष्ट्रवाद के नाम पर सिर्फ सत्ता की राजनीति कर रही है और जब छात्र उसके सामने सवाल रखते हैं, तो वो मुकदमे और दमन के रास्ते पर उतर आती है
मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के ऑफिस का टूटा ताला

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला, जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** तेंदुए ने 26 वर्षीय युवक को मार डाला। युवक रविवार रात शौच के लिए घर से खेत में गया था। तभी झाड़ियों में छिपे बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ युवक को जबड़े में खींचकर ले गया।

करीब एक घंटे के बाद युवक का शहर घर से 200 मीटर की दूरी पर क्षत विक्षत हालत में मिला। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की गांव में पहुंची है। तेंदुए की धरपकड़ करने के लिए विभाग की ओर से ट्रैप कैमरे लगा दिए गए हैं। तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने के लिए रेंजर अपनी टीम के साथ गांव में पहुंचे हुए हैं। घटना जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर मिहिरपुरवा तहसील के मुर्तिहा थाना क्षेत्र की है। कतरनिया वन क्षेत्र के मुर्तिहा थानांतर्गत हरखापुर ग्राम तिरमुहानी मजरा निवासी इंदल (26) रविवार रात 8 बजे शौच के लिए घर से निकला था। घर से कुछ ही दूर पर झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक तेंदुआ इंदर को जबड़े में भरकर जंगल की ओर ले जा चुका था। ग्रामीणों ने एकजुट होकर लाठी-डंडे लेकर खोजबीन शुरू की। रात करीब 9 बजे घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर इंदल का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इंदल की छाती पर तेंदुए के पंजे के गहरे निशान थे। गर्दन की हड्?डी टूटी हुई थी। कंधे पर भी गहरे घाव थे। ग्रामीणों ने रात में वन विभाग को फोन किया, पर कोई भी कर्मचारी-अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सुबह तड़के 3 बजे रेंजर दीपक मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की ओर से मृतक के परिवार को तत्काल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। इसके बाद वन विभाग ने तेंदुए की धरपकड़ के लिए अभियान शुरू किया।

## थर्मल ड्रोन के जरिए भेड़ियों की खोज शुरु

**बहराइच,समृद्धि न्यूज ।** फखरपुर और कैसरगंज इलाके में एक जंगली जानवर ने दहशत फैला रखी है। पिछले एक सप्ताह से जारी इन हमलों में दो मासूम बच्चों की जान जा चुकी है। इसके अलावा दो महिलाएं और दो पुरुष घायल हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह हमले भेड़िए के हैं। हालांकि वन विभाग इसे किसी अज्ञात जंगली जानवर का हमला बता रहा है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। वे अपने परिवार की सुरक्षा के लिए रात-रात भर लाठी लेकर पहरा दे रहे हैं। वन विभाग की टीम थर्मल ड्रोन कैमरे की मदद से जंगली जानवर की तलाश कर रही है। देवीपाटन मंडल के वन संरक्षक डॉक्टर सम्मारन ने रात में टीम के साथ क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने पगमार्क के आधार पर जानवर की पहचान करने और तेजी से तलाश करने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग की टीम जंगली जानवर को पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। स्थानीय निवासी इस खतरनाक जानवर की गिरफ्तारी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनके इलाके में फैली दहशत खत्म हो सके।



एक सप्ताह में 6 लोगों पर हमले, 2 बच्चों की मौत, 4 गंभीर घायल

# सीसी रोड गुणवत्ताविहीन, लगा गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

समृद्धि न्यूज़



**मिहींपुरवा, बहराइच।** जनपद के विकासखंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा सिरसियनपुरवा में नगेश्वर के घर से बिहार के घर तक बनाई गई सीसी रोड की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस निर्माण कार्य में मानकों की खुली धज्जियां उड़ाई गई हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, सीसी रोड के निर्माण में अत्यधिक मात्रा में बालू का प्रयोग किया गया है, जबकि तकनीकी मानकों के अनुसार इस स्तर का निर्माण बालू रहित होना चाहिए था। घटिया सामग्री और लापरवाही से किए गए इस कार्य के कारण सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर गंभीर शंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इस तरह का निर्माण कार्य कुछ ही दिनों में टूट-फूट का शिकार हो जाएगा और सरकारी धनराशि पानी की तरह बह जाएगी। लोगों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों तथा ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो गांव को टिकाऊ सड़क का सपना देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

# पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का गोंडा से है गहरा नाता

नरेंद्र लाल गुप्ता



**गोंडा।** आप लोग आश्चर्यचकित हो रहे होंगे आखिर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का गोंडा से गहरा नाता कैसे हैं तो विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी कुछ इस प्रकार है कि जब इनके पिताजी राधेश्याम जयसवाल की तैनाती गोंडा में डिप्टी जेलर के पद पर थी इस समय आज के पुलिस अधीक्षक का जन्म गोंडा में ही हुआ था तत्पश्चात इनके पिताजी का तबादला दूसरे शहर में जेलर के पद पर हो गया था। उसी शहर में इनकी पढ़ाई लिखाई पूरी हुई और एक समय ऐसा आया की पुलिस अधीक्षक के पद पर विनीत जायसवाल की तैनाती गोंडा में 16 दिसंबर सन 2023 को हुई आज गोंडा शहर में इनको कार्यभार संभाले लगभग 21 माह पूरे हो चुके हैं इसीलिए यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी इनका गोंडा जिले से गहरा लगाव क्यों है जन्म स्थान है इसलिए कहीं ना कहीं उस माटी से व्यक्ति का लगाव हो जाता है जहां उसका जन्म होता है यह बात अलग है कि उनके सरल स्वभाव के कारण थाना कोतवाली और चौकियों पर सभी लोगों पर इनकी दहशत कम होने के कारण जिले में अपराध बढ़ा है कम नहीं हो पाया आज स्थिति यह है गांव हो या शहर लोग रात-रात भर जागते रहो की पहरेदारी करते हैं इसके बावजूद प्राय सुनने में यह आता है की फला गांव में बदमाशों ने अमुक व्यक्ति के घर चोरी कर लिया। विरोध करने पर गृह स्वामी को पीटा भी। क्योंकि दिक्कत तो जनपद के निवासियों को है और जब तक कोई बड़ी घटना ना घटित हो तब तक यह कहना भी मुश्किल है कि बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस प्रशासन पस्त है इसलिए जनहित में हम पुलिस अधीक्षक की ही बात को सही मान रहे हैं क्योंकि जब कोई बड़ी घटना होगी तभी पुलिस प्रशासन हरकत में आएगा।

## सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने की ग्राम प्रधान ने डीएम से की शिकायत

**गोण्डा।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत वि कास खण्ड रूपईडीह में लैबुड़वा ग्राम पंचायत के प्रधान ने कमिश्नर और डीएम से शिकायत की है।यहां पर ग्राम समाज की जमीन पर पंचा यत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण हो ना है।इसके लिए भूमि भी उपलब्ध है और उक्त सरकारी जमीन पंचायत भवन और आंगनबाड़ी के नाम कागजों में दर्ज है, जिस पर प्रधान ने ब ताया कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग गांव में सरकारी जमीनों पर लोगों ने कब्जा कर रखा है।

लेकिन उक्त जमीन पर गाँव के ही चन्द्र कुमार हितेश, धीरेंद्र कुमार ने जमीन पर कब्जा कर रखा है, उक्त कब्जे को हटवाने के लिए गाँव के प्रधान ने जिलाधिकारी को 18 अप्रैल को एक प्रार्थना पत्र दिया था,जिस पर अतिक्रमण हटाने के लिए नायब तहसीलदार बिरवा के नेतृ त्व में 01 जून 2025 को एक टीम गठित की गई थी टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो दबंगों ने विपक्षीगढ़ से मारपीट करने लगे और सरका री अभिलेख छीन लिया।

## जिला चिकित्सालय परिसर में जलभराव की स्थिति का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जनपद के जिला चिकित्सालय बाबू ईश्वर शरण मेडिकल कॉलेज परिसर में बारिश की वजह से हुए जल भराव की स्थिति का निरीक्षण जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा, सीएमएस जिला अस्पताल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा एवं लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण भारी जल भराव हो गया है, जिससे मरीजों, तीमारदारों एवं चिकित्सकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा एवं एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था हेतु एक त्वरित परियोजना तैयार की जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्था में जल निकासी की समस्या किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देश दिया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक अस्थायी रूप से पंपिंग सेट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की सहायता से जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# गुंडे-माफिया सुधर जाएं वरना जाएंगे जेल : चौकी प्रभारी

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** क्षेत्र में बढ़ती चोरी-चकारी और रात्री आतंक के बीच पिपरा बाजार चौकीप्रभारी शशांक मौर्य ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है गुंडे-माफिया सुधर जाएँ वरना उनका ठिकाना जेल ही होगा। गाँव और शहर के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों चोरों की घटनाओं के कारण जनजीवन प्रभावित है, लेकिन स्थानीय पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है और जनता से सहयोग की अपील की है।

स्थानीय ग्रामीणों ने शिकायत की कि फरेंदा शुक्ल, परसा, मनोहरपुर, पिपरा चौबे, मंगलनगर समेत कई अन्य गांवों में रात के समय चोरी और संदिग्ध गतिविधियों से भारी त्रासदी बनी हुई थी। लोग रात भर लठ्ठ, डंडा लेकर और चौकसी करते हुए अपने गांवों की रखवाली कर रहे हैं। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने कड़ी नींद ना आने और बेचैनी की बात भी कही पुलिस ने कहा है कि चौकीप्रभारी शशांक मौर्य के नेतृत्व में रात-दिन लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ा दी गई है। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से मिलकर चौपालें लगाईं और स्थानीय स्तर पर सूचना साझा करने की व्यवस्था को सक्रिय किया गया है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई हो सके। पुलिस का मानना है कि जमीन पर सक्रिय निगरानी व ग्रामीणों के सहयोग से चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग सकती है। एक ग्रामीण ने बताया, ÷जब से नवागत चौकीप्रभारी आये हैं, काम करने का अंदाज अलग दिख रहा है। अब चोरों और गुंडों के लिए गाँव सुरक्षित नहीं रहेगा। वहीं अन्य लोगों ने भी कहा कि वे पुलिस को हर संभव सूचना और सहयोग देंगे ताकि अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके। चौकीप्रभारी शशांक मौर्य ने स्पष्ट कहा हमारी नज़र चोरों पर लगातार बनी रहेगी। जो भी संदिग्ध गतिविधि दिखे, लोग तत्काल पुलिस को सूचित करें। हम गांव-गांव जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयास से ही अपराध रोकना संभव है। स्थानीय प्रशासन ने भी समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं रात्री पेट्रोलिंग, सामुदायिक चौकियाँ और मोबाइल नंबरों के माध्यम से रिपोर्टिंग को प्रभावी बनाया जा रहा है। ग्रामीणों से कहा गया है कि वे रात में अनावश्यक सड़कों पर भटकने से बचें और शंका होने पर किसी भी समय चौकी से संपर्क करें। अंत में क्षेत्रवासी और पुलिस दोनों ने यह संदेश एक साथ दिया कि अब गुंडे-माफिया के लिए क्षेत्र में कोई गुंजाइश नहीं रहेगी यदि वे सुधर गए तो समाज के लिए अच्छा है, वरना नियमों के अनुसार उन्हें कड़ी सजा मिलेगी।

# वन टांगिया समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल : डीएम

**डीएम ने वन टांगिया ग्राम महेशपुर व रामगढ़ का किया निरीक्षण, वनटांगिया परिवारों की सुनीं समस्याएं**



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा ।** जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन ने आज विकासखण्ड नवाबगंज के अंतर्गत आने वाले वन टांगिया ग्राम महेशपुर एवं रामगढ़ का भ्रमण कर वन टांगिया परिवारों की समस्याओं को मौके पर जाकर सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं, समस्याओं एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वन टांगिया परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला कल्याण, प्रोबेशन, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, अल्पसंख्यक, एनआरएलएम, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 17 सितम्बर, 2025 को वन टांगिया ग्रामों में विशेष शिविर (कैंप) आयोजित कर प्रत्येक परिवार को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इन विशेष शिविरों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि एवं बागवानी योजनाएं, स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं एवं प्रशिक्षण आदि का लाभ वन टांगिया परिवारों को प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिविर के आयोजन से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वन टांगिया क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करें एवं समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराएं।

**जागरुकता** | 17 से चलेगा 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान', मातृत्व और महिला स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष जोर

# महिलाएं स्वस्थ होंगी तो पीढ़ियां होंगी सुरक्षित : सीएमओ

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' चलाया जाएगा। सरकार का मानना है कि जब महिलाएँ स्वस्थ होंगी तो आने वाली पीढ़ियाँ भी सुरक्षित और सशक्त होंगी और परिवार में समृद्धि आएगी। इसी उद्देश्य से जिले के 411 स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष जांच, परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एक दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएँ भी उपलब्ध होंगी। अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चित्तौरा में सांसद आनंद गोंड करेंगे।

वहीं जिले के अन्य सीएचसी पीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधि के माध्यम से किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ जुड़ा हुआ है और इसके अंतर्गत एक ही छत के नीचे 12 प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

डीसीपीएम मो राशिद ने बताया अभियान के तहत गाँव, ब्लॉक और जिला स्तर पर रैलियाँ, स्कूल कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन की गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इसके साथ ही टीबी मुक्त भारत जन आंदोलन को भी शामिल किया गया है, जिसमें निक्षय मित्र नामांकन का विस्तार किया जाएगा और सामुदायिक स्तर पर लोगों को टीबी रोगियों की मदद और पोषण समर्थन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### मातृत्व और महिला स्वास्थ्य पर विशेष जोर

सीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान आयोजित शिविरों में गर्भावस्था देखभाल, टीकाकरण उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियों की जांच-उपचार, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच,किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टीबी की जांच, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल रोग की जांच, एससीडी कार्ड वितरण एवं परामर्श की सेवाएँ दी जायेंगी। इसके आलावा पोषण सुधार और मासिक धर्म स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, आयुष चिकित्सा सेवाएँ और रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक दिन स्त्री रोग, नेत्र, ईएनटी, त्वचा, मानसिक स्वास्थ्य और दंत रोग विशेषज्ञ सेवाएँ उपलब्ध होंगी। इसके लिए रोस्टर तैयार किया गया है और जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के चिकित्सकों व निजी अस्पतालों का सहयोग लिया जाएगा। सभी गतिविधियों की रिपोर्ट प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर भारत सरकार को भेजी जाएगी।

### छात्रों ने जांच को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र शिवम ने प्राचार्या स्मिता फिलिप्स पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शुक्रवार की देर शाम छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था ।इस घटना के बाद सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अस्पताल के सामने और जिलाधिकारी आवास पर प्रदर्शन किया। छात्रों ने लगभग नौ घंटे तक प्रदर्शन करते हुए प्रिंसिपल को हटाने की मांग की। जिलाधिकारी ने छात्रों के आरोपों की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया। रविवार देर रात एक नया मोड़ तब आया जब मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल के कार्यालय का ताला टूटा मिला ।इस घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों छात्र-छात्राएं कॉलेज के गेट पर एकत्र हो गए। उनका आरोप था कि जांच को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर पहुंची उप जिलाधिकारी पूजा ने टूटा ताला देखा और प्रशासन की ओर से नया ताला लगवाया गया।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात डीसीएम ने सड़क पार कर रहे वृद्ध फल विक्रेता को मारी टक्कर, मौत

**बछरावां, रायबरेली।** बीते रविवार की देर रात्रि कस्बे के मुख्य चौराहे पर थाने के सामने सड़क पार कर रहे वृद्ध फल विक्रेता को अज्ञात डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। कस्बे के रहने वाले शिवकुमार पुत्र मुन्नू लाल उम्र लगभग 75 वर्ष रविवार रात अपने फल का ठेला खड़ा कर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दरमियान लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कस्बे के मुख्य चौराहे के निकट पैदल सड़क पार करते समय एक अज्ञात डीसीएम ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुँचे परिजनों व मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उनको पीजीआई ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया । जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उनको मृत घोषित कर दिया । थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गैंगस्टर अधिनियम का वांछित एवं 15000 रुपए का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार




**बछरावां, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 196/ 2025 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के वांछित व रु.15000 के इनामियां अभियुक्त जयकरन उर्फ जसकरन पुत्र राम सजीवन निवासी इंदिरा नगर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को थाना क्षेत्र के थुलेडी मोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, उसके विरुद्ध स्थानीय थाने एवं मोहनगंज थाना जनपद अमेठी पर शस्त्र अधिनियम एवं अन्य धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, उप निरीक्षक सचिन शर्मा, उप निरीक्षक जितेश सिंह, आरक्षी सोनू शर्मा, आरक्षी अंकित राठौर की महती भूमिका रही।

### ई-रिक्शासवार व्यक्ति की दुर्घटना में हुई मृत्यु

**बिसवां, सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के सिधौली मार्ग पर स्थित इटिया शहीद चौराहे पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में ई–रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ई–रिक्शा और डीसीएम दोनों बिसवां की ओर आ रहे थे। इटिया शहीद चौराहे के पास डीसीएम ने ई–रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई–रिक्शा पलट गया। हादसे में सवार मोहर्रम अली पुत्र गुलजार अली निवासी ग्राम कोडरा थाना मानपुर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बेग धर्मकांटा बिसवां में मुंशी का कार्य करता था। ग्रामीणों ने घायल मोहर्रम अली को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की प्राप्त सूचना पर थाना संग्रामपुर में वांछित एक अभियुक्त अभिनव शुक्ला पुत्र वीरेन्द्र कुमार शुक्ला निवासी ग्राम शनिचरा मजरे डेहरा थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त अभिनव की निशानदेही पर गरियापुर मजरे रामगढ़ के पास से एक लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### लघु सिंचाई योजना में डीडी, बैंकर्स चेक या चालान ही मान्य

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई कल्पना वर्मा ने जनपद के समस्त सम्मानित किसानों को सूचित किया है कि जो लघु सिंचाई विभाग जनपद में संचालित यथा–मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना उथले नलकूप, मध्यम गहरे नलकूप, गहरे नलकूप एवं हौज नाली निर्माण आदि योजनाओं से लाभान्वित हो चुके है, अथवा लाभान्वित होने हेतु विभाग में पंजीकरण कराये हैं, वे लघु सिंचाई विभाग से सम्बन्धित किसी भी विभागीय कार्य हेतु कृषक अंश की धनराशि नकद नहीं जमा करायी जाती है, वह धनराशि केवल डीडी, बैंकर्स चेक अथवा चालान के ही माध्यम से ही जमा करायी जाती है। उन्होंने बताया कि यदि इस सम्बन्ध में कोई अन्जान व्यक्ति आप से धनराशि की मांग नकद अथवा आनलाइन इत्यादि की बात करता है, तो लघु सिंचाई विभाग के जनपद स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों से अवश्य सम्पर्क स्थापित करें, जिससे अन्जान व्यक्ति से बात कर आप साइबर ठगी के शिकार न बने।

### टीकाकरण न होने से बीमारी की चपेट में दम तोड़ रहे मवेशी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार जहां एक तरफ गौवंशों की सुरक्षा के लिए आए दिन आला अफसरों को कडे फरमान जारी करती रहती है, वहीं दूसरी तरफ विभागीय उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों मे पशुओं का टीकाकरण न होने के चलते घातक बीमारी की चपेट मे आकर मवेशी दम तोड रहे हैं तथा कुछ मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहे हैं। विकासखंड क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत स्थित दर्जनों गांवों में बेजुबान पशुओ पर बीमारी अपना पांव पसार रही है गलाघोंटू, खुरपका, मुंहपका तथा लंपी नामक बीमारी जिसमे पशुओ के ऊपर छाले पड़ जाते हैं। ऐसी अनेक जानलेवा बीमारी की चपेट मे आकर पशुओं की हालत गंभीर होती जा रही है, जिसकी रोकथाम के लिए विभाग की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसका परिणाम कई गांवो में दर्जनों पशुओं की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रति वर्ष पशुओ का टीकाकरण होता था परंतु इस बार टीकाकरण करने के लिए कोई गांव में नहीं आया, यदि यही आलम रहा और उच्च अधिकारियो ने गौर न किया तो यह समस्या क्षेत्र के पशुओ के लिए विकराल रूप धारण कर सकती है। इस संबंध मे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुओ की बीमारी के निदान हेतु जल्द ही टीम भेजकर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा जांच के उपरांत लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कडी कार्यवाई की जाएगी।

### अप्रेन्टिस मेले का आयोजन 18 को

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, परिसर में आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार, अप्रेन्टिस मेला 18 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा तथा उक्त मेले में एसआईएस व धूत वायरिंग सिस्टम कम्पनी प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कम्पनी में आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा व अन्य डिटेल्स सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज अमेठी के कैम्पस में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

### पैरामेडिकल छात्राओं के साथ धोखाधड़ी में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तों प्रिन्स आजम खान पुत्र मो याकूब खान निवासी सरायराजशाह सरवनपुर थाना व जनपद अमेठी, विवेक श्रीवास्तव पुत्र कृष्णलाल निवासी आवास विकास कालोनी थाना व जनपद अमेठी तथा आयुस कुमार तिवारी पुत्र विमलेश भूषण तिवारी निवासी 648 अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया है। संस्थान AIPS का रजिस्ट्रेशन व संचालन के संबंध में वैध प्रमाण पत्र मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि ये लोग जरुरतमंद छात्र–छात्राओं को AIPS नामक संस्था में एडमिशन लेकर यहीं पढ़ाते है व अन्य संस्थाओं से संपर्क कर वहां एडमिशन करा देते है। अभियुक्तों के कार्यालय से पम्पलेट AIPS, फार्म एडमिशन, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट, बायोमैट्रिक मशीन, डीवीआर, डेटा रजिस्टर व 2 मोहरों को बरामद किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिला अस्पताल में महिला की मौत

**परिजनों सहित जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पर लगाए लापरवाही के आरोप**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव थाना चन्दापुर की महिला की मौत जिला अस्पताल में होने से परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है वहीं परिजन जिला अस्पताल के डॉक्टर और नर्सों पर लापरवाही का इल्जाम लगाया है।

शिवानी पत्नी रामनेवाज निवासी अशर्फाबाद थाना चन्दापुर गर्भवती थीं जिन्हें लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे 4 दिन पहले गर्भवती महिला को बच्चा हुआ था साथ ही वह कई दिनों से भर्ती थी सोमवार को 5:00 बजे अचानक उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा तो वही पति रामनेवाज ने बताया कि मेरी पत्नी शिवानी को उलझन थी डॉक्टर को बुलाया गया तो डॉक्टर नहीं आए और उन्हें गर्मी भी बहुत लग रही थी कूलर जो मेरी पत्नी की तरफ हवा कर रहा था उसको भी घूम कर दूसरी तरफ कर दिया गया। मैं बार-बार डॉक्टरों और नर्सों के पास जा रहा था लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था और मेरी पत्नी की लापरवाही के कारण मौत हो गई और मुझे ऐसे ही निकाल दिया गया मेरी पत्नी का पोस्टमार्टम भी अस्पताल द्वारा नहीं करवाया गया।

**प्रधान संघ अध्यक्ष बोले-**

मामले में प्रधान संघ अध्यक्ष अमावा ऋषि सिंह ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल के जिला अस्पताल रायबरेली पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि अनपढ़ व्यक्तियों के साथ किस तरह वहां पेश आया जाता है और साथ ही अस्पताल पर लापरवाही और महिला का इलाज सही ढंग से न होने का भी आरोप लगाया है और यह भी बताया कि महिला का पोस्टमार्टम किए बगैर अस्पताल से उसको निकाल दिया गया जबकि मौत स्वाभाविक नहीं लग रही थी उन्होंने बताया कि आने वाले एक–दो दिन में मैं उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर इस मामले से अवगत कराऊंगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करूंगा।

## सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप में अमान ने जीता कांस्य पदक



**डलमऊ, रायबरेली।** सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डलमऊ के होनहार खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीत कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज एवं डलमऊ ताइक्वांडो मार्शल आर्ट क्लब के छात्र अमान मंसूरी ने एक माह पूर्व जौनपुर में आयोजित हुई सीबीएसई स्टेट लेवल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था जिसके बाद उनका चयन नेशनल लेबर पर हुआ था अमान मंसूरी ने इसके पहले जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं इटावा जनपद के अमनीव विजन स्कूल में आयोजित हुई सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया डलमऊ ताइक्वांडो मार्शल आर्ट क्लब के प्रशिक्षक महताब आलम ने बताया कि अमान मंसूरी ने रायबरेली जनपद में पहली बार प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एवं कांस्य पदक जीता है प्रशिक्षक महताब आलम एवं क्षेत्र वासियों ने अमान मंसूरी को पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आगामी चुनाव को देखते हुए अपना दल एस ने बनाएं विधानसभा अध्यक्ष

**बछरावां विधानसभा अध्यक्ष की कमान रोहित सिंह को सौंपी**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अपना दल एस रायबरेली ने संगठन का विस्तार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए हैं जहां बछरावां विधानसभा अध्यक्ष की कमान रोहित सिंह को सौंप गई है रोहित सिंह ग्राम बड़ी गोहन्ना पोस्ट थुलवासां के रहने वाले हैं। जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष जाटव आरपी गौतम की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से प्राप्त अनुमोद के क्रम में जनपद रायबरेली के विधानसभा अध्यक्षों की घोषणा जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल द्वारा की गई जिसमें विधानसभा अध्यक्ष बछरावां रोहित सिंह को बनाया गया विधानसभा अध्यक्ष सदर अभिषेक तिवारी एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष हरचंदपुर विनय वर्मा विधानसभा अध्यक्ष सलोन कमलेश पटेल प्रधान विधानसभा अध्यक्ष सरेनी रामू लोधी को कमान सौंप गई है। वहीं बने हुए अध्यक्षों ने कहा कि हम पार्टी की नीतियों को आगे लेकर चलेंगे और आने वाले चुनाव में अपना दल एस का परचम लहराएंगे।

### सांसद व विधायक खेल स्पर्धा होगी आयोजित

**सीतापुर।** जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ने बताया कि खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयुवर्ग (सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर) में खेल प्रतियोगिताओं को सांसद व विधायक खेल स्पर्धाओं से जोड़ते हुये दिनांक–21 सितम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित कराया जाना है। जिसमें 08 खेल विधा एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, जूडो एवं बैडमिंटन कबड्डी, कुश्ती, फुटबॉल एवं भारोत्तोलन खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी। विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने हेतु खिलाड़ियों को अपना पंजीकरण आनलाईन युवा साथी पोर्टल (http://yuvasathi.in) पर विधायक खेल स्पर्धा पंजीयन टैब पर किया जाना है, जिसमें खिलाड़ी द्वारा अपना विवरण अंकित करते हुये जन्म तिथि से सम्बन्धित प्रमाण एवं आधार अपलोड करते हुये पंजीकरण कराया जा सकता है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, ऑपरेशन कायाकल्प एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें। उन्होंने जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप निरीक्षण सुनिश्चित करायें। जर्जर भवनों का नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुये ध्वस्तीकरण कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से देय धनराशि समय से पात्रों को उपलब्ध करायी जाये। जिन छात्रों के आधार कार्ड न होने के कारण डीबीटी की धनराशि नहीं प्रेषित की जा सकी है, उनके तत्काल आधार कार्ड बनवाये जायें। डीबीटी प्रकरण अधिक लंबित होने पर खंड शिक्षा अधिकारी पिसावां से जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरगांव को भी सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में सर्वाधिक लंबित प्रकरणों वाले विकास खण्डों पिसावां, गोंदलामऊ, परसेंडी एवं रामपुरमथुरा सहित सभी खण्ड विकास अधिकरियों को कड़े निर्देश दिए कि जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने वाले लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराने तथा छात्र एवं अध्यापक उपस्थिति में सुधार के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत नामांकन प्रक्रिया समय से पूर्ण करायी जाये, जिससे पात्र छात्रों को लाभ मिल सके। पीटीएम को सभी विद्यालयों में व्यापक स्तर पर आयोजित कराने तथा पीटीएम के दौरान छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति के विवरण से उनके अभिभावकों को अवगत कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मानकों अनुरूप मिड-डे-मील बनवानें की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समस्त प्रकार के भुगतान एवं मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। दिनांक-17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान-सेवा पखवाड़ा के व्यापक स्तर पर आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि प्राविधानों के अनुसार पखवाड़े का आयोजन कराया जाये। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय सिद्धार्थ मल्होत्रा की जन्म जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**




राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में हिंदी दिवस एवं स्व. सिद्धार्थ मेहरोत्रा की जयंती पर सेठ देवेश्वर दयाल मोंटेसरी स्कूल में काव्य गोष्ठी आयोजित हुई।

अध्यक्षता कवि रामकुमार रसिक ने व संचालन अरविन्द सिंह मधुप ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिवानंद दीक्षित, अरविन्द सिंह मधुप, आनन्द खत्री, रामकुमार रसिक, विजय रस्तोगी, धर्मेंद्र त्रिपाठी धवल, रजनीकांत दीक्षित और युवा कवि अमोद मिश्र ने काव्य पाठ कर हिंदी की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में आफताब अफसर, विवेक सिन्हा, अरुण मिश्रा, रामकुमार कश्यप सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## मरीजों को फल वितरित करके मनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस



**सीतापुर।** अखिल भारतीय पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरए प्रसाद के जन्मदिवस के अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष रमेश भार्गव दीपू व निवर्तमान जिलाअध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अचिन मेहरोत्रा द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय पासी समाज सीतापुर के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार भार्गव दीपू, ने बताया कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का जन्म दिवस है हम सब उनके लिए दीर्घायु व सदैव स्वस्थ रहने की कामना करते हैं। इसी अवसर पर आज मरीजो को फल वितरित किए जा रहे हैं । थिस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी के रूप में संजय राजवंशी जिला महासचिव, भानुप्रताप एडवोकेट, हरिशंकर भार्गव, राकेश कुमार भार्गव, राजकुमार भार्गव एडवोकेट, राजेन्द्र यादव, सहित अखिल भारतीय पासी समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पर उनके लिए मंगल कामनाएं की।



### 11 विधायकों के दल ने सीएम से मिल कर दिया मांगपत्र

**अमेठी।** रविवार को पूर्व विधायक एवं विधान परिषद सदस्य वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष ओपी सिंह, महामंत्री सिराज मेंहदी, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, इंसाराम अली, सिद्धार्थ शंकर सहित 11 विधायको ने एक साथ मिलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात कर मांग पत्र दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायकों के साथ सभी बिंदुओं के मांग पत्र पर सैद्धांतिक सहमति जताते हुए शीघ्र मांगो पर विचार करने के लिए आश्वस्त किया है। मुख्यमंत्री से वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने मांग की है कि हम जल्द ही एक पूर्व विधायकों का सम्मेलन बुलाएंगे जिसमें मुख्यमंत्री से मुख्य अतिथि के रूप में आने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी मुख्यमंत्री ने सिद्धांतिक सहमति प्रदान किया है। जिस पर वेलफेयर सोसाइटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से धन्यवाद और स्वागत करते हुए आशा की है कि शीघ्र हमारी मांगे सकारात्मक रूप से विचार करते हुए पूरा करने का कृपा करेंगे।

## संरक्षित खेती से बढ़ी किसानों की आय

**अन्य कृषक भी हो रहे प्रेरित**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने एवं उनकी आय दोगुनी करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विकास खंड सिंहपुर के ग्राम सिंहपुर निवासी कृषक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने योजना का लाभ लेकर संरक्षित खेती के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। श्री सिंह ने संरक्षित खेती कार्यक्रम के तहत आवेदन कर 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पॉलीहाउस का निर्माण कराकर उन्होंने तीन माह में संकर खीरा का उत्पादन कर 600 क्विंटल उपज प्राप्त की, जिसे लखनऊ मंडी में विक्रय कर उन्होंने लगभग रु.9 लाख की आय अर्जित की। इसके साथ ही उन्होंने धनिया, मूली, गोभी जैसी सब्जियों का भी उत्पादन किया, जिससे उन्हें रु.4 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत रु.19.68 लाख का अनुदान भी उन्हें प्रदान किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के अधिक से अधिक पात्र कृषक इस योजना का लाभ लें। जिलाधिकारी ने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन जैसी योजनाएं कृषकों को पारंपरिक खेती से आधुनिक तकनीक की ओर अग्रसर करती हैं। ऐसे सफल प्रयासों से ही आत्मनिर्भर कृषक-आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य साकार होगा।

### ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए गंभीर आरोप एसडीएम से की शिकायत

**डलमऊ, रायबरेली।** लेखपाल एवं ग्राम प्रधान पति द्वारा की जा रही मनमानी को लेकर सोमवार को महिलाओं ने तहसील मुख्यालय डलमऊ पहुंचकर उप जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के सूरजपुर बनापार की दर्जनों महिलाओं ने सोमवार को तहसील डलमऊ परिसर में पहुंच कर उप जिला अधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह से लेखपाल एवं प्रधान पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम प्रधान पति द्वारा अपने चाहते अपात्र लोगों से अवैध वसूली कर गुपचुप तरीके से आवासों का आवंटन करना चाहते हैं और ग्राम सभा के गरीब पात्रों को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल और प्रधान पति आबादी भूमि पर बने 20 वर्ष पुराने मकानों को गिराने व मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर रुपयों की मांग कर रहे हैं और रात के अंधेरे में पैसे का लेनदेन करते हैं तथा आवंटन सूची में नाम दर्ज करते हैं वहीं अन्य ग्रामीणों को धमकी देते हैं जिससे लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल एवं प्रधान पति के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस मौके पर ग्रामीण कंचन,सीमा,राहुल,अमरेश,राजू, हंसराज, सुमेर, हरिकेश, सहित अन्य लोग मौजूद रहे इस संबंध में उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### शानो शौकत के साथ जलाल शाह बाबा का उर्स संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के जगदीशपुर इमली गांव स्थित खानकाह में हज़रत मखदूम सैय्यद अशरफ किछौछवी की दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद जलाल अशरफ रहमतुल्लाह अलेह का उर्स–ए–पाक बड़ी अकीदत और शानों–शौकत के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन उनके नायब व सज्जादानशीन सैय्यद मेराज अशरफ की सरपरस्ती में हुआ। इस मौके पर आसपास के और दूर–दराज़ से बड़ी संख्या में आए जायरीन और मुरीदीनों ने दरगाह पर चादर और फूल पेश कर दुआएं मांगी। दिनभर लंगर–ए–आम चलता रहा, वहीं



परिवारों और बच्चों ने मेले का आनंद लिया। कव्वाली की महफ़िल में इंटरनेशनल कव्वाल चांद क़ादरी और साक़िब अली साबरी ने अपने कलाम से समां बांधा। समापन पर अमीर खुसरो का रंग पढ़ा गया और कुल शरीफ़ की रस्म के बाद जायरीनों में शीरिनी बांटी गई। सज्जादा नशीन सैय्यद मेराज अशरफ ने मुल्क में मोहब्बत, भाईचारा और अमन–ओ–सुकून की दुआ करते हुए कहा अगर मुल्क को बचाना है तो इंसाफ, मोहब्बत और आपसी भाईचारे को मजबूत करना होगा। इस मौके पर खानकाह के शहज़ादे सैय्यद आमिर मियां, सैय्यद आसिफ मियां, सैय्यद अहमद मियां, जिले के कई उलेमा–ए–कराम, मुरीदीन, मोतकेदीन, पुलिस और मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

# मणिपुर पर मरहम

लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि, लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि 'दोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं, लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं।' उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा। लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं। निःसंदेह, इस बार केंद्र सरकार की तरफ से कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

# पंख लगाकर उड़ी हिन्दी

**उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिन्दी जानने वालों की संख्या सवा अरब से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति है।**



हृदयनारायण दीक्षित

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं। लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। विलियम जोन्स ने कहा कि, "संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ सम्बंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।" संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन कैसे हो?

सभ्यता, संस्कृति, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है, इन सबकी आदि भाषा है संस्कृत। यूरोपीय विद्वान एच. एस. मेन ने लिखा था, "बीजगणित, अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिन्दुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। अरब चिकित्सा पद्धति संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद है, यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।" विलियम हंटर ने लिखा था, "पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था।

पाणिनि का व्याकरण संसार में सर्वोच्च है।" मैक्समूलर ने लिखा, "भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचारों मात्र पर पालित पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।"

गांधी ने लिखा, "पृथ्वी पर हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है जहां मां-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना लिखाना पसंद करेंगे।" अंग्रेजी को विश्व भाषा बताया जाता है लेकिन जापान, रूस और चीन आदि अनेक देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत की संविधान सभा (14 सितंबर 1949) ने हिन्दी को राजभाषा बनाया, 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतु' जोड़ा। पंडित नेहरू ने कहा, "हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते।"

एन. जी. आयंगर ने सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखते हुए 15 बरस तक अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया, "हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह समुन्नत भाषा नहीं है।" सेठ गोविंद दास ने हिन्दी की पैरोकारी की, "इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि ही होनी चाहिए।" आर. वी. धुलेकर ने कहा, "मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है, राष्ट्रभाषा है। हिन्दी के राष्ट्रभाषा-राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा। (संविधान सभा बहस 13-9-1949) संविधान में तीन दिन तक बहस हुई। संविधान के अनुच्छेद (343-1) में हिन्दी राजभाषा बनी। किंतु अनुच्छेद (343-2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्रावधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग-समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनुच्छेद 351) केन्द्र पर डाली गई।"



लेकिन कांग्रेस अपने जन्म काल से ही अंग्रेजी को वरीयता देती रही, गांधी जी ने कहा, "अंग्रेजी ने हिन्दुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।" (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) भारतीय संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिन्दी है। हिल्दी के पास प्राचीन संस्कृति और परंपरा की सुदीर्घ विरासत है। हिन्दी ने संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं बोलियों से शब्द लिए। सबको अर्थ दिए।

हिन्दी दिवस की रस्म अदायगी होती रही है। वह राजभाषा है। लेकिन फारसी, अंग्रेजी की तरह उसे राज्य आश्रय नहीं मिला। फारसी मध्यकाल के बादशाहों ने थोपी थी, अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी लाई। हिन्दी का विस्तार राज्य आश्रय से नहीं हुआ। भारत में विश्व के चार भाषा परिवार- भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंततः हिन्दी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया। अमेरिकी भाषाविद एम. बी एमेन्यू ने भारत को भाषिक क्षेत्र बताया।

अरबी फारसी के विद्वानों ने भारत की भाषाई पहचान के लिए हिन्दी शब्द का प्रयोग किया। अमीर खुसरो ने इसे हिन्दवी-हिन्दूई गाया। हैदराबाद के मुस्लिम शासक कुली कुतुबशाह ने इसे 'जबाने हिन्दी' बताया। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है। वह यमुना के निकुंजों पर गीत गाते बड़ी हुई। अंग्रेजी राज के बाद फारसी की जगह अंग्रेजी आ गई। गांधी जी ने अंग्रेजी का विरोध और हिन्दी का समर्थन (1917) करते हुए कहा, "हिन्दी ही हिन्दुस्तान के शिक्षित समुदाय की भाषा हो सकती है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है। हिन्दी 22 करोड़ की भाषा है।" स्वाधीनता संग्राम में जनप्रबोधन की भाषा हिन्दी थी। सत्ता पक्ष की दृष्टि में अंग्रेजी समृद्ध थी और हिनदी गरीबी रेखा की नीचे।

तीन दिन तक चली बहस में हस्तक्षेप करते हुए पंडित नेहरू ने कहा, "अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।" 14 सितंबर के दिन अंग्रेजी प्रभुत्व के साथ हिन्दी राजभाषा बन गई। संविधान ने हिन्दी के प्रसार-प्रचार का काम केन्द्र को सौंपा। हिन्दी कमजोर सिद्ध हो गई। वर्तमान केन्द्र सरकार ने हिन्दी को समृद्ध करने के लिए काफी काम किए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विज्ञान आदि विषयों पर हिन्दी में पुस्तकें लिखें जाने की योजना पर काम जारी है। अनेक गोष्ठियां हुई हैं।

उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिन्दी जानने वालों की संख्या सवा अरब से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिन्दी भारत के जन गण मन की प्रीति है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

## विचार

# विश्व की पहली 'एआई महिला मंत्री' की संवैधानिकता पर सवाल

हरीश शिवनानी

इस सप्ताह राजस्थान के जैसलमेर जिले से भी छोटे देश अल्बानिया ने संसदीय इतिहास में एक ऐसा कदम उठाया है जो दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है। यूरोप महाद्वीप के इस देश के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एक 'आर्टिफ़िशियल महिला मंत्री' 'डिएला' नियुक्त की है, जो मानव न होकर 'कृत्रिम बुद्धि जनित' यानी आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। 'डिएला' का अर्थ अल्बानियाई भाषा में 'सूर्य' होता है। अल्बानिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख एनियो कासो ने 12 सितंबर को अल्बानिया की राजधानी तिराना में एआई बॉट मंत्री डिएला का परिचय दिया। यह विश्व की एक ऐसी 'कैबिनेट मंत्री' है जो 'शारीरिक' नहीं हैं। डिएला को सार्वजनिक खरीद विभाग का मंत्री बनाया गया है और इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी निविदाओं के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तेज और पूरी तरह जवाबदेह बना कर भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना है।

डिएला एक 'एआई-पावर्ड वर्चुअल असिस्टेंट' है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया गया था। यह ई-अल्बानिया प्लेटफॉर्म पर पहले से ही एक वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य कर रही थी। इसे पारंपरिक अल्बानियाई वेशभूषा में एक महिला के रूप में चित्रित किया गया है। इसे आर्टिफ़िशियल मंत्री बनाने से अल्बानिया में संवैधानिक सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अल्बानिया के संविधान के अनुसार, मंत्रियों को 18 वर्ष से अधिक आयु का मानसिक रूप से सक्षम नागरिक होना चाहिए। इस वर्ष हुए संसदीय चुनाव में रामा की सोशलिस्ट पार्टी ने 140 विधानसभा सीटों में से 83 सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सत्ता हासिल की जबकि पूर्व प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति साली बेरिशा के नेतृत्व वाले विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के गठबंधन ने 50 सीटें जीतीं। बहुमत के लिहाज से सोशलिस्ट पार्टी शासन कर सकती है और ज्यादातर कानून पारित कर सकती है, लेकिन अल्बानिया के संविधान में बदलाव के लिए उसे दो-तिहाई बहुमत यानी 93 सीटों की जरूरत है।

अल्बानियाई राष्ट्रपति बजराम बेगज ने 13 सितंबर को रामा को नई सरकार के गठन का अधिकार सौंपा दिया। विश्लेषकों का कहना है कि इससे प्रधानमंत्री को एआई डिएला के निर्माण और संचालन का अधिकार तो मिल गया है लेकिन सवाल संविधान सम्मत होने का है कि मानव की जगह कृत्रिम आभासी इकाई को मंत्री कैसे बनाया जा सकता है? स्वयं अल्बानियाई राष्ट्रपति के पास भी इसका स्पष्ट ज़वाब नहीं है। पत्रकारों के पूछे जाने पर कि क्या यह संविधान का उल्लंघन है, बेगज डिएला वाला सवाल टाल गए। अल्बानिया के प्रमुख विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे हास्यास्पद और असंवैधानिक करार दिया है। डेमोक्रेट्स के संसदीय दल के नेता गजमेंद बर्धी ने कहा, 'प्रधानमंत्री की मसखरी को अल्बानियाई राज्य के कानूनी कृत्यों में नहीं बदला जा सकता।' अल्बानियाई कानूनी विशेषज्ञों ने भी संवैधानिक चुनौतियों की ओर इशारा किया है। दरअसल अल्बानिया लंबे समय से अपनी सुरक्षा और अन्य हितों के लिए यूरोपीय संघ की सदस्यता हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा है लेकिन बेहद भ्रष्टाचार के मुद्दे के कारण उसे यह सदस्यता नहीं मिल पा रही है।

भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए उसने यह दांव खेला है। हालांकि विशेषज्ञों की राय में इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। किंग्स कॉलेज लंदन में पश्चिमी बाल्कन, भ्रष्टाचार और कानून के शासन के जानकार डॉ. एंडी होक्साज का मानना है कि अगर एआई को सही ढंग से पेश किया जाए, तो यह मददगार हो सकता है और भ्रष्टाचार-नियंत्रण के लक्ष्य में डिएला मदद कर सकती है। वित्तीय सेवा कंपनी बाल्कन्स कैपिटल की संस्थापक अनीदा बजराकतारी बिचजा का मानना है कि अगर यह एआई मंत्री वास्तविक प्रणालियों में विकसित होती है जो सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और विश्वास में सुधार करती है तो यह रचनात्मक भी हो सकता है। दूसरी ओर यह तथ्य है कि भ्रष्टाचार जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए नवीन तकनीकी समाधानों की तलाश एक अहम पहल है लेकिन यह कई गंभीर जोखिमों और चुनौतियों से भरा हुआ कदम है। सबसे बड़ा है जवाबदेही और दायित्व का संकट। अगर एआई कोई गलत निर्णय लेती है, जिससे वित्तीय नुकसान होता है या किसी की जान को खतरा होता है, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? क्या डेवलपर? क्या उस मंत्रालय का सचिव? क्या प्रधानमंत्री या फिर खुद एआई अल्गोरिदम? मंत्री एक जवाबदेह व्यक्ति होता है जिसे संसद के सामने जवाब देना होता है और उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया जा सकता है।

एक एआई सिस्टम को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता। एआई मॉडल कैसे निर्णय लेते हैं, यह आम नागरिक के लिए समझना मुश्किल होता है। अगर एआई मंत्री का फैसला नागरिकों के खिलाफ जाता है, तो उस फैसले के पीछे का तर्क समझाना और उसकी समीक्षा करना असंभव हो सकता है। एल्गोरिदमिक पूर्वाग्रह का भी अपना जोख़िम है। एआई अपने प्रशिक्षण डेटा से सीखती है। अगर ऐतिहासिक डेटा में मानवीय पूर्वाग्रह (जैसे जाति, लिंग, क्षेत्र के आधार पर भेदभाव) शामिल है, तो एआई उन्हीं पूर्वाग्रहों को और मजबूत करके निर्णय लेगी। इससे व्यवस्थागत भेदभाव बढ़ सकता है। इनके अलावा एक गंभीर प्रश्न है सुरक्षा और हैकिंग का। एक एआई सिस्टम साइबर हमलों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। हैकर्स एआई के निर्णयों को तकनीकी चालाकी से अपने हित में बदल सकते हैं।

उदाहरण के लिए, सार्वजनिक खरीद के मामले में, हैकर्स निविदा के परिणामों को अपने पक्ष में करने के लिए एआई में छेड़छाड़ कर सकते हैं। इससे भ्रष्टाचार का एक नया और अदृश्य रूप पैदा हो सकता है, जिसे पकड़ना और भी मुश्किल होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक मंत्री जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का हिस्सा होता है और अप्रत्यक्ष रूप से जनता के प्रति जवाबदेह होता है। सबसे बड़ी है कानूनी और संवैधानिक चुनौतियां। अधिकांश देशों के संविधान और कानून मंत्री पद के लिए 'मनुष्य' होने की शर्त है। एआई को मंत्री बनाना संवैधानिक संकट पैदा कर सकता है। यह एक अत्यंत जटिल कानूनी सवाल है, जिस पर अभी वैश्विक सहमति नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीक एक उपकरण है, शासक नहीं। निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी हमेशा मनुष्य के पास ही होनी चाहिए।

## तर्पण




### माता-पिता ने सदा सदमार्ग पर चलने की शिक्षा दी



श्री रामसनेही लाल



श्रीमती देवकी



विमल कुमार

मेरे पूज्यनीय पिता स्व. श्री रामसनेही लाल एवं माता श्रीमती देवकी द्वारा हम सभी भाई बहनों को गरीबी में भी जीवन यापन करते हुए अच्छी से अच्छी शिक्षा दी गई। साथ ही निरंकारी मिशन से जुड़े होने के कारण हमें सदा सदमार्ग पर चलने की शिक्षा दी गई। उनके आशीर्वाद से ही आज हम सभी भाई बहन एवं परिवार के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए शासकीय एवं निजी संस्थानों, यहां तक कि विदेशों में भी सेवारत हैं। उनके द्वारा किए गए मार्गदर्शन हमारे जीवन में संजीवनी का काम करते हैं तथा वह हमारे संग होने का अहसास कराते हैं।

एक बार की बात है मैं कक्षा 5 में पढ़ता था, जब राशन कार्ड से मिट्टी का तेल 2.40 पैसे में 5 लीटर पीपल चौराहा पर श्री सोनेलाल जी की दुकान पर मिलता था। पिता जी ने तेल के लिए मुझे पैसे दिए। उन दिनों उनकी दूकान पर बहुत भीड़ हुआ करती थी। मैं उम्र में और कद में बहुत छोटा था। किसी प्रकार मुझे तेल मिला किन्तु भीड़ ज्यादा होने के कारण उनके मुनीम पैसे लेना भूल गए। मैं बहुत ख़ुश होता हुआ घर आया। अपनी माँ को यह बात बताई तो उन्होंने मेरी बहुत पिटाई लगायी और दूकान पर पैसे देकर आने की कहा। तभी पिता जी आ गए। उन्होंने मुझे प्यार से समझाया। मैं वापस पैसे देने दूकान पर गया। वहाँ बहुत भीड़ थी। मैंने सोनेलाल जी को यह बात बताई कि मुझसे पैसे लेना आप भूल गए और मैं पैसे देने आया हूँ। तो उन्होंने सभी ग्राहकों को तेल देना बंद करके बताया तो सभी ने मेरे लिए तालियां बजाई। वह अविस्मरणीय क्षण आज भी मेरे जेहन में बसता है। ऐसे पूजनीय माता जी और पिता जी को मैं शत शत नमन करता हूं।



# राशिफल

**मेष:-** निकट संबंधो में भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता के आसार है। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**वृषभ:-** नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे।

**मिथुन:-** विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कर्क:-** भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवांछित सफलता के आसार हैं। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**सिंह:-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**कन्या:-** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिलने की आशंका हो।

**तुला:-** भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद करें।

**वृश्चिक:-** परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

**धनु:-** कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा-प्रतियोगिता में लापरवाही न बरतें।

**मकर:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। किसी नये संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्यक्रम होने की उम्मीद है।

**कुंभ:-** कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन में अशांति का माहौल बनेगा। कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य कतई न करें।

**मीन:-** नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें।

# मुस्लिम समाज ने की वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना



संजय सक्सेना

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज वक्फ अधिनियम से जुड़े मामले में पारित किये गये अंतरिम आदेश पर मुस्लिम समाज के विभिन्न नेताओं, धर्मगुरूओं और विद्वानों की प्रतिक्रियाएँ सामने आयी हैं। यह आदेश पूरे देश में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि वक्फ सम्पत्ति का सम्बन्ध सीधे धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों से है। अदालत में लम्बे समय से यह विवाद विचाराधीन था और आज दिये गये इस अन्तरिम निर्णय को एक ओर कुछ लोग संतोषजनक बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनेक धर्मगुरु उसे चिंताजनक मान रहे हैं। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, जो राजधानी लखनऊ के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरुओं और विद्वानों में गिने जाते हैं, ने अदालत के निर्णय पर अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज का आदेश मुस्लिम समाज की धार्मिक और शैक्षिक संस्थाओं के भविष्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि वक्फ सम्पत्ति हमेशा से समाज की बेहतरी, निर्धनों की सहायता और मज़हबी गतिविधियों के लिये सुरक्षित की जाती रही है। यदि इस सम्पत्ति से छेड़छाड़ या इसके प्रबन्धन पर कोई आघात होता है तो सीधा असर समाज की बुनियादी ढाँचे पर पड़ेगा। मौलाना ने यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत ने अभी केवल अन्तरिम आदेश पारित किया है और आगे सुनवाई जारी रहेगी। उन्होंने अपील की कि इस मुद्दे को किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से न देखा जाये। उनके अनुसार, यह मामला केवल मुस्लिम समाज का नहीं बल्कि पूरे देश के संवैधानिक ढाँचे और धार्मिक अधिकारों के संरक्षण से जुड़ा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अन्तिम निर्णय में अदालत समाज की ऐतिहासिक परम्परा, धार्मिक आज़ादी और न्याय की भावना को ध्यान में रखेगी।

देशभर के मुसलमानों की बात कि जाये तो वाराणसी, दिल्ली, हैदराबाद और कई अन्य नगरों से भी मुस्लिम नेताओं की प्रतिक्रियाएँ लगातार आयीं। कई स्थानों पर धर्मगुरुओं ने बयान जारी कर कहा कि वक्फ की व्यवस्था केवल धर्म नहीं बल्कि समाज सेवा का भी माध्यम है। मुस्लिम शिक्षण संस्थानों, मदरसों और अस्पतालों की बड़ी संख्या वक्फ की आमदनी पर निर्भर करती है। ऐसे में यदि वक्फ पर शंका की दृष्टि डाली जाती है तो यह न केवल मज़हबी सरोकार का विषय है बल्कि समाज में चल रहे कल्याणकारी कार्य भी बाधित होंगे। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम ने भी बयान दिया कि अदालत जिस स्तर पर इस विषय का परीक्षण कर रही है, वह स्वागत योग्य है। लेकिन उन्होंने यह आशंका भी व्यक्त की कि कहीं यह मामला समाज के भीतर अविश्वास और गलतफहमी का कारण न बन जाये। उन्होंने कहा कि वक्फ की सम्पत्तियाँ हमेशा समाज की नयी पीढ़ी की शिक्षा और अनाथों, विधवाओं तथा ग़रीबों की सहायता के लिये उपयोग की जाती रही हैं। उन्हें संरक्षित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वाराणसी और अलीगढ़ के कई मौलानाओं ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस आदेश के बाद समाज के लोग चिन्तित हैं। उनका कहना था कि वक्फ अधिनियम को लेकर यदि कोई प्रश्न उठे भी तो उसका समाधान केवल न्यायपूर्ण और पारदर्शी सुनवाई के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुसलमान अपने धार्मिक न्यासों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे हैं और उन्हें बिना किसी दोष सिद्ध हुए कटघरे में खड़ा करना न्यायोचित नहीं होगा।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रमुख धर्मगुरुओं ने मौलाना खालिद रशीद के विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को धैर्य और संयम से काम लेना चाहिये। अदालत के अन्तिम निर्णय का सबको सम्मान करना होगा, लेकिन समाज के भीतर जागरूकता फैलाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि लोग स्वयं वक्फ सम्पत्ति के महत्त्व और उसके सदुपयोग से परिचित होंगे तो किसी भी प्रकार की भ्रान्ति अपने आप दूर हो सकती है। अदालत के इस अन्तरिम आदेश ने एक नये सवाल को जन्म दिया है दृ वक्फ की सम्पत्ति की देखरेख और लेखाजोखा किस प्रकार पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाये। अनेक धर्मगुरुओं ने स्वीकार किया कि वक्फ की जमीनों और इमारतों पर अक्सर अवैध कब्ज़े की शिकायतें आती रहती हैं। ऐसे में अदालत का ध्यान इस ओर जाना स्वाभाविक है। परन्तु समाज के नेताओं ने यह भी स्पष्ट कहा कि इसका हल सम्पूर्ण वक्फ व्यवस्था को ही प्रश्न चिह्नित करना नहीं होना चाहिये।

मौलानाओं ने सुझाव दिया कि वक्फ बोर्ड को अपने भीतर सुधार करने होंगे। आधुनिक तकनीक से सम्पत्तियों का अभिलेख तैयार किया जाये, नियमित लेखापरीक्षण हो और समाज को जानकारी उपलब्ध करायी जाये। इससे एक ओर तो अदालत की चिन्ता भी दूर होगी और दूसरी ओर समाज का विश्वास भी और मज़बूत होगा। ग्रामीण इलाकों और छोटे नगरों में भी मुस्लिम समाज के बीच आज का आदेश प्रमुख चर्चा का विषय बना। लोग यह जानने के इच्छुक हैं कि अन्ततः अदालत किस निष्कर्ष पर पहुँचेगी। बहुत से लोगों ने इस आशंका को व्यक्त किया कि कहीं यह आदेश मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों पर अंकुश का संकेत न दे। वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बताया कि उनका पूरा ढाँचा वक्फ की सहायता पर टिका है और यदि इसमें कोई व्यवधान आता है तो समाज की नयी पीढ़ी पर सीधा असर पड़ेगा।

अन्तरिम आदेश के बाद अब सबकी निगाहें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि मामला गंभीर है और सभी पक्षों के तर्क सुने जायेंगे। मुस्लिम नेताओं और धर्मगुरुओं का मानना है कि इस बीच समाज को चिंता में डूबने के बजाय संगठित होकर अपने दृष्टिकोण को शांतिपूर्वक और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करना चाहिये। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि हर समाज को संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है। वक्फ सम्पत्ति उसी स्वतंत्रता का अटूट हिस्सा है। यदि समाज एकजुट होकर उसके महत्व को रेखांकित करेगा, तो निश्चय ही अदालत भी उस पहलू को गंभीरता से लेगी। उन्होंने अंत में जनता से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और इस विषय में केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

कुल मिलाकर, सुप्रीम कोर्ट के इस अन्तरिम आदेश ने मुस्लिम समाज के बीच गहरी चर्चा को जन्म दिया है। समाज के नेता और धर्मगुरु एक ओर अदालत की प्रक्रिया का सम्मान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी आशंकाएँ भी स्पष्ट रूप से व्यक्त कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि सुनवाई किस दिशा में जाती है और वक्फ अधिनियम का भविष्य किस रूप में आकार लेता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भयावह लापरवाही! काशीराम आवास में गिरा आरओ कक्ष का छत, बाल-बाल बचे लोग



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नगर के काशीराम आवास परिसर में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। वाटर आरओ लगाने के लिए बनाए गए कक्ष की छत अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, वरना यह घटना किसी बड़ी त्रासदी में बदल सकती थी। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार और नगरपालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। कॉलोनीवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य में बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया था। दीवारों और छत की मजबूती पहले से ही संदेह के घेरे में थी, फिर भी नगर पालिका की ओर से किसी प्रकार की निगरानी नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर छत गिरी, वहीं अक्सर बच्चे खेलते रहते हैं। यदि हादसे के समय कोई बच्चा वहां मौजूद होता, तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। नगरपालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर मलबा और सरिया हटवाया, लेकिन इससे कॉलोनीवासियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लोगों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि घटना की जांच के लिए जेई को निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज हवा और बारिश से तबाही, पकरिया में मकान पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे बुजुर्ग और पोता



**धौरहरा खीरी।** क्षेत्र अंतर्गत आई तेज हवा और बारिश ने ग्राम पंचायत पकरिया में भारी तबाही मचाई। हवा के तेज झोंकों से एक विशाल सेमल का पेड़ ग्रामीण हीरालाल के मकान पर गिर पड़ा। हादसे में मकान का टीनशेड और लिंटर टूटकर बिखर गया। उसी समय हीरालाल अपने पोते संग टीनशेड के नीचे सो रहे थे। दोनों बाल-बाल बच गए, हालांकि हीरालाल को हल्की चोटें आईं और मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इसी बीच दूसरी घटना सरैया-कटौली मार्ग पर घटी, जहां तेज हवा से पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। हादसे में एक विद्युत पोल भी टूट गया। इसके चलते रात 12 बजे से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पेड़ गिरने से सड़क पर आवागमन घंटों बाधित रहा। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ हटाया, तब जाकर यातायात बहाल हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर पेड़ों की समय रहते कटाई-छंटाई नहीं की जाती, जिसकी वजह से आंधी और बारिश के दौरान हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताई और मांग की कि बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा जर्जर पेड़ों की छंटाई जल्द की जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

### विकास कार्य में बाधा पर ग्रामीणों का विरोध, प्रशासन को सौंपा सामूहिक प्रार्थना पत्र



**ईसानगर खीरी।** ग्राम पंचायत चन्द्रदासाखुर्द विकास खंड ईसानगर में चल रहे सुगम विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होने पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस प्रकार की हरकतों को समय रहते नहीं रोका गया तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति मनमर्जी से सरकारी कार्यों में अड़चन डाल सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी व पुलिस विभाग को संबोधित एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि गांव के गाटा संख्या 131 (सार्वजनिक रास्ता) व गाटा संख्या 142 (अन्य बंजर भूमि) पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया है। प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि गाटा संख्या 131 पर दर्ज रास्ता मजरा बदालीपुर से गोड़वापुरवा तक जनहित में अत्यंत आवश्यक है। इस रास्ते पर पहले से अतिक्रमण था, जिसकी पैमाइस करवाते हुए ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी कार्य कराया गया। रास्ते पर लगे पेड़ की नीलामी से प्राप्त धनराशि ग्राम निधि में भी जमा की गई। इसके बावजूद विपक्षीगण रास्ते पर कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। इसी तरह गाटा संख्या 142 पर भी वर्षों से कब्जा चला आ रहा है, जबकि क्षेत्रीय लेखपाल व नायब तहसीलदार द्वारा तीन बार पैमाइस कर कब्जा खाली कराने का आदेश दिया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम प्रधान ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया है और स्पष्ट कहा है कि सुगम विकास कार्य गांव की मूलभूत आवश्यकता है, इसमें किसी भी प्रकार का अवरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से निवेदन किया है यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया और विकास कार्य पूरा नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### गन्ना किसानों की बदहाली पर भड़की भाकियू अमन संधू, डीएम व गन्ना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रतिनिधियों ने जिला गन्ना अधिकारी और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गन्ना किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर कड़ा ऐतराज जताया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमनदीप संधू ने गोला क्षेत्र में आयोजित एक आमसभा में किसानों की पीड़ा को आवाज़ दी और कहा कि जिले की तीनों बजाज चीनी मिलें किसानों का भुगतान जानबूझकर लंबित रख रही हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इन मिलों पर पूर्व में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद किसानों के बकाए भुगतान की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो अत्यंत दुखद और अस्वीकार्य है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि संसारपुर गन्ना केंद्र केवल कागज़ों पर पंजीकृत है, जबकि ज़मीनी स्तर पर वहां कोई सुविधा मौजूद नहीं है। किसान अब अपना गन्ना नोआखेड़ा केंद्र पर भेजने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों की मांग है कि संसारपुर केंद्र को वास्तविक रूप से क्रियाशील किया जाए और आवश्यकता हो तो आस-पास के गांवों को जोड़कर इसकी गन्ना आपूर्ति को संतुलित किया जाए। रज़ागंज लाइन और ममरी लाइन में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर बनी रहती है, जिससे किसानों को लाइन में खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है। साथ ही गन्ना केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे किसानों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) ने मांग की है कि गन्ना लाइनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए और केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसान देश की रीढ़ हैं। यदि उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिलेगा, तो यह राष्ट्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### शिक्षिका कविता ने बढ़ाया जनपद का मान



**बलरामपुर।** सादुल्लनगर कहानी सुनाओ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की दो शिक्षिकाओं का चयन हुआ है।जिसमें कंपोजिट विद्यालय बभनपुरवा की सहायक अध्यापक कविता ने मेरी माटी मेरा देश थीम पर कहानी सुनाकर जिले का मान बढ़ाया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा 22 से 24 जुलाई तक प्राथमिक विद्यालय खुर्रमनगर लखनऊ में कहानी सुनाओ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें प्रत्येक जिले से दो-दो शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने पर खुशी जताते हुए सहायक अध्यापक रिंकू प्रमाणिक ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश एवं भारत की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर कहानी सुनानी थी। कंपोजिट विद्यालय बभनपुरवा की सहायक अध्यापक कविता ने बताया कि निर्धारित थीम पर तीन से पांच मिनट के अंदर कहानी सुनानी थी। विलक्षण महामना नामक कहानी के जरिये मैंने शिक्षा के क्षेत्र में मदन मोहन मालवीय जी के योगदान पर प्रकाश डाला। भाषा शैली, विषयवस्तु एवं कहानी के जरिए बच्चों से जुड़ाव के आधार पर मेरी कहानी का चयन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की सहायक अध्यापक रिंकू प्रमाणिक एवं कविता का चयन होने पर बीएसए शुभम शुक्ल ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

### आटो में बैठी महिला पसेंजर के गले से चेन खींचने वाली दो महिला चोर को महिला पैसेंजर ने रंगे हाथ पकड़ा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर नई बाजार में आटो रिक्शा से घर जा रही मंजूर डीजे वाली बहन के गले का चेन आटो में बैठी दो महिलाओं ने चोरी कर लिया मंजूर डीजे की बहन को लगा कि गले का चेन नहीं है तभी आटो में ही बैठी दो चोर महिलाओं को पकड़ जामा तलाशी की तो चोर महिला के पास से गले चेन बरामद हो गया। आटो में बैठी दोनों चोर महिलाओं को पुलिस थाने ले जाया गया। चोर महिलाओं से पूछताछ जारी है। चोर महिला बाहर की बताई जा रही हैं।

## गन्ना किसानों को बड़ी राहत

# चीनी मिल चालू होने से पहले मिलेगा बकाया भुगतान

**समिति की बैठक में लिए गए अहम फैसले**

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




सहकारी गन्ना विकास समिति गोला की असाधारण सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को नेहरू पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्रीय गन्ना किसानों की समस्याओं एवं भावी रणनीतियों पर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अमन गिरि शामिल हुए, जबकि समिति अध्यक्ष बीना सिंह, संचालकगण, क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में डेलीगेट्स की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर एवं समिति के सचिव बलवन्त कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

साधारण सभा में आगामी गन्ना सुरक्षा वर्ष 2025-26 की योजना को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। इसमें किसानों की उपज सुरक्षा, समय पर पेराई, गन्ना तौल व्यवस्था एवं बकाया भुगतान जैसे अहम विषयों पर गहन चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने मिलकर पारदर्शी व्यवस्था को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

बैठक में एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। केन ग्रोवर्स नेहरू पीजी कॉलेज में बीएससी (कृषि) की मान्यता को प्राप्त करने के लिए एक कृषि फार्म क्रय किए जाने के प्रस्ताव को सदन ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। यह कदम क्षेत्रीय युवाओं को कृषि शिक्षा में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में उपस्थित चीनी मिल गोला के जीएम (केन) ने किसानों को भरोसा दिलाया कि पेराई सत्र 2024-25 का शेष गन्ना मूल्य भुगतान मिल शुरू होने से पहले ही कर दिया जाएगा। यह घोषणा किसानों के बीच खुशी की लहर लेकर आई। सहकारी समिति की अध्यक्ष बीना सिंह ने चीनी मिल गोला, गुलरिया एवं कुम्भी के क्रय केन्द्रों पर गन्ना कृषकों से जबरन उतराई न लिए जाने का मुद्दा भी बैठक में उठाया। उन्होंने अधिकारियों से संकल्प दिलवाया कि इस बार किसी भी किसान पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाएगा और तौल व्यवस्था पारदर्शी व सुविधाजनक रखी जाएगी। सभी एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में किसानों ने समिति के कार्यों की सराहना की और आने वाले सत्र को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव भी दिए।

## हिंदी दिवस पर एसआरजीएम अकादमी में गूंजीं कविताएं, ख्यातिप्राप्त कवियों ने बांधा समां

**छात्राओं ने सुनाए ओजपूर्ण गीत, शिक्षकों ने हिंदी की गरिमा को किया प्रणाम**



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** स्थानीय राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास और साहित्यिक गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई ख्यातिलब्ध कवियों और विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लेकर हिंदी भाषा के प्रति अपने भावों को काव्य रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मोहित पुरी व प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। समारोह में आमंत्रित कवियों डा वीरेश बाजपेई, श्याम मोहन मिश्र, सुधीर अवस्थी की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। छात्राओं ने बिखेरी काव्य प्रतिभा, शिक्षकों की रचनाओं ने छू लिया दिल, हिंदी को विश्व मंच पर ले जाने की अपील, अंग्रेजी सीखने पर भी दिया जोर, विद्यालय की छात्राओं- यशप्रीत कौर, साक्षी वर्मा, आख्या वर्मा, आराध्या पटेल, दिव्यांशी चौधरी, प्रगति तिवारी व इला मिश्रा ने मंच से अपनी सशक्त कविताओं द्वारा सभी का मन मोह लिया। इसके बाद आमंत्रित कवि श्याम मोहन मिश्र ने सुनाया- काम की भीड़ से कुछ निकालो समय, उम्र सारी पड़ी जिंदगी के लिए..., डॉ. वीरेश बाजपेई की कविता- भारत का अभिमान है हिंदी, जन जन का सम्मान है हिंदी ने श्रोताओं से विशेष सराहना बटोरी। विद्यालय के शिक्षक भी इस अवसर पर पीछे नहीं रहे। पुनीत तिवारी ने सुनाया- हिंदी पढ़ना लिखना गर हम सबने छोड़ दिया, आने वाली पीढ़ी के बच्चे क्या मानस पढ़ पायेंगे..., कौशल अवस्थी ने कविता के माध्यम से हिंदी को देश की आन-बान-शान बताया। संगम गुप्ता की पंक्तियां- जहां ने बांट ली दुनियां धर्म के नाम पर लेकिन, भगत, रसखान, मोहन को वो हिंदुस्तान संगम है... ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया। राजीव प्रकाश शर्मा ने सुनाया- हक स्वराज्य में भी हिंदी को अगर नहीं मिल पायेगा, कोई बताये मुझे कि आखिर वह शुभ दिन कब आयेगा?, वरिष्ठ शिक्षक शशिकांत मिश्र शशि ने अपनी रचना- हिंदी भाषा के क्या कहने, पहने अलंकार के गहने से मंच को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन भी प्रभावशाली रूप से राजीव प्रकाश शर्मा ने किया।

**सम्मान व संदेश** विद्यालय निदेशक मोहित पुरी और प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने सभी आमंत्रित कवियों को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर समान अधिकार होना चाहिए, ताकि वे वैश्विक मंचों पर भी सफल हो सकें। निदेशक मोहित पुरी ने कहा कि हमें हिंदी को नहीं छोड़ना चाहिए, बल्कि इसे आत्मसम्मान से अपनाना चाहिए। इस अवसर पर विशेष अतिथि केशव अग्रवाल ने भी अपने अनुभव साझा किए और हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवीन कार्यकारिणी ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा पत्र



**मितौली खीरी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मितौली की नवीन कार्यकारिणी ने सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव से बीआरसी कार्यालय पर मुलाकात की और अपनी कार्यकारिणी का आधिकारिक पत्र सौंपा। इस दौरान जिला मंत्री सुधीर कुमार वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी से संगठन की नीतियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक संरक्षक राजराम भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष परमानन्द यादव, संगठन मंत्री आशुतोष कुमार वर्मा, संयुक्त महामंत्री वीरेन्द्र कुमार, संयुक्त मंत्री संजय सिंह सहित कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक व छात्र-छात्राओं के हित में वे हमेशा शिक्षकों के साथ खड़े रहेंगे।

### मासूम की मृत्यु पर तमोलिनपुरवा गांव पहुंचे झंडी स्टेट के राजा, राजेश्वर सिंह परिजनों को दी आर्थिक मदद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन क्षेत्र में बाढ़ ने एक और मासूम की जिंदगी छीन ली। थाना निघासन क्षेत्र के गांव लोनियनपुरवा मजरा लालपुर में 10 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई। हादसे की खबर से पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव निवासी छोटे लाल का पुत्र ज्ञानेंद्र बीते दिन घर से मवेशियों के लिए चारा लेने निकला था। देर शाम तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। ग्रामीणों के साथ मिलकर उन्होंने हर जगह तलाश शुरू की, लेकिन रातभर कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र के पास बाढ़ के पानी में उसका शव उतराता मिला। बच्चे की मौत की खबर से पूरे गांव में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह स्वयं गांव पहुँचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। राजा राजेश्वर सिंह ने कहा, ÷बच्चे की असमय मौत का दुख शब्दों में बयान करना संभव नहीं है। यह पीड़ा कम नहीं की जा सकती, लेकिन साझा जरूर की जा सकती है। झंडी राज परिवार हर सुख-दुख में आपके साथ खड़ा है और हर जरूरत पर सहयोग दिया जाएगा।

### हज उमरा के लिए रवाना हुए सफीउद्दीन अंसारी, लोगों ने फूल-मालाओं से किया विदा



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** ग्राम पंचायत गोला देहात के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी समाजसेवी सफीउद्दीन अंसारी रविवार को पवित्र हज उमरा यात्रा के लिए रवाना हुए। इस शुभ अवसर पर उन्हें फूल-मालाओं से लादकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। क्षेत्र के लोगों में इस अवसर पर उत्साह और धार्मिक उल्लास देखने को मिला। विदाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि सफीउद्दीन भाई हमारे क्षेत्र की शान हैं। उनकी यह यात्रा हम सबके लिए प्रेरणा है। अल्लाह से दुआ है कि उनकी यात्रा कुबूल हो और सलामती के साथ लौटें। इस मौके पर क्षेत्र के कई सम्मानित व्यक्तित्व मौजूद रहे, जिनमें हाफिज हसीब रज़ा अजहरी, निसार अली, हाफिज शहरे आलम, कारी राशिद और आशिक अली प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने मिलकर उन्हें उमरा की मुबारकबाद दी और उनके लिए दुआएं मांगी। ग्रामवासियों और मित्रों ने फूल-मालाओं, इत्र और मिठाई से स्वागत करते हुए उन्हें विदा किया। माहौल पूरी तरह से धार्मिक श्रद्धा और भाईचारे से भरा हुआ था। विदाई समारोह में युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ देखने को मिली।

## बरेली में लहराया खीरी का परचम, सेपकटाकरा चैंपियनशिप में महिला टीम को गोल्ड

**पुरुष टीम को मिला सिल्वर, राज्यपाल ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



20वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष सेपकटाकरा चैंपियनशिप में लखीमपुर खीरी की महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, जबकि पुरुष टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता का आयोजन 13 व 14 सितम्बर को बरेली के स्व. डोरीलाल अग्रवाल स्टेडियम के इंडोर हॉल में किया गया। इस अवसर पर झारखंड के महामहिम राज्यपाल श्री संतोष गंगवार ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ। गौला छोटी काशी स्पोर्ट्स सेपकटाकरा एसोसिएशन के जिला सचिव व प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी तान सिंह (पूर्व ITBP) ने बताया कि यह खेल अब प्रदेश के हर जिले में फैल रहा है और खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों तक का रास्ता खोल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस खेल की नींव स्व. डॉ. एस.एम. सीरिया ने 1986 में बरेली कॉलेज के मैदान से रखी थी। आज उनके पुत्र सुमील एस. सीरिया, उत्तर प्रदेश महासचिव के रूप में इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। तान सिंह ने कहा कि खीरी के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है और जल्द ही मंडल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### श्राद्ध पक्ष में मात्र नवमी पर विशेष श्रद्धांजलि

**मितौली खीरी।** पितृ पक्ष की पवित्र अवधि चल रही है, जो सनातन धर्म में पूर्वजों की स्मृति और उनकी आत्मा की शांति के लिए समर्पित मानी जाती है। इस श्राद्ध पक्ष में सोमवार को मात्र नवमी थी, मात्र नवमी तिथि का विशेष महत्व है। हिन्दू धर्मशास्त्र के अनुसार, नवमी को पितरों के प्रति विशेष श्राद्ध अनुष्ठान करने का अत्यंत पुण्य दिन माना गया है। देशभर में श्रद्धालु पवित्र जल, हवन, पिंडदान और भोज का आयोजन करके अपने पूर्वजों को समर्पित आशीर्वाद प्रकट कर रहे हैं। धार्मिक गुरुओं और पंडितों का कहना है कि नवमी को किए गए श्राद्ध कर्म से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**दुनिया का सबसे लंबा कवयित्री सम्मेलन**

## गोला गोकर्णनाथ में रचा गया नया विश्व रिकॉर्ड

**52 घंटे 50 मिनट 34 सेकंड तक अनवरत चला कवयित्री महाकुंभ, दुबई की रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ नाम**




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ एक बार फिर साहित्य के इतिहास में अमिट छाप छोड़ गया। हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर कपिलश फाउंडेशन द्वारा आयोजित दशम वार्षिकोत्सव को कवयित्री महाकुंभ के रूप में मनाया गया, जहां लगातार 52 घंटे 50 मिनट 34 सेकंड तक कवयित्री सम्मेलन आयोजित कर नया विश्व रिकॉर्ड रचा गया। द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, दुबई ने इसे दुनिया का सबसे लंबा कवयित्री सम्मेलन घोषित किया। कार्यक्रम में रिकॉर्ड बुक के प्रतिनिधि समीर सिंह ने यह प्रमाण पत्र कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे को सौंपा। इस ऐतिहासिक अवसर पर अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। जिसमे संस्था संरक्षक व पूर्व विधायक विनय तिवारी वरिष्ठ नेता ज्ञान स्वरूप शुक्ल ज्ञानू महाराज, अनुराग पटेल, यतीश चंद्र शुक्ल, नानक चंद वर्मा, डॉ. वीबी धुरिया, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, डॉ. राजेंद्र सिंह पुंढीर, रामसरन, सुधीर अवस्थी रेखा तिवारी सहित कई अन्य विशिष्ट साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

**यहा कपिल देव खरे स्मृति सम्मान-** जयकिशन अग्रवाल जय, खुर्जा (बुलंदशहर), **राजवैद्य रघुनंदन प्रसाद स्मृति सम्मान-** डॉ. वीबी धुरिया, लखीमपुर, **कपिलश गीत गुंजन सम्मान-** मनीषा जोशी, नोएडा, **कपिलश छोटी काशी की कलम सम्मान-** बृजेश तिवारी बृजेश, गोला, **कपिलश तूलिका सम्मान-** डॉ. राजेंद्र सिंह पुंढीर, बरेली, **पर्यावरण मित्र सम्मान-** राम मोहन गुप्ता, **लखीमपुर, कपिलश लोक कला सम्मान-** स्मिता तिवारी, गोला, **कपिलश छोटी काशी सेवा सम्मान-** नानक चंद वर्मा, गोला, **निर्मल स्मृति सम्मान (रु.5100 नकद सहित)-** रेखा बोरा, वरिष्ठ साहित्यकार, लखनऊ को प्रदान किया गया।

**वहीं चार साहित्यकारों ने रचे अनूठे विश्व कीर्तिमानः श्रीकांत तिवारी कांतः** 100 मिनट में 75 दोहे लिखकर रचा रिकॉर्ड, जज- समीर सिंह, तकनीकी परीक्षण- शिप्रा खरे एवं अनूप त्रिपाठी, **डॉ. कुसुम चौधरी (बाराबंकी):** 100 मिनट में 51 बालगीत रचकर किया कीर्तिमान, तकनीकी परीक्षण- जयकिशन जय व सुधीर अवस्थी, **संत कुमार बाजपेई संत (गोला):** दुनिया की सबसे लंबी ग़ज़ल- 1721 शेर, ग़ज़ल शीर्षक- जागो बंधु जगाते लोग। कपिलश फाउंडेशन के इस दशक भर के सांस्कृतिक व साहित्यिक योगदान को देशभर के साहित्यकारों ने सराहा। संस्था की अध्यक्ष शिप्रा खरे के कुशल नेतृत्व में यह आयोजन हिंदी भाषा, साहित्य और नारी सशक्तिकरण के संगम का प्रतीक बना।

## क्षेत्र की दो ग्राम सभाओं में अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की मौत

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहादुल्ला नगर स्थानीय थाना क्षेत्र के दो ग्राम सभाओं में अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अचलपुर चौधरी की है, जहाँ पन्नी लाल (45 वर्ष) पुत्र जल्लाहे ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर की खिड़की में मफलर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने दूरभाष से पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी घटना निवासी देवेंद्र तिवारी की पत्नी गुड़िया (43 वर्ष) ने बीते रविवार को पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए गोंडा ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनाओं के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं हो पाई है, जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## साहब गौशाला जाने का रास्ता ही नहीं है, कैसे करे गौसेवा



**बलरामपुर।** ग्राम सभा बभनी बुजुर्ग व तिलखी बढ़या में स्थित अस्थाई गौ शाला तो बना दिया गया किन्तु ऊबड़ खाबड़ रास्ते से ही आवागमन होता है। गांव के बुजुर्गो का कहना है कि बाढ़ से बचने के लिए सभी गांव के लोग मिलकर इस बंधे का निर्माण किया गया था ताकि आने जाने के लिए सड़क तथा बाढ़ से बचाव करेगा। अब गौशाला भी बन गया अधिकारियों का आना जाना, गौशाला के लिए भूसा, निर्माण कार्य के लिए सामान सब इसी कच्ची सड़क से होती है और कई गांव के लोगो का आना जाना इसी रास्ते से होता है क्योंकि गनियारी के नाम से विख्यात लगभग हजारों एकड़ में फैला हुआ है जिसमे दर्जनों गांव की जमीन है गेंहू बुवाई कटाई धुलाई इसी कच्चे रास्ते से होता है। आजादी से लेकर अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। जबकि तिलखी बभनी के दोनो गौशाला को होते हुए सिंगार जोत मुख्य मार्ग को ऐ सड़क जोड़ता है।ग्रामीण गोपाल चौधरी, अर्जुन भारती, राम शब्द, कल्लू साहू, भगवत प्रसाद मिश्र, वेद व्रत मिश्र, राधे श्याम यादव आदि ने सासन प्रशासन से सीसी रोड बनवाने की मांग की है।

### देश आजादी से लेकर आज तक नहीं बनी पिपरा राम से तिलखी गांव जाने वाली सड़क

**बलरामपुर।** महुआ बाजार (बलरामपुर) विकास खण्ड उतरौला अंर्तगत पिपरा राम से तिलखी मार्ग पर स्थित उतरौला रजवाहा नगर पुल से ग्राम सभा तिलखी के मजरा बढ़या को जोड़ने वाला मार्ग आज़ादी से लेकर आज तक नहीं बना। ग्रामीणों ने कई बार इसकी सूचना तहसील दिवस में, दिया, जनप्रतिनिधियों से कहा, चुनाव वहिष्कार का बैनर भी लगा किंतु बन जाने के आश्वासन मिलने पर लोग शांत हो गए परंतु आज तक उन ग्रामीणों के



**ग्रामीणों को हर चुनाव में जनप्रतिनिधि देते है भरोसा**

दर्द को समझने वाला कोई नहीं मिला। ग्रामीण कलीम, चिदुन सोनू निषाद, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा, ने बताया कि कभी किसी की तबियत खराब हो जाए रात में तो डर लगता हैं न ही कोई साधन समय से पहुंच सकती हैं। सड़क, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा आदि जनता का मौलिक अधिकार हैं सरकार प्रतिबद्ध हैं पूरा करने के लिए किंतु दुर्भाग्य है कि एक लंबे अर्से से ग्रामीणों की मांग जो जनहित के लिए है वह जिम्मेदार नहीं पूरा कर सकते हैं। ग्रामीणों में सड़क न बनने से रोष व्याप्त है। राघवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इसकी शिकायत किसान दिवस में किया है अब देखना यह है कि किसान दिवस में दिए गए शिकायत को कितने गंभीरता से अधिकारी ले रहे हैं, सड़क बनवाने की कुछ रूप रेखा तैयार कर रहे हैं या फर्जी रिपोर्टिंग करके सरकार और जनता को गुमराह कर रहे है।

# युवक का शव मिलने से हड़कंप

## ▸ तीन युवकों ने रुपयों के लिए की हत्या

**भरथना-इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा के मुहल्ला गिरधारीपुरा निवासी शिवम यादव 22 वर्ष पुत्र अखलेश यादव को रविवार की सुबह करीब 11 बजे तीन-चार नामजद घर से बुलाकर कहीं अपने साथ ले गये थे। जिसके कुछ घंटे बाद शाम करीब 4 बजे एक नामजद युवक ने शिवम को ग्राम वैसौली भानपुर के निकट सेंगर नदी में लापता होने की सूचना देकर परिजनों समेत क्षेत्र में सनसनी फैला दी।

घटना की खबर मिलते ही परिजनों की सूचना पर तहसीलदार दिलीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और ग्रामीण तैराक युवकों और गोताखोरों की मदद से लापता युवक शिवम की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया, लेकिन रविवार की देर रात्रि तक चले सर्च ऑपरेशन को शिवम का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में घटना के दूसरे दिन सोमवार की भोर होते ही ग्रामीण तैराक युवकों और गोताखोरों की टीम ने पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। दोनों टीमों के सफल प्रयास से गोताखोरों की टीम ने घटना के दूसरे दिन सोमवार को करीब 20 घंटे बाद लापता शिवम का शव ग्राम वैसौली भानपुर के निकट से गुजरी सेंगर नदी से बरामद कर लिया। घटनास्थल पर मौजूद मृतक शिवम की बहन कु0 शिवानी यादव ने तीन-चार नामजदों पर भाई शिवम को घर से बुलाकर ले जाने और मारपीट कर उसकी हत्या कर नदी में शव फेंक देने का आरोप लगाया है। शिवानी ने बताया कि कस्बा की एक युवती द्वारा उसके भाई शिवम पर मुकद्दमा दर्ज कराया था, उक्त मामले में शिवम न्यायालय से जमानत पर था। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने कहा है कि घटना की गहनता से जांच कराई जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद घटना का कारण स्पष्ट हो सकेंगा। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि पूजन के साथ 27वें रामलीला महोत्सव के आयोजन की तैयारियां शुरू

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** भूमि पूजन के साथ 127वें रामलीला महोत्सव के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई। कार्यक्रम को और अधिक भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य महोत्सव की तैयारियों में जुट गये हैं।

रामलीला कमेटी भरथना के तत्वाधान् में सम्पन्न होने वाले 127वें रामलीला महोत्सव के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को कस्बा के जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव ने कमेटी संरक्षक सत्यप्रकाश यादव, विनोद यादव, अरविन्द भदौरिया, दीपक यादव आदि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन अर्चन कर भूमि पूजन किया। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गयीं। कमेटी के अध्यक्ष रोहित यादव, महामंत्री विनोद गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नीलेश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रामलीला महोत्सव को और अधिक भव्य व ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए तैयारियां शुरू हो गयी हैं। उक्त कार्य में कमेटी पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं। जिसके चलते 19 सितम्बर को भगवान भोलेनाथ की बारात नगर भ्रमण हेतु निकाली जायेगी तथा 20 सितम्बर से विधिवत मिडिल स्कूल प्रांगण में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया जायेगा। भूमि पूजन के दौरान उमेश तिवारी, रामऔतार गुप्ता, गिरीश शुक्ला, रानू यादव, विजय सविता, प्रताप यादव, रजत कठेरिया, कमलेश यादव सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# टेट के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

## ▸ पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के देशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर जिले में शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता के विरोध में एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन के तहत हजारों शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन और मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी ने हाल ही आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद टेट को सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य करना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि टेट परीक्षा वर्ष 2010 के बाद से लागू हुई है, ऐसे में इसके पहले नियुक्त शिक्षकों पर यह लागू करना, न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि उनके अनुभव और सेवाओं का भी अपमान है। उन्होंने वर्ष 2017 के संशोधन को मनमाना करार देते हुए कहा कि सरकार को इस अधिनियम में पुनः संशोधन करना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष सोनू बाजपेई ने इस आदेश को निराशाजनक बताते हुए कहा कि शिक्षक हर कदम पर चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में यह निर्णय उसकी कठिनाइयों को और बढ़ाएगा। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा। जिला संगठन मंत्री कपिल त्रिवेदी और महामंत्री संकल्प मिश्र ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस संशोधन को संसद से वापस नहीं लिया तो आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा। जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता ने सरकार से शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उनके हित में ठोस कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्र शुक्ला ने साफ किया कि यह आंदोलन शिक्षकों की गरिमा और शिक्षा के भविष्य की रक्षा के लिए है और उनकी मांगें पूरी होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यदेव सिंह विक्रम विवेक तिवारी अतुल प्रज्ञा, धर्मेश अजय प्रताप, जितेन्द्र, प्रवीण संतोष, मंजू, सारिका, कविता, प्रियंका, रतन सारिका, सरिता, रश्मि, अतिया, खालिद, मनवीर सिंह, आशुतोष, शशांक, हेमंत आदर्श सौरभ संदीप महिला संघ की अध्यक्षा मंजू कनौजिया सहित हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुदेशक व शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



# सांप के काटने से किसान की मौत

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** ताखा क्षेत्र के कृपालपुरा गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में किसान की सांप के काटने से मौत हो गई। कृपालपुरा निवासी राम प्रकाश (65) रविवार रात को अपने धान के खेत में पानी लगाने गए थे। इसी दौरान खेत में काम करते समय अचानक उन्हें सांप ने काट लिया।

परिवार के लोगों ने बताया कि रामप्रकाश देर रात तक खेत से वापस नहीं लौटे तो परिजन उन्हें खोजने पहुंचे। वहां जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था में खेत के किनारे पड़े थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ऊसराहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया किसान की मौत सांप के काटने से हुई है पोस्टमार्टम कराया गया है।

# खुमार बाराबंकवी की जयंती पर सजी यादगार महफिल

## ▸ खुमार के रंग में डूबा बाराबंकी, गुलों से महका मजार, आसमान से बरसी रहमत की बूंदें, भीगती रही फिजा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



धीरे-धीरे बरसते आसमान और भीगी हुई फ़िज़ाओं के बीच सिविल लाइन स्थित कर्बला पर आज एक अद्भुत मंज़र देखने को मिला। विश्वविख्यात शायर और ग़ज़ल सम्राट मरहूम ख़ुमार बाराबंकवी की जयंती पर उनकी मज़ार गुलपोशी और श्रद्धा के फूलों से महक उठी।

आसमान से बरसी रहमत की बूंदें,भीगती रही फ़िज़ा, चाहने वालों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा माहौल इश्क़ और अदब की महक से सराबोर हो गया।मज़ार पर पहले गुलपोशी और वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ, जिसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आग़ाज़ हुआ। इस दौरान खुमार साहब के नातिया कलाम उन्हीं के अंदाज़ में पढ़े गए। ख़ासकर उनके पोते फ़ैज़ ख़ुमार और नामचीन शायर कलीम बाराबंकवी ने जब कलाम पेश किया तो ऐसा लगा मानो खुद खुमार साहब का अंदाज़-ए-बयाँ महफ़िल में मौजूद हो।

आयतुल्लाह हमीदुल हसन साहब का खिताब महफ़िल का सबसे रुहानी पल तब आया जब हिंदुस्तान के बड़े मुस्लिम धर्मगुरु और शिया स्कॉलर आयतुल्लाह हमीदुल हसन साहब क़िब्ला ने ख़िताब किया। उन्होंने कहा कि खुमार बाराबंकवी सिर्फ़ शायर नहीं, बल्कि अदब की दुनिया का वो चिराग़ थे, जिसने कम लफ़्ज़ों में गहरे पैग़ाम समाज तक पहुँचाए।

उन्होंने ख़ुमार साहब का मशहूर शेर पढ़ा- न हारा है इश्क़ और न दुनिया थकी है, दिया जल रहा है हवा चल रही है।

यह शेर सुनते ही पूरा मज़मा भावुक हो गया और ज़ोरदार तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी।

इसके अलावा उन्होंने एक और शेर पढ़ा, जिस पर जमकर दाद मिली– हैरत है तुमको देखकर मस्जिद में ऐ ख़ुमार, क्या बात हो गई कि ख़ुदा याद आ गया। आयतुल्लाह साहब ने कहा कि खुमार बाराबंकवी की शायरी न सिर्फ़ ग़ज़ल प्रेमियों के लिए थी, बल्कि हर इंसान के दिल को छू लेने वाली आवाज़ थी। इस श्रद्धांजलि सभा में जिले और प्रदेश की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। इनमें नज़मिया अरेबिक कॉलेज के प्रिंसिपल मौलाना सैयद फ़रीदुल हसन साहब क़िब्ला, पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह,फ़राज़ किदवई हाजी शहाब खालिद ऐडवोकेट, वरिष्ठ गांधीवादी व समाजसेवक राजनाथ शर्मा, अध्यक्ष चचा अमीर हैदर ऐडवोकेट,पत्रकार हशमत उल्लाह, तारिक खान, आमिर रिज़वी, डॉ. रज़ा मौरानवी, कशिश संदिलवी, मौलाना हिलाल अब्बास साहब, अधिवक्ता सैयद रेहान मुस्तफ़ा, परवेज़ अहमद,सदाचारी लाला उमेश चंद्र श्रीवास्तव,मोहम्मद वसीक, तकी मुस्तफा,इरफान कुरैशी, राजेंद्र फोटो वाला, समेत जिले की कई नामचीन शख़्सियतें शामिल रहीं। सभी मेहमानों ने मज़ार पर चादर और पुष्प अर्पित कर खुमार साहब को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक आमिर रिज़वी और जनरल सेक्रेटरी उमेर किदवई ने सभी मेहमानों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि ख़ुमार साहब की यादें और उनका कलाम हमेशा ज़िंदा रहेगा।

# प्राचीन बड़े हनुमान मन्दिर के मुख्य द्वार का होगा निर्माण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को मोतीनगर स्थित सैकड़ो वर्ष पुराने बड़े हनुमान मन्दिर मुख्य द्वार के निर्माण कार्य मे चल रहा विवाद खत्म हो गया व मन्दिर समिति व भक्तो की इच्छानुसार बनेगा मन्दिर के द्वार का होगा भव्य निर्माण।

नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी व श्री संकट मोचन समित के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी द्वारा बताया गया कि आज कोतवाली मे नगर मजिस्ट्रेट व एएसपी, सहित नायब तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी मे मन्दिर पक्ष व प्रकाश मसीनरी के मालिक व भूस्वामियों के बीच मन्दिर के मुख्य द्वार को दोनों पक्षो की सहमति पर निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन व सभी भक्तो का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राकेश शुक्ला संदीप पांडे, योगेश मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव, अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, अधिवक्ता अजय श्रीवास्तव, अधिवक्ता सोनू सिंह, पंकज दीक्षित, मोनू अवस्थी अजय त्रिवेदी, अधिवक्ता राघवेंद्र पांडे, अभिषेक तिवारी, अखिलेश मिश्रा सहित दोनों पक्षों के लोग व विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## सूचना

मेरे आर्मी अभिलखों में त्रुटिवश पत्नी BINEETA DEVI व पुत्री PLAK का नाम दर्ज हो गया है, जबकि पत्नी का वास्तविक नाम VINEETA DEVI व पुत्री का वास्तविक नाम PALAK DWIVEDI है।
नं. JC-844947W, NB SUB (DSCGD)
**अवनीश कुमार द्विवेदी निवासी-दीनदयाल बाग, मसेनी रोड, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद**

## सूचना

मेरे पुत्र के विद्यालय के अभिलखों में त्रुटिवश पिता रविनेशचन्द्र (RAVINISH CHANDRA) व माता का नाम वीना (VEENA) का नाम दर्ज है, जो अशुद्ध है। इसके स्थान पर पिता का शुद्ध नाम रविनेशचन्द्र यादव (RAVINESH CHANDRA YADAV) व माता का शुद्ध नाम बीना (BEENA) है, जो विद्यालय के अभिलेखों में दर्ज किया जाये। **रविनेशचन्द्र यादव पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी 259/19 गीता पुरम कालोनी फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज, बहराइच

पत्रांक- 366/आंकिक/निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक- 15.09.2025

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पन्द्रहवें वित्त आयोग/पांचवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, एवं जिला पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग में ए.बी.सी. श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं को मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | विड सिक्योरटी रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत चन्द्रावा के मजरा ढ़ोढे पुरवा में अशोक पाण्डेय के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 3.00 | 0.150 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 2. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उप केन्द्र विशेश्वरगंज पर पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 3. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत बड़ागांव के प्रा.वि. बड़ागांव द्वितीय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 4. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत कन्छर के राजकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 5. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत रमनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 6. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 7. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत राजापुर गिरन्ट के मजरा बद्रीपुरवा में मुन्ना माली के घर के सामने ब्रम्हदेव बाबा व शनिदेव मन्दिर स्थान पर पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 8. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत जमुनहाकला के श्रीनगर चौराहे पर पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 9. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत गंगवल में अवधेश के घर के पास पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 10. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 11. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही में रग्घु बाबा मन्दिर पर पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 12. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत खरिहा दपौली के मजरा गोसाईपुरवा में गुल्ले गोसाई के घर से विन्देश्वरी गोसाई के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 13. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सरकाही के मजरा जैतापुर में मूलुक राज के घर के पास से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 14. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के मजरा मुन्ना सिंह पुरवा में बदलू यादव के घर से चकरोड तक नाली मरम्मत कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 15. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत बालानगर कोड़री के मजरा भिट्टी पुरवा में राजू पाण्डेय के घर के सामने से जीवन लाल पाण्डेय के खेत तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 16. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत गंगवल में लक्ष्मी नारायण यज्ञसैनी के घर के पीछे से खुन्नी के नाली तक नाला निर्माण कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 17. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत तकिया में गोड़िया पर पुलिया कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 18. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत कांधभारी के मजरा जोगनी में नान बच्चा के खेत के पास पुलिया कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 19. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत अमराई के मजरा इटहिया में आर.सी.सी. रोड से मनोज शुक्ला के घर तक नाली निर्माण कार्य | 6.00 | 0.300 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 20. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत चन्द्रावा खास से राम करन नाई के घर से हिकैता तालाब तक नाला/नाली निर्माण कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 21. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत ककरा मो.पुर के मजरा खरिहा में रक्षाराम मुंशी के खेत के पास पुलिया कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 22. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत ककरा मो.पुर के मजरा खरिहा में ननके के घर के पास पुलिया कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 23. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत प्रतापपुर तरहर के मजरा भुरावन तिखड़िया में बाबादीन के घर के मनीराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 24. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत पुरैना में रामजी गुप्ता के घर से शकती साहू के घर से नाला निर्माण कार्य | 8.50 | 0.425 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 25. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत सुनगा के मजरा धौली में निरंकार तिवारी के घर से गिट्टीर तिवारी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 26. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | विशेश्वरगंज थाना परिसर में इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 27. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत महादेव परसिया में काली माता मन्दिर पर हाई मास्क लाईट का स्थापना कार्य | 3.50 | 0.175 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 28. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत कच्छर में अन्त्येष्टि स्थल का मरम्मत व बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 29. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत कच्छर में शवदाह केन्द्र पर बैठक व स्नानागार आदि का निर्माण कार्य | 9.00 | 0.450 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 30. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत नेठिया के मजरा बभनपुरवा में दीनानाथ के घर से शिवनान्द शुक्ल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 9.00 | 0.450 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 31. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत ललितनगर के मजरा असनहवा में डामर रोड से विद्याराम तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.99 | 0.500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 32. | पन्द्रहवां वित्त अनटाईड | ग्राम पंचायत बुढ़नी भलुहिया के मजरा खानपुर में रामपाल के घर से उग्रसेन गोस्वामी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.97 | 0.499 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 33. | पन्द्रहवां वित्त टाईड | ग्राम पंचायत पुरैना में मजरा पुरैना में गुड़तवा तालाब से अलताफ के खेत होते हुए नहर तक नाला कार्य | 8.00 | 0.400 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 34. | पंचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय के मेन गेट पर ग्लो साईन बोर्ड का कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 35. | पंचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय के मेन गेट पर ग्रेनाईट पत्थर का कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 36. | पंचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड कार्यालय में मरम्मत/साज सज्ज का कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 37. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कन्छर के विशेश्वरगंज बस अड्डा से लेकर रेलवे लाईन तक हर 50-50 मीटर पर सोलर/स्ट्रीट लाईट कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 38. | पंचवां वित्त आयोग | विकास खण्ड के समस्त गौआश्रय स्थल पर 04-04 सोलर/स्ट्रीट लाईट कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 39. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत गंगवल के रणवरिया चौराहे से काली मन्दिर तक लगे विद्युत खम्भो पर एल.ई.डी. (100 वाट) लाईट का स्थापना कार्य | 5.00 | 0.250 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 40. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा सोसापुरवा में अक्षेवर के घर से मन्नी के घर तक खण्डजा निर्माण कार्य | 6.00 | 0.300 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 41. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत लखनगोण्डा में पंचायत भवन से होते हुए त्रिलोकी चौबे के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 42. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमराई के मजरा इटहिया में आर.सी.सी. रोड से मनोज शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 43. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत दिगितपुरवा में काली नाथ गांव में काली सड़क से काली नाथ मन्दिर तक सी.सी. रोड कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 44. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत मझवा घनकट मे गौस मो. के घर से पक्की सड़क तक खडण्जा व पुलिया निर्माण कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 45. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भवानीपुर घनकट के मजरा बेहननपुरवा से असफरगंज तक खण्डजा निर्माण कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 46. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा डफाली पुरवा के देवतादीन के घर से लाला बाबा के घर तक खडण्जा कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 47. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत नेठिया के मजरा सन्तु तिवारी पुरवा में डामर रोड से राम विलास तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 48. | पंचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कुरसहा के मजरा इमरती में कन्हैया लाल पाण्डेय के घर से काली रोड तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.90 | 0.495 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |

**नियम व शर्ते-**

1- कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय में जैसा कि निविदा नोटिस कालम 8 में इंगित पते से दिनांक 16.09.2025 से 25.09.2025 तक प्रातः 11.00 बजे से 4.00 के मध्य श्री मो. जमील, वरिष्ठ लिपिक से प्राप्त कर सकते हैं।
2- निविदायें खण्ड कार्यालय में दिनांक 26.09.2025 को दोहपर 12:00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपराहन 2:00 बजे से निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।
3- प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर जमा करना अनिवार्य होगा जो एन.एस.सी. अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में कार्यकारी खण्ड विकास अधिकारी, वि.ख. विशेश्वरगंज, बहराइच के पक्ष में बंधक होगी।
4- कार्य से सम्बन्धित अन्य विवरण/जानकारी खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
5- उपर्युक्त निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, बहराइच**

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत, विशेश्वरगंज**

# विश्व के सबसे ऊँचे अशोक स्तंभ का निर्माण शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के पास लक्षीराम नगला में विश्व के सबसे ऊँचे भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह परियोजना सम्राट अशोक चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में हो रही है, जो क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 108 फीट ऊँचा स्तंभ न केवल भारतीय इतिहास और बौद्ध संस्कृति का प्रतीक बनेगा, बल्कि पर्यटकों को आकर्षित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। लखनऊ से आए आर्किटेक्ट कुलदीप शाक्य ने निर्माण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 25 फीट लंबे और 25 फीट चौड़े क्षेत्र में 43 फीट गहरी 16 बोरिंग की जाएगी। इसके ऊपर चुनार पत्थर के 10 फीट लंबे और 10 फीट चौड़े फाउंडेशन को रखा जाएगा। इस मजबूत आधार पर पत्थर का बना 108 फीट ऊँचा अशोक स्तंभ स्थापित किया जाएगा। शाक्य ने जोर देकर कहा कि यह निर्माण उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री से किया जाएगा ताकि यह सदियों तक खड़ा रहे और सम्राट अशोक की विरासत को जीवंत रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ के सदस्य भिक्षु शीलरतन ने कहा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य और ओमकार शाक्य ने यहां पर विश्व का सबसे ऊँचा अशोक स्तंभ बनाने का निर्णय लेकर इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनाने की जो पहल की है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह स्तंभ शांति, अहिंसा और धम्म के संदेश को विश्व पटल पर फैलाएगा। सम्राट अशोक की शिक्षाओं को याद करते हुए यह निर्माण बौद्ध अनुयायियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए ताकि यह परियोजना सफल हो। इंजीनियर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव शाक्य ने कहा यह निर्माण इंजीनियरिंग की दृष्टि से एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक कार्य है। हम इंजीनियरों का पूरा सहयोग रहेगा। मजबूत फाउंडेशन और उन्नत तकनीक से यह स्तंभ न केवल ऊँचा होगा, बल्कि भूकंप प्रतिरोधी भी। यह परियोजना स्थानीय लोगों को रोजगार देगी और तकनीकी विकास को बढ़ावा। सरकार की मंशा के अनुरूप पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। आईटीआई प्रयागराज से आए राजकुमार शाक्य ने कहा आईटीआई के प्रशिक्षित युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। हम वेल्डिंग, मशीनरी और निर्माण कार्य में सहायता करेंगे। यह स्तंभ युवाओं के लिए कौशल विकास का अवसर बनेगा। प्रयागराज से हमारी टीम तैयार है और हम इसे विश्व स्तरीय बनाने में योगदान देंगे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा यह पहल कन्नौज को सांस्कृतिक धरोहर के मानचित्र पर स्थापित करेगी। इस अवसर पर अमित शाक्य संकिसा, जीतू शाक्य, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट, रमेश बाबू बौद्ध, रमेश शाक्य, रामेंद्र शाक्य, चंचल शाक्य, आदित्य विक्रम सिंह, मदन सिंह, नवनीत शाक्य और पिंटू शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विहान आवासीय विद्यालय में बच्चों को कराया गया भोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ग्राम रामपुर बैजू में लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान आवासीय विद्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू की पत्नी रश्मि गुप्ता, पुत्री नंदिनी गुप्ता, पुत्र अमोघ उर्फ राम गुप्ता और उषा उपाध्याय ने बच्चों को भोजन कराया। इस अवसर पर बच्चों को सब्जी, पूरी, खीर और बिस्कुट वितरित किए गए।

विद्यालय की वार्डन सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में कक्षा 6, 7 और 8 में 35 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि, सरकार द्वारा विद्यालय को बंद करने की योजना के कारण पिछले वर्ष से कक्षा 1 में नए प्रवेश नहीं लिए गए हैं। रश्मि गुप्ता ने बच्चों की कक्षाओं का दौरा कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और विशेष रूप से बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक बालिका की शिक्षा से दो परिवारों का भविष्य संवरता है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस आयोजन ने बच्चों में उत्साह जगाया और शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान अंग्रेजी शिक्षिका पीयूष गुप्ता और गणित शिक्षिका मोनिका कुशवाहा सहित जयदीप कश्यप आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ राहत कार्यों में जुटे राज्यमंत्री असीम अरुण

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समाज कल्याण राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण के नेतृत्व में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। बीते चार दिनों में कटरी गंगपुर, कासिमपुर, कटरी अमीनाबाद, कटरी फ्रिोजपुर, कछोहा ;जुकईया समेत कई गांवों में कैंप लगाकर नागरिकों को भोजन, चिकित्सा और पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। राज्यमंत्री ने बताया कि राहत कार्य में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार सहायता से वंचित न रह जाए। बाढ़ के बाद उत्पन्न स्वास्थ्य संकट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने शिविर लगाकर पिछले चार दिनों में 2564 लोगों का इलाज किया। बीमारियों की रोकथाम के लिए 4334 क्लोरीन टैबलेट और 1378 ओआरएस पैकेट बांटे गए। राज्यमंत्री के नेतृत्व में परियान गांव, कटरी महावली, कटरी अमीनाबाद, मदारीपूर्वा, गूंगपूर्वा, टीकापूर्वा सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत किट और भोजन पैकेट वितरित किए गए। उन्होंने स्वयं जरूरतमंद परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए। बाढ़ के चलते पशुधन को हुई क्षति को कम करने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग ने 11 से 14 सितंबर के बीच 41 बाढ़ राहत पशु चिकित्सा शिविर लगाए। इन शिविरों में 2232 मवेशियों का उपचार किया गया और उन्हें जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

# शारदीय नवरात्र की नवमी पर ही निकाली जाएगी दुर्गा शोभायात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शारदीय नवरात्र की नवमी पर निकलने वाली ऐतिहासिक दुर्गा शोभायात्रा इस बार चैत्र में निकालने की एक दिन पहले सहमति बनी थी। इसको लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत कई अन्य लोगों ने खुलकर विरोध किया। आखिरकार पीपल चौराहा पर हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इसी शारदीय नवरात्र की नवमी पर पूर्व की भांति शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस बार इसकी जिम्मेदारी पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे को सौंपी गई।

श्री नव दुर्गा समिति विजयनाथ मंदिर पीपल चौराह के तत्वावधान में हर वर्ष शारदीय नवरात्र की नवमी को ऐतिहासिक भव्य दुर्गा शोभायात्रा निकलती रही है। रविवार को समिति के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी पप्पी के तत्वावधान में नगर के विभिन्न संगठनों की सामूहिक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ था कि अब दुर्गा शोभायात्रा बजाय शारदीय नवरात्र के चैत्र के नवरात्र की नवमी को निकाली जाएगी। जैसे ही इसकी जानकारी शहर के लोगों को हुई, तो उनमें रोष फैल गया। तमाम लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपनी आपत्ति जताई। इसके बाद पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे के नेतृत्व में पीपल चौराहा पर सोमवार की शाम सामूहिक बैठक हुई, जिसमें एक दिन पहले हुई बैठक में मौजूद लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने एक मत से तय किया कि शोभायात्रा अपने पूर्व निर्धारित तिथि पर ही निकाली जाएगी। इसके साथ ही यह भी तय हुआ कि चैत्र के नवरात्र की नवमी पर भी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे ने बताया कि नगर में पिछले 35 वर्षों से परंपरागत ढंग से शारदीय नवरात्र की नवमी को विशाल दुर्गा शोभायात्रा निकाली जाती है। इस परंपरा को खत्म नहीं किया जाएगा। नगर के लोगों के सहयोग से इसी नवरात्र की नवमी 1 अक्टूबर को विशाल और भव्य ढंग से दुर्गा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही चैत्र की नवमी पर भी दुर्गा शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से लोगों ने राजीव दुबे को ही कमेटी का अध्यक्ष घोषित किया। लोगों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। नई कमेटी में अनुज गुप्ता जॉनी एवं नरेश वर्मा को महामंत्री और रामानंद वर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर अनुज गुप्ता जॉनी, रामानंद वर्मा, नरेश वर्मा, वरूणप्रताप सिंह, सभासद पंकज दुबे, अंकुर दीक्षित, नवनीत वर्मा, डॉ रजनीश दुबे, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र चतुर्वेदी, विनीत त्रिपाठी, रूपेश दुबे, मामनचंद्र गुप्ता, प्रवेश यादव, रामनाथ कश्यप आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## समाज की आधारशिला है नारी शक्तिः संत प्रहलाद जी महाराज

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के ऐतिहासिक श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग के आठवें दिन अहिल्या उद्धार प्रसंग ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। वृंदावन धाम से पधारे ब्रह्मचारी संत प्रहलादजी महाराज ने राम कथा का वर्णन किया, जो रामायण के एक महत्वपूर्ण प्रसंग अहिल्या का उद्धार पर केंद्रित रहा। यह प्रसंग न केवल भगवान श्री राम के करुणामयी स्वरूप को उजागर करता है, बल्कि नारी सम्मान, ईश्वरीय कृपा और गुरु-शिष्य परंपरा की गहनता को भी प्रतिबिंबित करता है। ब्रह्मचारी संत प्रहलाद जी महाराज ने भावपूर्ण शैली में इस प्रसंग का वर्णन किया, जिससे श्रोता भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि अहिल्या उद्धार केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह संदेश देता है कि भगवान की भक्ति से कोई भी पाप या शाप नष्ट हो जाता है। दुर्लभ सत्संग में ब्रह्मचारी संत स्वरूप दास जी महाराज ने कहा कि राम कृपा से जीवन की हर बाधा दूर होती है। अहिल्या की भांति हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलना चाहिए। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है, और ईश्वर की कृपा से सम्मान की रक्षा होती है। ब्रह्मचारी संत किशनजी महाराज ने अपने प्रवचन में जोर देकर कहा कि, गुरु-शिष्य परंपरा रामायण का मूल आधार है। विश्वामित्र जी ने श्री राम को शिक्षा दी, और श्री राम ने अहिल्या को मुक्ति प्रदान की। आज के युग में हमें भी गुरु के मार्गदर्शन में राम भक्ति को अपनाना चाहिए, ताकि समाज में नैतिकता की पुनर्स्थापना हो।

# हरिगोविंद शाक्य हरि को मिला हिंदी गौरव सम्मान

**विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट (रजि) एवं निखिल प्रकाशन समूह आगरा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ प्रदान**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



हिंदी दिवस पर बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में साहित्य व पर्यावरण सेवा के लिए हरिगोविंद शाक्य हरि को हिंदी गौरव सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट (रजि) एवं निखिल प्रकाशन समूह आगरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया।

उन्हें यह सम्मान मिलने पर पूर्व सांसद एवं प्राचार्य रहे डॉ रामबख्श सिंह वर्मा, श्रीपाल वर्मा, रूपलाल रूप, डॉ नरेंद्र संगम, श्रीकृष्ण आर्य, कवियत्री साधना यादव, दीपमाला शाक्य दीप, आरएस कुशवाहा, सुरेश चंद दुबे धाकड़, रमेश चंद्र चक, यश मिश्रा, सत्यप्रकाश शाक्य, सौरभ यादव, संदीप कुमार शाक्य, एसके कुशवाहा, कृष्ण गोपाल पंकज, इंदिरा दुबे आर्य, देवेंद्र यादव देव, राजेश कुमार शाक्य एडवोकेट, अवधेश आर्य, जयवीर सिंह यादव एडवोकेट, ओमप्रकाश वर्मा, आशुतोष कश्यप सहित नगर व क्षेत्र के कई कवियों, साहित्यकारों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने बधाइयां तथा शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किए। लगभग एक दर्जन पुस्तकें लिखने वाले तथा कई हजार पेड़ पौधे एवं कई बगीचे लगाने वाले हरि जी का कहना है कि वे साहित्य एवं पर्यावरण के लिए तन मन धन से समर्पित हैं और जब तक सांस रहेगी देश व समाज के लिए यह कार्य करते रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# किसानों की मांगो को लेकर सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

**आलू के घटते दाम और खाद की कालाबाज़ारी को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते सपाई

आलू की गिरती कीमतों, खाद की भारी किल्लत और कालाबाज़ारी के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान और समाजवादी अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव शशिमा सिंह दोहरे के नेतृत्व में प्रदर्शन आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा कार्यकर्ताओं ने नसरापुर स्थित सपा कार्यालय से पैदल मार्च निकाला। नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचेए जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शन में शामिल जूही सिंह ने कहा कि महंगाई, खाद की किल्लत और किसानों की समस्याओं को लेकर जनता बेहद नाराज़ है।

उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि समाजवादी कार्यकर्ताओं को आंदोलन में भाग लेने से रोकने की कोशिश की गई, गाड़ियों को रोका गयाए लेकिन समाजवादी पीछे हटने वालों में से नहीं हैं। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान और प्रदेश महासचिव शशिमा सिंह दोहरे ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार किसानों के साथ न्याय करे, आलू का उचित समर्थन मूल्य तय किया जाए और खाद की कालाबाज़ारी पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, यश कुमार दोहरे रामसेवक राजपूत, बबली दोहरे, सोनम यादव, अंशू पाल, कंचन कनौजिया, श्याम सिंह यादव, राजेश यादव, कमलेश कटियार, नेम सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकगीत गायक जगतपाल सिंह 'जगत' हुए सम्मानित

**जगम्मनपुर (जालौन)।** बुंदेलखंड की लोक परंपराओं और कवित शैली को नई ऊंचाई देने वाले जनपद जालौन के ग्राम जगम्मनपुर निवासी सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक जगतपाल सिंह राजावत 'जगत' को छतरपुर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज पटेरिया की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था। आयोजकों ने बताया कि देशराज पटेरिया को 'बुंदेलखंड का लोकगीत सम्राट' कहा जाता है और उनकी स्मृति में हर वर्ष बुंदेली कवि व लोकगायक एक मंच पर आकर सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से कवि, गायक और साहित्यकार जुटे। कार्यक्रम के दौरान जगतपाल सिंह 'जगत' को उनकी उत्कृष्ट बुंदेली कवित्त शैली, लोकगीतों के संरक्षण व संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान और नई पीढ़ी को लोकसंस्कृति से जोड़ने के प्रयासों के लिए स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# डीएपी खाद वितरण का मसौदा तैयार, प्रति एकड़ दो बोरी मिलेगी

**कृषि विभाग के नये फरमान से किसानों को उठानी पड़ेगी परेशानी**

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

तो अब किसानों को अभी मनचाही डीएपी नहीं मिलेगी। कृषि विभाग ने प्रति खतौनी में दर्ज रकवे के अनुसार खाद देने का फरमान जारी किया है जिसका वितरण शीघ्र शुरू हो सकता है। रवी की फसलों की बुवाई का समय नजदीक है किसान खेतों को तैयार करने के साथ खाद और बीज का भी प्रबंध करने में लगा है लेकिन कृषि विभाग ने अभी डीएपी की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है जिससे किसान परेशान है। हालांकि अब विभाग ने मंगलवार से डीएपी वितरण का मसौदा तैयार किया है जिसके तहत प्रति किसान को दो बोरी से अधिक खाद नहीं दी जानी है। किसान कृषि विभाग के इस फरमान से परेशान है। क्षेत्रीय किसान बब्बू दीक्षित मैनूपुर, प्रहलाद निषाद देवकली, नरेश द्विवेदी मगरौल, आशनरायन द्विवेदी सिमरा शेखपुर, इन्द्रपाल सिह पडरी, सत्येन्द्र सिंह पड़री आदि किसानों के अनुसार कुछ दिनों में लाही और चना की फसलों की बुवाई शुरू हो जाएगी।

## सिरसा कलार व्यापार मंडल के महेश सर्वसम्मति से नगराध्यक्ष मनोनीत

**उरई ,जालौन।** संगठन के नियमों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर संगठन द्वारा लगातार व्यापारी हितों से प्रभावित होकर एवं संगठन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए आज बाबई रोड़ स्थित सेंगर गेस्ट हाउस सिरसा कलार नगर में सभी सम्मानित व्यापारी भाइयों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संवैधानिक रूप से सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति से श्यामा किराना स्टोर के मालिक महेश त्रिपाठी को अपना नगर अध्यक्ष घोषित किया। जल्द ही शेष बची कार्यकारणी को घोषित करने के लिए नगर अध्यक्ष से कहा गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, संजीव सिपोलिया जिला मीडिया प्रभारी, सुधीर पांडेय, रामकुमार तिवारी, मोनू मिश्रा, धर्मेंद्र सेंगर, प्रमोद पोरवाल, गजेन्द्र गौतम, राज शिवहरे, रामजी सोनी, सुनील त्रिपाठी, विकास कुमार, रानू कुशवाहा, भूपेंद्र यज्ञिक, महेंद्र कुशवाहा, विक्रम सिंह, राजू गुप्ता अन्य सम्मानित व्यापारी गण उपस्थित रहें।

## संस्कार और सम्मान की भाषा है हिन्दी, सीसीए में मना हिन्दी दिवस



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** हमारी मातृ भाषा और राज भाषा के साथ-साथ हिन्दी हमारे संस्कार और सम्मान की भी भाषा है। सिटी चिल्ड्रेस अकादमी में ऐसी भावनाओं को व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि विख्यात रचनाकार ब्रज किशोर सिंह किशोर ने अपनी रचनाओं से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। छात्राओं प्रतिष्ठा, श्रेय एवं छात्र अंश गोयल, श्रेष्ठ शुक्ला व दक्ष प्रताप ने देश के नामचीन रचनाकारों की रचनाओं का सस्वर पाठ किया। छात्रा परिधि चौहान ने कबीरदास की कविता का संगीतमय पाठ व छात्रा सूर्याशी ने कहानी वाचन का सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंसी) समाज के लिए अभिशाप है विषय पर अन्तर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तक्षशिला हाउस की अदिति सिंह ने प्रथम, काशी हाउस की नंदिनी ने द्वितीय, तक्षशिला हाउस की जैनब सोहेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृ भाषा है। हम सभी को हिन्दी का सम्मान करना चाहिए। प्रशासिका सुधा प्रधान ने कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक और भाषाई विविधता का प्रतीक है। सीईओ विश्वास प्रधान ने कहा कि हमें अपनी भाषा और सत्कृति पर गर्व करना चाहिए। हिंदी के द्वारा हम अपने भावों को अधिक संवेदनशीलता के साथ व्यक्त कर सकते है। मधु प्रधान ने कहा कि हिन्दी भाषा में इतनी सरलता और मिठास है कि यह हर वर्ग और उम्र के लोगों के दिलों तक आसानी से पहुँच जाती है। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद के. ने कहा कि जिज्ञासा के द्वारा हम अपनी भाषा को समृद्ध कर सकते है। हम सभी को हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए। शैक्षणिक प्रमुख प्रेमानंद नायक एवं समन्वयक राम यादव ने भी हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला।

# हाईटेंशन लाइन का कार्य यथाशीघ्र करें पूर्णः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

विद्युत विभाग के 5 पोलों के शिफ्टिंग कार्य में से 3 स्थान पर कार्य संचालित हैं। 2 स्थानों पर पोल शिफ्टिंग के कार्य को यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जाये। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री दर्पण पोर्टल ;सीएम डैशबोर्ड के संबंध में हुई बैठक में कही। उन्होनें कहा कि विद्युत विभाग यह सुनिश्चित करें कि कितने विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन का कार्य हो गया हैं और कितने में कराया जाना शेष हैं। इसी माह में विद्यालय के कनेक्शन का कार्य समाप्त हो जाना चाहिए। विद्यालयों के उपर से निकली हाईटेंशन लाइन के कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 2 मोबाइल हेल्थ यूनिट वाहन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। 6 हेल्थ एटीएम में से सौरिख का हेल्थ एटीएम खराब अवस्था में हैंए यथाशीघ्र क्रियाशील कराया जाये।

उन्होनें कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ में निष्प्रोज्य खड़ी एम्बुलेंस को कंडम कराकर नये एम्बुलेंस की डिमांड हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाये। उन्होनें कहा कि आरोग्य मेले को खण्ड विकास अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी देखें। आरोग्य मेले का लाभ सीधा जनता तक पहुंचना चाहिए।

आरोग्य मेले को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु प्रयास किये जाये। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# जन आंदोलन का रूप देकर स्वच्छोत्सव अभियान बनायें सफल : डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




स्वच्छोत्सव अभियान को लेकर बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में ÷स्वच्छता ही सेवा 2025 (स्वच्छोत्सव) की तैयारी को लेकर संबंधित अधिकरियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जनपद में स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर इसे एक जन आंदोलन का रूप देना है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कठिन स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष ध्यान देकर साफ-सफाई कराई जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छता लेखा इकाइयों की पहचान कर उन्हें स्वच्छ बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के दौरान रैलियों, गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए, जिससे स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आपसी समन्वय बनाकर इस अभियान को गति प्रदान करें और किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर इस अभियान को विशेष स्वरूप में मनाया जाए और पूरे जनपद में स्वच्छता के संदेश को और सशक्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वस्थ जीवन की कुंजी है बल्कि यह समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला भी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नरेंद्र देव सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, नगर पालिका परिषद के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रमानीपुर में प्रा.वि. के पास जलभराव से आवागमन बाधित

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत हुसेपुरा सुरई अंतर्गत ग्राम रमानीपुर परगना माधौगढ़ के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी माधौगढ़ को ज्ञापन देकर प्राथमिक विद्यालय के पास जलभराव और खराब मार्ग की समस्या के समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत हुसेपुरा सुरई के मजरा ग्राम रमानीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने एवं उसके बगल से होकर बच्चों के स्कूल आने-जाने का रास्ता है। हाल ही में हुई बारिश के कारण इस रास्ते पर लगभग 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने अस्थायी तौर पर कूड़ा डालकर रास्ता बनाने का प्रयास किया, लेकिन जलभराव बना हुआ है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों के लिए स्कूल पहुँचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव वाले भू-भाग की पैमाइश कराकर अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए और ओवरफ्लो पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। साथ ही समी के दरवाजे से उस्मान के दरवाजे तक बनी सीसी रोड अत्यंत खराब है और वहाँ भी पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामवासियों एवं बाहरी लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही है।इस अवसर पर गुलाम असगर खान, नसीम खान, आबिद खान, रस्सू खान, जीतू, पवन ,नीलकमल आदि लगभग दो दर्जन ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राथमिक विद्यालय के पास जलभराव और खराब मार्ग की समस्या का त्वरित निस्तारण कराया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई में बाधा न आए और आमजन का आवागमन सुचारु हो सके।

## लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर में खामियों को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

**उरई,जालौन।** समाजवादी पार्टी ने जिले स्तर पर विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा स्मार्ट मीटर में कई खामियां जनमानस द्वारा बताई जा रही है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी की जिले की इकाई ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें विद्युत सुधार हेतु कुछ मांगे रखी गई है। ज्ञापन में कहा गया कि जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे इसमें अपेक्षा से अधिक बिजली बिल आ रहे है इससे जनता में आक्रोश पनप रहा है स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक लगाई जाय साथ ही शाम 6 बजे के बाद विद्युत चेकिंग न की जाए क्योंकि फर्जी चेकिंग वाले घरों में घुस जाते से जिससे असुरक्षा का खतरा पैदा होता है।

# जिला खनन अधिकारी व थाना पुलिस की मिलीभगत से हो रहा अवैध खनन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिला खनन अधिकारी, थाना पुलिस व राजस्व कर्मियों की मिली भगत से क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर को पकड़कर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित नगला दमोह जाने वाले मार्ग पर अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। जिसकी खबर थाना पुलिस, जिला खनन अधिकारी तथा राजस्व कर्मियों को है, लेकिन कोई भी अधिकारी, कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि बीते एक वर्ष पूर्व खनन की शिकायत पर दविश देने पहुंचे सिपाही को ट्रैक्टर चालक ने कुचल दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। दो-चार महीने खनन पर थाना पुलिस कड़ी नजर बनाए रही, लेकिन फिर वही ढर्रा चालू हो गया है और क्षेत्र में धड़ल्ले से खनन हो रहा है। जिसकी किसी अधिकारी को चिंता नहीं है, जबकि खनन करते ट्रैक्टर भारी स्पीड में चलते हैं। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। आज कस्बे के मेन चौराहे पर नायब तहसीलदार अनवर हुसैन को खनन की सूचना मिली। नायब तहसीलदार अनवर हुसैन ने क्षेत्र में छापेमारी की, तो कस्बे के चौराहे पर एक ट्रैक्टर पकड़ लिया। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई, लेकिन काफी देर हीला हवाली करने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया लेकर थाना पुलिस के सपोर्ट कर दिया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल आशीष कुमार ने ट्रैक्टर व ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध अपने रिपोर्ट थाने में प्रेषित कर दी जिस पर कार्रवाई की मांग की गई है खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर चालक भी थाना पुलिस के हिरासत में था और थाने में खड़ा ट्रैक्टर भी विरासत में है।



पुलिस द्वारा पकड़ा गया ट्रैक्टर

# शीतल सांझी मंडल ने निकाली दर्जनभर भव्य झांकियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सांझी महोत्सव के तहत शीतल सांझी मंडल ने एक दर्जन झांकियां निकालीं। जिन्हें देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तगण झांकियां देखने के लिए काफी उत्साहित दिखे।

पितृपक्ष के दौरान चल रही सांझी परंपरा के सातवें दिन शीतल सांझी मंडल बजरिया ने भव्य झांकियों का आयोजन किया। इस आयोजन में भगवान महावीर सहित एक दर्जन आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। रविवार की रात को प्रस्तुत की गई हनुमान जी की झांकी ने विशेष ध्यान खींचा। बच्चों ने इसे एक चौपहिया ठेले पर तैयार किया था। ठेले पर बांस के सहारे सफेद चादर बंधी थीं। जिस पर कागजी फूलों की लड़ियों से सजी थी। बिना किसी लाइट या साउंड के बाल हनुमान का स्वरूप दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। अन्य आकर्षक झांकियों में जैन मुनि भगवान महावीर, मां गंगा, कृष्ण-बलराम, वामन अवतार और हिरण्यकश्यप का वध करते नरसिंह भगवान की झांकियां शामिल थीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, मुकेश दुबे, विवेक शर्मा, ऋषभ सेठ और श्याम गुप्ता उपस्थित रहे।



भगवान राधाकृष्ण व हनुमानजी की झांकी

## साइबर क्राइम के जरिये ठगे गये एक लाख रुपये वापस कराये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लाभ देने का लालच देकर धोखाधड़ी कर आवेदक से ठगे गये 6,71,119/-रुपये में से 1,00,000/- रुपये वापस कराये गये। साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त पंजीकृत शिकायत सं0 23104250061437 के आवेदक अमोल कुमार सिंह निवासी थाना कादरीगेट जनपद फर्रुखाबाद के साथ साइबर अपराधियों द्वारा आवेदक को रूपया लगाकर अधिकांश लाभ देने का लालच देकर धोखाधड़ी कर 6,71,119/- रूपये की ठगी करने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई थी। आवेदक द्वारा एक लिखित शिकायत साइबर पुलिस फतेहगढ़ के समक्ष प्रस्तुत की। थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ठगी करने वाले खातों को फ्रीज कराकर न्यायालय के आदेश के क्रम में 1,00,000/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये।

# डीएम ने की एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 01 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 75 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को निर्माणाधीन सड़कों से विद्युत पोलों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा यू.पी. प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 कानपुर द्वारा लोहिया अस्पताल में 50 शैय्या क्रिटिकल यूनिट में कार्य समय से पूर्ण न करने पर नाराजगी जताई व उनके खिलाफ शासन को लिखने के लिये निर्देशित किया। पर्यटन विभाग को पांचाल घाट पर चल रहे कार्यों को तुरंत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जल निगम को ढ्लिावल पेयजल परियोजना को तुरंत पूर्ण कर हस्तान्तरित करने के निर्देश दिये। यू.पी.सी.एल.डी.एफ. द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जताई। यू.पी.आर.एन.एस.एस.लि. को कार्य कारगर में चल रहे कार्यों को जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण हो चुके कार्यों को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी

# गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपी को छह-छह वर्ष का कारावास

**दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी हुए दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट ने भूपेंद्र सिंह पुत्र लल्लू सिंह, किशन कुमार पुत्र रामचंद्र निवासीगण मुरान मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

बीते 24 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने भूपेंद्र सिंह, किशन कुमार के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष मुकेश कुमार त्यागी ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने भूपेंद्र, किशन कुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# राशन वितरण में धांधली की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक ने की जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राशन वितरण में धांधली की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक ने पहुंचकर लोगों से बात कर उनके बयान दर्ज किये। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपा जायेगी।

जानकारी के अनुसार सोमवार को शमशाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला सिकंदरपुर में राशन वितरण की शिकायतों की जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक पहुंचे। कोटेदार सुखदेवी की दुकान का संचालन उनका पुत्र सोहेल करता मिला। जिला पंचायत सदस्य कुंवर जीत की शिकायत पर मुख्यालय से पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव और बढ़पुर ब्लॉक की पूर्ति निरीक्षक नेहा मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कोटे की दुकान बंद मिली। उपभोक्ता रामनिवास ने अधिकारियों को बताया कि कोटेदार का पुत्र अंगूठा लगवा लेता है, लेकिन राशन नहीं देता। विष्णु दयाल ने कहा कि कई बार दुकान बंद मिलने पर उन्हें पड़ोसी कोटेदार से राशन लेना पड़ा। मोहल्ले के सुआलाल ने बताया कि सोहेल ने राशन कार्ड बनाने के नाम पर 200 रुपये लिए, लेकिन न तो कार्ड बना और न ही राशन दिया। पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं के बयान दर्ज किए गए हैं। पूर्ति निरीक्षक नेहा ने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जांच की गई है। जांच में कुछ खामियां मिली हैं और उपभोक्ताओं की हर समस्या का समाधान किया जायेगा।



जांच करती पूर्ति निरीक्षक नेहा

# खबरें एक नजर में

## बाइक सवार ने महिला को पीछे से मारी टक्कर, घायल



सीएचसी में भर्ती घायल महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पैदल जा रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम दिउरा निवासी विनीता (25) पत्नी मोलेलाल बाजार से घर लौट रही थी। पुल गालिब पर पैदल चलते समय पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयीं। आसपास के लोगों ने तुरंत बाइक चालक अंकुर को दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई की। घायल महिला को आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां घायल महिला का उपचार जारी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से विक्षिप्त अधेड़ की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला उम्मेद निवासी राकेश उम्र 48 वर्षीय पुत्र गजाधर जो की दिमांग से विछिप्त होने पर बीती रात अपने घर से निकल आया और सुबह तड़के उसका शव काशीराम कालोनी के सामने रेलवे ट्रक पर पड़ा होने की जानकारी स्टेशन मास्टर जय चन्द मीण ने कोतवाली पुलिस को मेमो भेजकर दी। जिस पर मन्डी चौकी इन्चार्ज अवदेश यादव, कांस्टेबिल अंकित गंगवार ने मौके पर पहुँचकर मौत की खबर परिजनों को दी। मौके पर पहुँची मृतक राकेश की पत्नी नन्हीं देवी सहित तीन बेटे, एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं स्टेशन मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया मालगाड़ी ट्रेन की चंपेट मे आने ले मौत हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गौसपुर निवासी नफीसा बानो पुत्री सगीर 17 वर्ष की परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे निजी वाहन से सीएससी कमालगंज ले जाया गया। जहां पर डॉ विकास पटेल द्वारा गले पर रस्सी का निशान देखा गया। जिस पर उन्होंने थाना पुलिस कमालगंज को सूचित किया।

## पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता अन्जू देवी पत्नी सुबोध कुमार उर्फ राहुल निवासी गांव उबरीखेड़ा थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री आर.पी. कालेज कमालगंज में पढ़ती है। 15 सितंबर को वह सुबह करीब 7:30 बजे घर से स्कूल जाने की कहकर घर से निकली थी। जब शाम तक वह वापस नहीं आयी, तो खोजबीन में पता चला कि मेरे गांव का अर्जुन कुमार पुत्र विनोद बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों ने किया आत्मसमर्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंडाधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

बीते दिनों कोतवाली कायमगंज क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला दत्तूनगला व मूल निवासी अल्लाहदादपुर निवासी मीनू उर्फ मनोज कुमार यादव पुत्र विजय सिंह 02 अगस्त को अपनी कार की मरम्मत बाईपास रोड स्थित खान पेट्रोल पम्प के पास करवा रहे थे। वहाँ पर पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने मीनू उर्फ मनोज को गाड़ी से खींचकर लोहे की राड मारकर हमला कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मनोज के पिता ने कोतवाली में बीनेश व अंकुर पुत्रगण बच्चन सिंह निवासी मोहल्ला चौहट्टा थाना शमशाबाद, अनमोल पुत्र प्रदीप निवासी फरसोली अलीगंज, अमित पुत्र नेत्रपाल रेलवे रोड, अरबाज निवासी सुभानपुर और हीरालाल निवासी लालपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दिनदहाड़े हुई घटना में मनोज का साथी ऋषभ भी गंभीर घायल हुआ था। इस मारपीट को लोग अवैध खनन कारोबार और पुरानी रंजिश से जोड़ रहे थे। सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ था। घायल मनोज को सीएचसी ले जाया गया था। जहां से उसे लोहिया रेफर कर दिया गया था। लोहिया से परिजन उसे सैफई मेडिकल कालेज ले गए थे। जहां इलाज के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया था उक्त प्रकरण में वीनेश, अंकुर पुत्रगण बचान सिंह निवासी चौहट्टा शमशाबाद, अनमोल पुत्र प्रदीप सिंह निवासी फरसोली अलीगंज ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंडाधिकारी के समक्ष आत्मसर्पण किया। न्यायाधीश ने 11 दिन रिमांड मंजूर कर जेल भेज दिया। सुनवाई के लिए अगली तिथि 26 सितंबर की तिथि निहित है।

## युवक को सांप ने डसा, सांप को पकड़कर लोहिया अस्पताल पहुंचा



सांप को पकड़े युवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुकान की सफाई करते समय युवक को सर्प ने डस लिया। युवक ने साहस का परिचय देते हुए सांप को पकड़कर लोहिया अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसको एंटी वेनम इंजेक्शन लगाये, तब कहीं जाकर युवक की जान बच सकी। जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव जिनैया सिठैया निवासी सोमवार को अपनी दुकान की सफाई कर रहा था, तभी वहां बैठे उसे एक सर्प ने डस लिया। युवक ने तुरंत सांप के काटने के स्थान पर पट्टी बांधी और सांप को पकड़कर बोरी में डालकर दोस्तों के साथ लोहिया अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में युवक को सांप के साथ देखकर डॉक्टर आश्चर्यचकित रह गए। प्रदुम्न के शरीर में जहर तेजी से फैल चुका था। उसकी हालत बिगड़ने लगी। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। उन्होंने एंटी वेनम इंजेक्शन लगाए। कड़ी मेहनत के बाद प्रदुम्न की जान बचाई जा सकी। बाद में सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। युवक प्रदुम्न का कहना है कि वह इससे पहले भी कई सांप पकड़ चुका है।



सीएचसी में मौजूद मरीज

## मौसम बदलते ही सीएचसी में बढ़ी मरीजों की संख्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मौसम बदलते ही सीएचसी में मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम, त्वचा रोग से संबंधित मरीज दवायें लेने पहुंचे। नगर के स्वास्थ्य केंद्र में मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में तेज वृद्धि देखी गई है। सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 250 मरीज पहुंचे। सुबह से दोपहर तक मरीजों की लंबी कतार लगी रही। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। बारिश के बाद ठंडक और अचानक तेज धूप निकलने से उमस भरी गर्मी का अनुभव हो रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले अधिकतर मरीजों में वायरल फीवर, सर्दी, जुकाम, खांसी, एलर्जी और सिरदर्द की शिकायतें पाई गईं। डॉक्टर गौरव राजपूत के अनुसार मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले सभी मरीजों की जांच के बाद उचित दवाएं दी जा रही हैं।

## आधा दर्जन का शांतिभंग में चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग झगड़ा कर रहे छह लोगों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़ लिया और उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के गांव बरतल निवासी पुनीत कुमार पुत्र सियाराम तथा बिनु जाटव पुत्र रामदास निवासी बरतल का किसी बात को लेकर गाली- गलौज हो गया। जिस पर मारपीट होने लगी। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बीनू जाटव तथा पुनीत कुमार, वहीं दूसरे पक्ष से गोविंद पुत्र राजेंद्र कठेरिया, मोहित पुत्र वीरपाल कठेरिया तथा थाना क्षेत्र के ही गांव सोना जानकीपुर निवासी नवीन चंद्र पुत्र खेमकरण गौरी सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी सोना जानकीपुर को थाना पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया।

## पत्नी से विवाद होने पर शराबी पति ने खाया जहर, लोहिया में मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से विवाद होने पर पति ने जहर खा लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर दिनारपुर निवासी सौरभ पुत्र लालाराम जो की मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था, लेकिन शराब की लत के कारण आए दिन पति-पत्नी में आपस में झगड़ा एवं मारपीट होती रहती थी। बीती रात पति-पत्नी में शराब को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें सौरभ द्वारा पत्नी के साथ मारपीट की गई। उधर गुस्से में पत्नी ने भी सौरभ के सर पर डंडा मार दिया। जिससे उसके सर में चोटें आईं। लड़ाई झगड़े की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल सौरव को एंबुलेंस द्वारा कमालगंज सीएचसी लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। घर पर जाकर सौरभ बराबर गाली-गलौज करता रहा। ऐसा उसकी भाभी रानी देवी ने बताया। उन्होंने बताया कि सुबह सौरभ ने अपने ससुरालीजन एवं अपनी बहन को फोन कर अपने घर बुलाया और कहा आज इस मामले को मैं खत्म ही कर दूंगा। मैं इस औरत से छुटकारा पाना चाहता हूं। ससुर एवं बहन के सामने बातचीत चल रही थी कि सौरभ उठकर बाहर चला गया। थोड़ी देर बाद वापस आने पर उसकी हालत बिगड़ गई एवं बेहोश हो गया। परिजन उसे तुरंत ही एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कमालगंज लाये तथा थाना पुलिस कमालगंज को सूचित किया। जहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टर विकास पटेल द्वारा सौरभ को लोहिया रेफर कर दिया। जहां पर सौरभ की मौत हो गई। सौरभ की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। सौरभ के दो बच्चे नित्या 4 वर्ष एवं समर्थ 6 वर्ष है।

# महिलाओं के साथ मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिलाओं के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार आदर्श कुमार पुत्र हिसंते लाल निवासी ग्राम अखमेलपुर थाना कमालगंज का मूल निवासी है। मेरे भाई सर्वेश कुमार की पुत्री आराध्या उम्र लगभग 15 वर्ष दिनांक 13.09.2025 को समय करीब 5:30 बजे सायं गाय को चारा डालने गई थी। उसी समय गांव के विजय प्रकाश पुत्र राम जीवन, सत्यम व राघवेन्द्र पुत्र विजय प्रकाश पूर्व मुकदमे की रंजिश मानते हुये भाई की पुत्री से कहा चन्नी यहां से हटा लो और अभद्रता के साथ मारपीट करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर मेरे भाई सर्वेश कुमार व सर्वेश कुमार का पुत्र अतुल व पुत्री क्षमा पाठक, दुर्गा पाठक मौके पर पहुंचे और बीच बचाव करने लगे। उक्त लोग विजय प्रकाश पुत्र राम जीवन, सत्यम व राघवेन्द्र पुत्र विजय प्रकाश, सुनीता पत्नी विजय प्रकाश, राजीव पुत्र बाबूलाल, सुहाना पुत्री राजीव कुमार, कुसुमलता पत्नी राजीव सभी लोगों ने एकराय होकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे मेरे भाई के पुत्र अतुल व पुत्री क्षमा पाठक, दुर्गा पाठक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उक्त लोगों में विजय प्रकाश के हाथ में लोहे की राड, सत्यम के हाथ में तमंचा और उक्त के हाथों में लाठी-डंडों थे। जिनसे मारपीट की और सत्यम ने तमंचा से भाई सर्वेश कुमार के ऊपर फायर कर दिया। झुक जाने के कारण भाई बाल-बाल बच गया। सर्वेश कुमार के सिर, कंधे, हाथ व सीने में गम्भीर चोटें आई हैं। सर्वेश कुमार के पुत्र व पुत्री को भी गम्भीर चोटें आई हैं।

उक्त लोगों ने यह भी धमकी दी अगर कोई भी कानूनी कार्यवाही की, तो जान से मार देंगे। यह कहकर तमंचा व लाठी-डन्डे लहराते हुये चले गये। मैं अपने भाई को लेकर थाना कमालगंज में गया। जहां से पुलिस के साथ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कमालगंज गया। जहां से घायलों को डॉ. राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल आवास विकास के लिये रेफर कर दिया। जहां घायलों का ईलाज चल रहा है।

# पुल की मरम्मत के चलते लगा जाम



पांचाल घाट पुल पर लगा जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुल की मरम्मत के चलते भीषण जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना। जाम में एंबूलेंस समेत कई वाहन घंटों फंसे रहे। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी आशुष कुमार द्विवेदी के आदेश पर पांचाल घाट पुलिस की मरम्मत का कार्य चल रहा है। बड़े वाहनों के प्रवेश पर सुबह 10 से लेकर रात्रि 10 बजे तक रोक लगायी गयी है। जिसके चलते सोमवार को जाम लग गया। जाम के कारण कई वाहन चालकों के परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में कई एंबूलेंस फंसी रहीं। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को निकलवाकर जाम खुलवा पाया। तब कहीं जाकर लोग अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो गये।

# चित्रकूट के तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चित्रकूट तालाब के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को चित्रकूट के राजेपुर थाना क्षेत्र में रामनिवास विद्यालय के पास स्थित तालाब से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखा और तुरंत राजेपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टैंपो से सवारियां उतारने का विरोध करने पर चालक को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव बाँसमई निवासी गौरव कुमार टेम्पो चालक है। सोमवार गौरव कुमार ने नवाबगंज चौराहे से अपने टेम्पो में फर्रुखाबाद के लिए सवारियां बैठाईं, तभी थाना मऊदरवाजा के गांव बरौन निवासी युवक व उसके साथी ने जबरन टेम्पो से सवारियां उतारकर अपने टेम्पो में बैठा लीं। विरोध करने पर युवक व उसके साथी ने गाली-गलौज किया। दूसरे चक्कर में गौरव कुमार सुबह लगभग 10:30 बजे सवारियां बैठाकर फर्रुखाबाद से नवाबगंज आ रहा था, तभी युवक व उसके साथी ने गांव बरौन पुलिया के पास गौरव कुमार का टेम्पो रोक कर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी ने गौरव कुमार को लाठी-डंडे से मारपीट कर दी और टेम्पो में बैठी सवारियों को उतार दिया और रोड पर टेम्पो न चलाने की व जानमाल की धमकी दी। थाना पुलिस को गौरव कुमार ने दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली, अस्पताल में भर्ती



सीएचसी में भर्ती महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव मीरपुर निवासी प्रियंका उम्र 22 वर्षीय पत्नी अंकित गंगवार ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों ने प्रियंका को फांसी के फंदे से उतारा और उसे तुरंत कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होन पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं सास सुनीता ने बताया कि प्रियंका का पति जयपुर में प्राइवेट नौकरी करता है। घर में प्रियंका अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। घटना के समय देवर अंकुर खेत पर था और बच्चे स्कूल गए हुए थे। उसके तीन बच्चे नंदिनी, लकी और आरोही हैं। सुनीता ने बताया कि प्रियंका और अंकित ने कोर्ट मैरिज की थी। घटना की सूचना प्रियंका के मायके भेज दी गई है। कोतवाली पुलिस को भी मेमो के माध्यम से सूचित कर दिया गया है।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार व जिला मंत्री नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार एवं मजहर मोहम्मद खां के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया गया कि सर्वोच्चतम न्यायालय द्वारा 1 सितम्बर को शिक्षकों की योग्यता पर दिये गये निर्णय एवं टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने लामबंद होते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सेवारत शिक्षक जिनकी सेवा 5 वर्ष से अधिक शेष है, के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है अर्थात

**▸ शिक्षक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर लिया भाग**

उनको सेवा में बने रहने के लिए अधिकतम दो वर्षों में टीईटी करना अनिवार्य होगा। आरटीई एक्ट 2009 में लाया गया तथा 23 अगस्त 2010 में इसकी गाइड लाइन जारी की गयी। 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में आरटीई एक्ट लागू हुआ। जिसके द्वारा यह कहा गया था कि 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस व्यवस्था अर्थात आरटीई एक्ट से मुक्त रखा जायेगा, परन्तु 03 अगस्त 2017 में आरटीई एक्ट 23 (2) में लाकर समस्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया। लेकिन इसके दायरे में आने वाले प्रभावित पक्ष अर्थात शिक्षकों को किसी प्रकार की नोटिस या सूचना प्रदान नहीं की गयी।



ज्ञापन देने के दौरान मौजूद शिक्षक

जबकि अन्य प्रांतों में ऐसे में लाखों लाख शिक्षकों सहित उत्तर प्रदेश के लगभग 2 लाख 50 हजार शिक्षक परिवारों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश, उच्चतम न्यायालय के उक्त निर्णय से शिक्षा विभाग से जुड़ी हुई कुछ व्यावहारिक व नीतिगत समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाधान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। ऐसे में शिक्षकों का पक्ष रखते हुए अधिनियम संसोधन कर शिक्षकों को तनाव से मुक्त किया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, नीरज शुक्ला, विमलेश कुमार शाक्य, प्रमोद दीक्षित, संजय तिवारी, पीयूष कटियार, मुन्नालाल यादव, प्रवेश रत्न शाक्य, अर्जुन प्रताप सिंह, इसरार अहमद, नरेन्द्र जाटव, जितेन्द्र राठौर, अंजू कटियार, विजय कनौजिया, मजहर मोहम्मद खां, अमरेश पटेल, शिव कुमार, जूई कटियार, अनीता सिंह, राकेश सारस्वत आदि लोग मौजूद रहे।

# एनडीआरएफ ने प्राकृतिक आपदा बचाव की छात्रों को दी जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा प्रसाद बद्री प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन द्वारा विद्यालय प्रांगण मे छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे-बाढ़ आपदा, भूकंप के दौरान अपना, अपने परिवार और आस-पास के लोगों का बचाव कैसे किया जाये इस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ और जानकारी दी गई। आज-कल सभी उम्र के लोगों की सबसे प्रमुख बीमारी हार्टअटैक के समय सीपीआर के माध्यम से समय रहते लोगों का कैसे जीवन बचाया जाये। इसके बारे मे विस्तार से जानकारी


छात्रों को जानकारी देती एनडीआरएफ टीम

दी गयी और छात्रों के समक्ष प्रयोग करके दिखाया गया। एनडीआरएफ की टीम में एसआई धर्मवीर यादव, सतीश, राजीव गोदक, भूपेंद्र यादव, कमलेश कुमार, मीनाक्षी, पायल, शंकर विजोय का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य आशीष कुमार वर्मा ने टीम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सर्वेश कुमार पाल, अर्जुन प्रताप सिंह, आशीष शाक्य, प्रीति सिंह, गोविंद सागर आदि उपस्थित रहे।

# साहित्य सभा की गोष्ठी में विद्वानों ने हिंदी का भविष्य बताया उज्वल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्य सभा के तत्वावधान में हिन्दी सप्ताह के तहत संस्था के वरिष्ठ सदस्य योगेश मिश्रा के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। वरिष्ठ गीतकार राम शंकर अवस्थी अबोध की अध्यक्षता की व संचालन युवा कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर ने कहा कि हिंदी का भविष्य उज्जवल है।

वहीं अध्यक्ष कवि राम शंकर अवस्थी ने कहा कि वर्तमान शिक्षा नीति में हिंदी के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए नयी पीढ़ी को हिंदी पढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदी को रोजगार की भाषा बनाया



कार्यक्रम में मौजूद कवि

जाना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ गीतकार दिनेश अवस्थी की वाणी वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डॉ. संतोष पाण्डेय, वरिष्ठ गज़लकार नलिन श्रीवास्तव, कवि उपकार मणि उपकार, उत्कर्ष अग्निहोत्री, अध्यक्ष कवि राम शंकर अवस्थी अबोध ने काव्य पाठ किया। संयोजक योगेश मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर वरिष्ठ कवि बृज किशोर सिंह किशोर, दिनेश मिश्र, राम मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# काकुत्स्थ समाज की बैठक में बच्चों को शिक्षित करने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काकुत्स्थ विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निसाई स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अध्यक्षताा नागा संन्यासी रामानंद गिरी ने की। मुख्य अतिथि काकुत्स्थ समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. जागेश्वर प्रसाद ने समाज के बच्चों को पढ़ाने पर जोर दिया। संजय काकुत्स्थ ने कहा कि घर-घर बैठक कर लोगों को जोड़ा जाये। इस मौके पर रामनारायन, गोकुलेश, राजेश, मोनू, डॉ. लालू, शांति प्रसाद, महेश चन्द्र, गिरीश चन्द्र, बृजकिशोर, राजकुमार, ब्रह्मानंद, शिव दयाल, रमाकांत, विपिन, विवेक आदि लोग मौजूद रहे।

# सुख प्राप्त करने के लिए प्रभु की भक्ति, संतो का सत्संग आवश्यक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंडाबाग में मानस सम्मेलन के दूसरे दिन मानस विद्वानों ने कहा कि सुख प्राप्त करने के लिए प्रभु की भक्ति, संतो का सत्संग, धर्म की कथाओं से संभव है। पंडाबाग के सत्संग भवन में मानस संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक के संयोजन में दतिया मध्यप्रदेश से पधारी मानस कोकिला संध्या दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति सुख चाहता है पर किसी की सुनना नहीं चाहता है।

इस संसार में सुख प्राप्त करने के लिए प्रभू की भक्ति, संतो का सत्संग, सनातन धर्म की कथाओं का श्रवण करे। भक्ति में त्याग, तपस्या, साधना संतो का सत्संग अति आवश्यक है। दुर्ग छत्तीसगण से पधारे मानस विद्वान पीलाराम शर्मा ने राजा जनक के ज्ञान की पराकाष्ठा और शबरी की भक्ति के द्वारा प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण दोनों भाइयों के दर्शन से परम सुख की व्याख्या की। लखनऊ से पधारी मानस कोकिला सुष्मिता राय ने भजन एवं लोकगायिका ने चित्रकूट धाम की महिमा और राम कथा मंदाकिनी की धारा में जीवन का कल्याण कैसे हो मनो वैज्ञानिक ढंग से व्याख्या की। उन्होंने ऐसी लागी लगन मीरा हो गई


प्रवचन करती संध्या, आरती करते भक्तगण

मगन गीत प्रस्तुत करके लोगों को घूमने पर मजबूर कर दिया। मानस के संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक ने राम गमन प्रसंग पर माता सुमित्रा और पुत्र लक्ष्मण, श्रीराम, सीता और माता केकेई के जीवन की कथा, व्यथा को स्पष्ट किया। संचालन रामेंद्रनाथ मिश्रा ने किया। तबले पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। इस मौके पर अशोक रस्तोगी, आलोक गौड़, सुरजीत पाठक बंटू, ज्योतिस्वरूप अग्निहोत्री, सर्वेश अवस्थी, अदभुत पाठक, आदित्य, वरुण, सचिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने तहसीलदारों व अधिकारियों को नोटिस किये जारी

**▸ आवेदकों से सम्पर्क न करने पर हुई कार्यवाही**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदीकी अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस निस्तारण से सम्बंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आवदेकों से संपर्क न किए वाले अधिकारियों पर डीएम ने नाराजगी जताई।

डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि आवदेकों से वार्ता न किया जाना अनुशासनहीनता है, अपराध है शत-प्रतिशत आवदेकों से वार्ता की जानी है। आवेदनों से वार्ता न किए जाने के क्रम में तहसीलदार अमृतपुर, कायमगंज, जीएम, डीसी, बीडीओ,


बैठक लेते डीएम

राजेपुर, ईएक्सईएन आवास विकास, ईएक्सईएन जल निगम ग्रामीण, ईएक्सईएन हाइड्रिल, पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी कमालगंज, नवाबगंज को नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए और अधिकारी प्रतिदिन ऑफिस पहुंचकर सर्वप्रथम आईजीआरएस चेक करें। निस्तारण भी अपनी निगरानी में ही कराना सुनिश्चित करें, सभी शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात करे, शिकायत डिफाल्टर होने से तीन दिन पूर्व ही आईजीआरएस पर गुणवत्तापूर्ण/सुस्पष्ट निस्तारण आख्या अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अपर जिला अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण डिफाल्टर संदर्भ का निस्तारण नहीं हो सका और जिले की रैंकिग प्रभावित हुई उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाए और सही जवाब ना मिले तो कठोर/दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डी.एफ.ओ., अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने जीते चार मेडल

**▸ बिशन देवी ने प्रदेश में प्राप्त किया तीसरा स्थान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपी स्टेट जूनियर अंडर-23 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज में सम्पन्न हुआ। 14 सितम्बर से 16 सितम्बर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजित प्रतियोगिता में जनपद की लवी राठौर ने वॉक रेस में द्वितीय स्थान पर रहते हुए मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। वहीं वॉक रेस में दूसरा मेडल विशाल बाथम ने जीता। लम्बी कूद में तृतीय


मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

मेडल शिवांकी ने प्राप्त किया। वहीं फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज कमालगंज में अध्यनरत कक्षा 12 की छात्रा बिशन देवी ने प्रदेशीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि प्रयागराज में संपन्न हुई में प्रतिभाग करके प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त कर जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया है। बिशन देवी ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। एक साधारण परिवार की बेटी साधारण व्यवस्थाओं से आगे बढ़कर अपने मां-बाप के साथ-साथ जनपद का नाम भी देश विदेश तक पहुंचा सकती है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा, अध्यापक रजनीश शिवा एवं कोच सुनील कुमार पाल ने बधाई दी एवं छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फिरोज गांधी जनता इं.का. में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन


प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट के साथ मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज कमालगंज में विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण, प्रदूषण, तकनीकी तथा अन्य मुद्दों पर अपने-अपने मॉडल प्रोजेक्ट प्रदर्शित किया। छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में लगाये। शिक्षकों ने अवलोकन कर मॉडलों की सराहना की। अच्छे मॉडल बनाने वाले छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रबंधक सुधाकर पालीवाल, प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा तथा अध्यापक रजनीश शिवा, अमित गुप्ता, प्रफुल्ल कुमार भगोलीवाल, रोहित सरोज, मंजर हुसैन, सुनील कुमार उपस्थित रहे तथा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हिंदी दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेरा युवा भारत युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा फतेहगढ़ के महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 विनीता ने की। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान मुस्कान कटियार, तथा तृतीय स्थान सलोनी शर्मा ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने हिंदी भाषा की महत्ता, इसकी समृद्ध विरासत एवं इसके संवर्धन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति प्रेम और जागरूकता को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं यूथ क्लब सदस्यों रचना, नेमा, अजीत, राहुल, सुमित, अर्चना, तनु, मुस्कान एवं वैभव का विशेष योगदान रहा।

# 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिवा मिश्रा ने मेगा पुरुस्कार में जीती साईकिल


विजेता छात्र को सम्मानित करते अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित 23वीं एशियन स्कालरशिप परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह गढ़ी कोहना स्थित एक पैलेस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 रतिशंकर त्रिपाठी अध्यक्ष भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ व विशिष्ट अतिथि डॉ0 रंगनाथ मिश्र एवं गौरव अग्रवाल, सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। एशियन कंप्यूटर द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन 4 केंद्रों, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, एसआरएस पब्लिक स्कूल राजपुर, अवंतीबाई पब्लिक इंटर कॉलेज शाहजहांपुर, जेएस इन्टर कॉलेज नवाबगंज में हुआ। जिसमें 4118 छात्रों ने प्रतिभाग किया था, सफल हुए छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। सामान्य ज्ञान परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले शिवा मिश्रा को मेगा पुरस्कार के रूप में साइकिल, शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सीनिअर वर्ग में मो0 सुहेल, उत्कर्ष कुमार, जूनियर वर्ग में अग्रिमा मिश्रा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गजानन व प्रत्यूश ने संयुक्त रूप से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को मिक्सी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को इलेक्ट्रिक केटल एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में दीवाल घड़ी के साथ शील्ड व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल एक सैकड़ा से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें अनामिका, आकृति, वैष्णवी, दामिनी, प्रतिभा ने गणेश वंदना, संध्या, प्राची, अनुष्का, अनन्या ने समूह नृत्य व शिवी पाण्डेय ने वो कृष्णा है.. गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। शाखा प्रबंधकों व स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर आकांक्षा सक्सेना ने विभिन्न योजनाओं में सहयोगी रहे छात्रों को डिनर सेट, दीवाल घड़ी आदि देकर सम्मानित किया। संचालन आद्या दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सन्दीप चतुर्वेदी, अनुराग अग्रवाल, सुपर्णा, शैलेन्द्र, फाल्गुनी, पूनम, राधिका, नेहा सिंह, आँचल साध, सिंघिका वर्मा, उज्जवल, ऋतिक पाण्डेय, सोनेलाल, पंकज, नवीन मिश्र, नरेंद्र पाण्डेय, अंशुल कश्यप, आदेश अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, अविनाश सारस्वत, डॉ. अनिल मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद बोलेः मुझे बदनाम करने की साजिश रची जा रही है


जानकारी देते सांसद मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने सोमवार को राहुल राजपूत के निवास पर पत्रकारों को सफाई देते हुए कहा कि मैं निर्दोष हूं कुते भौंकते रहते है, हाथी चलता रहता है। सांसद बोले मेरे खिलाफ अगर कोई भी जगह कब्जा करने का सबूत मिल जाये तो मेरे खिलाफ कार्यवाही की जाये और मैं राजनीति से इस्तीफा देने को तैयार हूं। अगर कोई दूसरा दोषी है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही हो। सांसद ने सरैया के प्रधान सौरभ चौहान के खिलाफ भड़ास निकाली और कहा कि उन्होंने मेरे खिलाफ षड्यंत रचा है। उन्होंने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने वाला नगला मसेनी निवासी संजय वाल्मीकि सौरभ के अस्पताल में नौकरी करता है, उसकी पत्नी सरैया गांव में सफाई कर्मी है। उन्होंने बताया कि स्वामी गैस वालों ने मुझे 10 फुट जमीन दी थी, जिसके लिए मैंने उन्हें पगड़ी में 10 लाख रुपए दिए थे। खरीदी गई जगह की रजिस्ट्री है। विवादित बताई जाने वाली जमीन दो गुप्ता भाइयों एवं दो राजपूत भाइयों की है। शकुंतला बाल्मिक भी इसी जमीन के लिए मुकदमा लड़ रही है। उन्होंने कहा कि मैंने किसी की जमीन पर कब्जा नहीं किया है और किसी को कब्जा करने से भी नहीं रोका है। उन्होंने संजय वाल्मीकि के आरोपों को उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि मैं कब तक चुप रहूंगा। आज मुझे आरोपों के चलते बोलना पड़ा। वह सांसद व भाजपा की छवि खराब करने में लगे है। यह मुझे बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद ने डीएम से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, जो दोषी पाया जाये उसके खिलाफ कार्यवाही हो। उन्होंने मौरम व्यापारी द्वारा करायी गई पैमाइश पर भी कहा कि १५ डिसमिल जमीन मेरी कम निकली है। अवंतीबाई मूर्ति की स्थापना के लिए कहा कि मैं मौरम व्यापारी से ज्यादा जमीन देने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि कुते के भौंकने के बावजूद हाथी मस्त चाल में चलता है। मेरे गुरु का यही कहना है गुरु का यह भी कहना है कि जो झूठे आरोप लगाए उसे जवाब जरूर देना चाहिए। जिस व्यक्ति को विधानसभा चुनाव में 500 वोट मिले हो वह मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, संकिसा चेयरमैन के प्रतिनिधि राहुल राजपूत, अनूप मिश्रा मौजूद रहे।

# हिन्दी पखवाड़ाः भारतीय संस्कृति की आत्मा है हिन्दी....

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिस राष्ट्र की अपनी कोई भाषा और संस्कृति नहीं है। वह कभी भी उन्नति के पद पर अग्रसर नहीं हो सकता है और फिर भी हिन्दी तो भारतीय संस्कृति की आत्मा है। बिना आत्मा के शरीर का कोई मूल्य नहीं है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान की भाषा समिति ने हिन्दी को राजभाषा के पद पर अपसीन किया, क्योंकि भारत की बहुसंख्यक जनता द्वारा हिन्दी का प्रयोग किया जा रहा था। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हिन्दी भाषा में प्रकाशित पत्र, पत्रिकाओं ने देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा भारतीय को एक सूत्र में बांधे रखा। स्वतंत्रता के पश्चात भले ही हिन्दी को राष्ट्रभाषा व राजभाषा का दर्जा दिया गया, लेकिन भाषा के प्रचार व प्रसार के लिए सरकार द्वारा सराहनीय कदम नहीं उठाये गये व अंग्रेजी भाषा का प्रयोग अनवरत चलता रहा। भले ही आज हिन्दी की वैश्विक स्थिति काफी बेहतर है विश्व के सभी महत्वपूर्ण देशों के विश्व विद्यालयों में हिन्दी का अध्य अध्यापन हो रहा है।

## हिन्दी भाषा अपने ही घर में हो रही उपेक्षितः डॉ. आलोक बिहारी शुक्ल


डा0 आलोक बिहारी शुक्ल

भारतीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व हिन्दी प्रेमी डा0 आलोक बिहारी शुक्ल ने बताया कि विश्व में अपनी स्थिति के बावजूद भी हिन्दी भाषा अपने ही घर में उपेक्षित जिंदगी जी रही है। जहां गुडमार्निंग सूर्योदय और गुड इवनिंग से सूर्यास्त होता है। अंग्रेजी बोलने वालों को तेज तर्रार व हिन्दी बोलने वालों को अनपढ़ जताने की परम्परा चल रही है। नेताओं द्वारा हिन्दी को लेकर राजनीति हो रही है।

## दोहरी नीति के कारण हिन्दी भाषा हो रही शिकारः राजकुमार


राजकुमार, प्रधानाध्यापक

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद के प्रधानाध्यापक व स्काउट मास्टर राजकुमार ने बताया कि हिन्दी से बना हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तानी होने के नाते हमारा फर्ज बनता है कि हिन्दी हमारे दोहरी नीति का शिकार हो चुकी है, यही कारण है कि हिन्दी आज तक व्यवहारिक दृष्टि से ना तो राजभाषा बन पायी और राष्ट्र भाषा। हिन्दी भाषा की मौजूद दुर्दशा का सबसे कारण हमारा समाज है।

## हिन्दी की दुर्दशा का कारण अंग्रेजी स्कूल में दाखिला दिलानाः हिमांशु


हिमांशु शुक्ला, स0 अध्यापक

कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक हिमांशु शुक्ला ने बताया कि अंग्रेजी बोलने वालों के कारण हिन्दी भाषा उपेक्षित होती जा रही है। आज हर वर्ग के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में दाखिला दिलवाते है। इस दोगलेपन से हिन्दी उपेक्षित हो रही है, जबकि हिन्दी भाषा मौजूदा में उन्नति का कारण गांव में आज भी हिन्दी बोली जाती है।

## हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए ठेठ हिन्दी बोलने की जरुरतः संजीव कटियार


संजीव कटियार, जिला व्यायाम शिक्षक

जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने बताया कि हिन्दी बोलने वालों की गिनती अब पिछड़े पन में होती है। अंग्रेजी भाषा के चलन के कारण हिन्दुस्तान भर में बोले जाने वाली हजारों राज्यभाषाओं का अंत हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को अंग्रेजी बोलने की सलाह देते है। अब ठेठ हिन्दी बोलने वालों की जरुरत है, और सभी रोजगार भी हिन्दी भाषा में होने चाहिए।

# किसानों को दिया जाय यूरिया खाद : सपा जिलाध्यक्ष

▸ सपा ने बोला हल्ला, प्रदर्शन कर माँगा खाद, उठाया बिजली, टूटी सड़क, बाढ़ का मुद्दा




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी ने जनहित की समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च कर कलेक्टेऊट पहुचे और प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्टेऊट विनीत उपाध्याय को सौंपा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि किसान यूरिया खाद के लिये परेशान है। विद्युत व्यवस्था बदहाली के कगार पर है। आयेदिन बिजली को काट दिया जा रहा है। और किसानों के ऊपर बिजली विभाग फर्जी मुकदमें दर्ज कर कार्यवाही कर रही है। उन्होने कहा कि मनरेगा की मजदूरी बढ़ाई जाय और साथ ही बाढ़ कटान रोकने की कागजी कार्यवाही बन्द की जाय। अन्यथा सपा चरणबद्ध तरीके से सरकार के खिलाफ आन्दोलन चलायेगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि जल मिशन योजना में भ्रष्टाचार हुआ है। पाईप लाईन व खुदी सड़क की मरम्मत नही की गई है। कहा कि सरकारी नलकूप कई जगह खराब है जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, अशोक यादव, डॉ0 सुनील सिंह पटेल, सियाराम जैसल, झब्बू यादव, सत्यप्रकाश यादव, शैलेष पटेल, आदर्श यादव, संजय यादव, रामजी मौर्या, विशाल यादव, संतोष गोयल, अरशद अली, अनीष खान, मेवालाल प्रजापति, प्रिन्स राव, शिवपूजन यादव, कान्धा यादव, मो0 नसीम खान, जमुना यादव, आशीष राय, सलीम बादशाह, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, उपेन्द्र सिंह, रवि सोनकर, दीपक मौर्या, कौशिक कनौजिया, बब्बू यादव, सन्तबीर मौर्या, मुकुन्द यादव, लल्लू दूबे, राममिलन यादव, अशोक यादव, गणेश केशरी, विकाश केशरी, जगदीश भारती सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहें।



## मुकुट पूजा के साथ शुरू हुआ चुनार नगर का 21 दिवसीय रामलीला

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित 21 दिवसीय ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ मुकुट पूजा के साथ शुरू हुआ। गोला साहब राम स्थित रामलीला भवन में रविवार देर रात मुख्य अतिथि सीओ मंजरी राव व तहसीलदार इवेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, दिनेश सिंह पटेल अध्यक्ष नयना गढ़ महोत्सव समिति द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ फीता काट कर व प्रभु श्रीराम के मुकुट का पूजन अर्चन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया। समिति के संरक्षक बचाऊ लाल सेठ ने अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान व्यास कैलाशपति त्रिपाठी,समिति के संरक्षक बचाऊ लाल सेठ,अध्यक्ष लक्ष्मी कांत पांडेय, निवर्तमान अध्यक्ष अखिलेश मिश्र बच्ची, चंद्रहास गुप्ता, विजय बहादुर सिंह, अजय शेखर पांडेय, गोविंद जायसवाल, अविनाश अग्रवाल, अभिलाष राय, विवेक दुबे, प्रदीप रस्तोगी, शंकर शर्मा, आलोक सिंह पटेल जोन अध्यक्ष अपनादल, संजय साहू, राजकुमार गुप्ता, ज्योति प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी देर रात तक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मंडल ने सिसवा को तहसील बनाने को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिसवा को तहसील बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पहल की है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने बीते रविवार शाम को सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल को ज्ञापन सौंपकर सिसवा को तहसील बनाने की मांग की। व्यापारियों ने चिंता जताई कि सिसवा बाजार की व्यवसायिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। यहां के व्यापारी अन्य स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। छोटे व्यापारी ग्राम सभाओं में दुकान लगाकर रोजी–रोटी चला रहे हैं। सिसवा बाजार पहले नगर पंचायत था और अब नगर पालिका बन चुका है। फिर भी यहां का व्यवसाय प्रभावित है। व्यापारियों का मानना है कि सिसवा को तहसील का दर्जा मिलने से व्यवसायिक स्थिति में सुधार होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के नगर अध्यक्ष शिब्बू खान, महामंत्री अश्वनी रौनियार, मकसूद अंसारी, संदीप मल्ल, रजाउल अंसारी, दीपक जायसवाल, धीरज जायसवाल, मनीष रौनियार, प्रमोद गुप्ता, मंत्री इरफान, संतराज विश्वकर्मा और भोलू सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

### फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडीहा गांव निवासी एक युवक पेड़ से फांसी लगाकर फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई में जुट गई है। हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडीहा गांव निवासी प्रवेश पाल (23) घर से लगभग 15 किलोमीटर दूर बाणसागर नहर के पास जिगना के पेड़ में गमछा से झूलने से मौत हो गई है। बॉडी में दुर्गंध आ रही है पुलिस का मानना है कि 2 दिन पूर्व की घटना है परिजनों ने बताया कि घर से दूसरे की बाइक लेकर गए थे। लौट कर नहीं आए खोजबीन कर रहे थे। मृतक चार भाई तथा एक बहन थे। बाइक मिस्त्री का कार्यकर्ता था। अविवाहित था। घटना की जांच फोरेंसिक टीम द्वारा की गई है। मौत की सूचना पर पिता बाबूलाल पाल का रो–रो कर बुरा हाल हो रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि फंदे पर झूलने से मौत हो गई है ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### माध्यमिक स्कूलों में 25 से विज्ञान प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सीनियर व जूनियर वर्ग में लगने वाली प्रदर्शनी 25 से 30 सितंबर के बीच सभी माध्यमिक स्कूलों में आयोजित की जाएगी। जनपद स्तरीय प्रदर्शनी अक्तूबर में आयोजित होगी। इस संबंध में डायट प्राचार्य ने डीआईओएस ऑफिस को पत्र जारी किया है। जनपद के 278 माध्यमिक स्कूलों में 1.17 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं। शिक्षा महानिदेशक के निर्देश पर स्कूलों में यह प्रदर्शनी दो वर्गों में आयोजित होगी। 9–10 जूनियर तो 11–12 सीनियर वर्ग होंगे। विद्यालय स्तर पर प्रदर्शनी के बाद अक्टूबर में जिला स्तरीय और इसके बाद मंडल व राज्यस्तरीय आयोजन की तिथि तय होगी। डीआईओएस प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पर्यावरण, जैवविविधता, मानव कल्याण में जीवन विज्ञान, वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना–संचार व रसायन और भौतिक विज्ञान से संबंधित विषयों पर मॉडल तैयार कराने के लिए सभी माध्यमिक स्कूलों को पत्र जारी कर मॉडल तैयार कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्राचार्य, डायट, सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए स्कूल से राज्य स्तर तक प्रदर्शनी आयोजित होनी है। स्कूल व जनपद स्तरीय आयोजन डायट की निगरानी में होंगे। पत्र डीआईओएस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

### प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध अभिभावक की तहरीर पर हलिया थाने में रविवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मनिगढ़ा गांव निवासी एक अभिभावक ने रविवार को हलिया थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी भतीजी उम्र 15 वर्ष बगल गांव के कंपोजिट विद्यालय में कक्षा आठवीं की छात्रा है। वहां के प्रधानाध्यापक लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कला गांव निवासी देवेंद्र कुमार गुप्ता बेटी तथा बेटी की पांच सहेलियां इस विद्यालय में पढ़ती हैं। इन लोगों को घूमने के बहाने अपनी बंद कार से बिना अभियावक की अनुमति से कोटार धाम, गड़बड़ा धाम एवं अदवा बैराज पर घूमने ले जाते थे चॉकलेट टॉफी केक के बहाने अलग–अलग अपने ऑफिस में बुलाते थे। एवं गंदी नियत से उनको स्पर्श करते थे अपनी मोबाइल से गंदी वीडियो देखते थे बच्चियों जब जाती थी तो उन्हें दिखते थे विरोध करती थी तो कहते थे कि प्रचार है इसको आगे बढ़ा देता हूं। इन बच्चियों को तीन बार अपनी कर से घूमा चुके हैं। सभी बच्चियों से बात कर तहरीर दे रहा हूं। यह भी तहरीर में बताया कि पूर्व में नियुक्त कंपोजिट विद्यालय मड़िहान के लालपुर में पढ़ाते थे वहां भी उनके इन्हीं कृतों के कारण निलंबन की कार्रवाई हो गई थी। पुलिस ने अभिभावक की तहरीर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि अभिभावक की तहरीर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल जारी है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शिक्षक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ी बाइक युवक की दर्दनाक मौत

**जिगना (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के कुशहां मोड़ के पास मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर बीती रात 11 बजे बाइक व ट्रक में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक सहित चालक भाग निकला। कुशहां गाँव निवासी 21 वर्षीय शशिकांत पुत्र जंगी लाल रविवार की रात 11 बजे बाइक से देहात कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गाँव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। घर से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर कुशहां मोड़ के पास अचानक रुकी ट्रक से बाइक की पीछे से टक्कर हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में पीएचसी सरोंई में भर्ती कराया। जहाँ पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी संगीता देवी माँ कलुई देवी व परिवार के लोग रोते बिलखते रहे। मृतक एक माह की बच्ची का पिता था। वह एक बहन व तीन भाइयों में छोटा था। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतक प्रयागराज में रेलवे ठीकेदार के गैंग में मजदूरी का काम कर परिवार का पालन पोषण करता था। प्रभारी थानाध्यक्ष आत्माराम यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बीते 24 घंटे के दौरान एक अन्य हादसे में कुशहां मोड़ पर ही सड़क दुर्घटना में बाइक चालक युवक की मौत हो गई स जबकि चाचा व भतीजी और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन चालकों का मानना है कि कुशहां मोड़ किलर जोन साबित हो रहा है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

### बारिश के दौरान गरज चमक के साथ बिजली गिरने से पित-पुत्र की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी पिता पुत्र अपनी पशुओं को जंगल में चराने गए थे। बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गए आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई।थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी राजेश (35) अपने बेटा दीपक(7) के साथ सोमवार को पशुओं को चराने जंगल गए थे वापस आते समय गरज चमक के साथ बारिश होने लगी बचने के लिए पलाश के पेड़ के नीचे खड़े हो गए पलाश के पेड़ के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से घटनास्थल पर दोनों की मौत हो गई। अगल–बगल के चरवाहों ने इसकी सूचना परिजनों को दी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पीएम कार्रवाई में जुट गई। मृतक राजेश के पास तीन बेटे थे जिसमें एक की मौत हो गई है।
इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि बिजली गिरने से पिता पुत्र की मौत हो गई है।सूचना मिली है पीएम कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी की मोटरसाइकिल से जा रहे तीन युवक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से पुलिस ने सोमवार सुबह चोरी की मोटरसाइकिल लेकर जा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सोमवार सुबह एसआई रामविशाल हेड कांस्टेबल संजय यादव, कांस्टेबल पावस कुमार व दीपक कुमार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मध्यप्रदेश की ओर से बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल से तीन युवक ड्रमंडगंज की ओर जा रहे हैं। सूचना पर एस आई रामविशाल पुलिसकर्मियों संग बड़का मोड़ घुमान पर युवकों का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल तीनों युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों युवक हड़बड़ा कर बाइक को पीछे की ओर घुमाने लगे तो एस आई और पुलिस कर्मियों ने तीनों युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

तीनों युवकों से बाइक का कागजात दिखाने के लिए कहा तो वह नही दिखा सके। पुलिस ने तीनों युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से एक मोबाइल फोन चार चाबियां मिली। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए युवकों ने पुलिस को अपना नाम पता अवनीश सिंह उर्फ अभिषेक सिंह निवासी सिपहुआ थाना कोरांव जिला प्रयागराज अवनीश सिंह निवासी सैंम्हा थाना कोरांव जिला प्रयागराज व राज सिंह निवासी मानपुर बड़ोखर थाना कोरांव जिला प्रयागराज बताया। पुलिस ने तीनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोरी की बाइक को सीज कर दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल लेकर जा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## फरेंदा में जीएसटी रिफॉर्म्स व्यापारी सम्मेलन आयोजित

▸ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का व्यापारियों किया स्वागत



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी रविवार को फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने फरेंदा नगर स्थित राम जानकी कॉम्प्लेक्स में आयोजित जीएसटी रिफॉर्म्स व्यापारी सम्मेलन में भाग लिया।

अपने संबोधन में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जीएसटी सुधारों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यापारियों के अनुकूल बनाना है। केंद्र सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे व्यापारियों का बोझ कम हो और उन्हें आसानी से कारोबार करने का अवसर मिले। आने वाले समय में नेक्स्ट जनरेशन त्रस्ज्ञ रिफॉर्म्स लागू होंगे, जो देश के व्यापारिक माहौल को और बेहतर बनाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी जीएसटी -2.0 सुधारों के तहत कर स्लैब घटाकर तीन किए जाएंगे- 5 प्रतिशत (आवश्यक वस्तुएँ), 18 प्रतिशत (साधारण वस्तुएँ व सेवाएँ) और 40 प्रतिशत (लग्जरी व स्वास्थ्य-हानिकारक वस्तुएँ)।12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरें समाप्त होंगी और उनकी श्रेणी अन्य दरों में समाहित होगी।रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं, खाद्य सामग्री और दवाओं पर कर का बोझ घटेगा।लग्जरी सामान और सिन गुड्स÷ पर कर बढ़कर 40 प्रतिशत तक होगा। कंपनियों को क्रेडिट नोट्स को हर इनवॉइस से मिलाने की बाध्यता से राहत मिलेगी। सम्मेलन के बाद केंद्रीय मंत्री शाहाबाद, बृजमनगंज में आयोजित नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स सम्मेलन में भी शामिल हुए, जहाँ पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ। उन्होंने फरेंदा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामसभाओं भैसहिया, त्रिवेणी पुल, महदेवा, धानी ढाला और फरेंदा कस्बा में जनसम्पर्क किया। जनता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और समस्याएँ साझा कीं। पंकज चौधरी ने कहा कि जनता का स्नेह और समर्थन मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर फरेंदा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सम्मेलन में पूर्व विधायक शिवेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण शुक्ला, चेयरमैन राकेश जायसवाल, विवेका पांडेय, प्रमोद तिवारी, डब्बू सिंह, गुलाब चौरसिया, मुकेश मिश्रा, चंदू सिंह, प्रमुख उदयराज यादव, धानी प्रमुख योगेन्द्र तिवारी

हरिश्चंद्र सोनकर, योगेन्द्र यादव, नारद लोधी, झिनक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, श्रीप्रसाद चौरसिया, नटवर लाल, प्रिंस जायसवाल, संजय जायसवाल, अशोक जायसवाल, परमात्मा अग्रहरी और वरिष्ठ व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महराजगंज में 14 अक्टूबर से शुरू होगी सांसद खेल प्रतिस्पर्धा

▸ ग्रामसभाओं से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगे मुकाबले, दिव्यांग भी लेंगे हिस्सा



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में सांसद खेल स्पर्धा की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता 14 अक्टूबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलेगी।
खेल स्पर्धा का फाइनल शाहूजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम, धनेवा–धनेई में होगा। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट शामिल हैं। पारंपरिक खेल जैसे खो–खो, नींबू दौड़, बोरी दौड़ और रस्साकसी भी इसका हिस्सा होंगे।
इस बार योग को भी प्रतियोगिता में जोड़ा गया है। सांसद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी इस नम्बर पर मेल कर फार्म भेज सकते हैं। sansadkhelmahotsav.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। क्यूआर कोड से भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। ऑफलाइन फॉर्म 26 सितंबर से क्षेत्र पंचायत और नगरपालिका कार्यालयों में मिलेंगे। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर होगी।
प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी। पहला चरण 14 से 17 अक्टूबर तक सदर, परतावल, फरेंदा, नौतनवा और सिसवा ब्लॉक में होगा। दूसरा चरण 21 से 24 अक्टूबर तक पनियरा, धानी, मिठौरा, निचलौल और लक्ष्मीपुर ब्लॉक में आयोजित होगा। तीसरा चरण घुघली और बृजमनगंज ब्लॉक में होगा। विजेताओं को पदक, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। यह आयोजन फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देने के साथ प्रतिभाओं की खोज का मंच भी बनेगा।
इस बार विशेष रूप से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और स्कूली बच्चों के लिए अलग वर्ग बनाए गए हैं।

## सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत जिंदगी की जंग लड़ रहे पति-पत्नी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक हंसता-खेलता परिवार देखते ही देखते काल के गाल में समा गया। इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। जब एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार परिवार को रौंद दिया। कौन जानता था कि आज यहपिकप रमजान के लिए यमराज बन कर आ रही है। यह दर्दनाक हादसा कप्तानगंज-हाटा मार्ग परों हुआ, जिसमें 10 वर्षीय मासूम रेहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता रमजान अली और राबिया खातून गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

रमजान अली सिसवा नगर पालिका के वार्ड नंबर 2, लोहिया नगर मोहम्मदापुर टोला के निवासी हैं। वे अपने परिवार के साथ हाटा, कुशीनगर स्थित ससुराल जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कप्तानगंज-हाटा रोड पर पहुंची, एक तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी। जब तक सहायता पहुंची, तब तक मासूम रेहान ने दम तोड़ दिया था। रमजान अली और राबिया खातून को हाटा के एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

### स्थानीय लोगों में रोष

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रैफिक पुलिस की नियमित गश्त नहीं होने से ऐसे हादसे आम हो गए हैं।

### पुलिस कर रही जांच

हाटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और टक्कर मारने वाले वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

इस घटना ने रमजान अली के पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और हर कोई रेहान की असमय मौत पर शोक व्यक्त कर रहा है। जो यात्रा किसी प्रियजन से मिलने के लिए शुरू हुई थी, वह अब ताउम्र के दर्द में बदल गई।

### तेंदुए की दहशत के साये में गुजर रही ग्रामीणों की रातें



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** वन क्षेत्र के आसपास के गांवों में तेंदुए की आहट से किसान खेतों की ओर नहीं जा रहे हैं। वहीं घुघली क्षेत्र में भी बीते छह माह से तेंदुआ अक्सर दिख रहा है। वन क्षेत्र के बसे किनारे गांव के लोग दहशत में है। उनको दिन रात निगरानी करनी पड़ रही है। मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी लोग परेशान हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तरी चौक रेंज के जंगल के किनारे बसे गांवों के आसपास अक्सर तेंदुआ दिख जाता है। मौका पाकर मवेशियों को अपना निवाला बना लेता है। कभी–कभी ग्रामीणों पर भी हमला कर घायल कर देता है। रामनगर गांव के पोखरहवा टोले पर बीते तीन दिनों से तेंदुआ दिख रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। रामनगर गांव के पोखरहवा टोले के ग्रामीण जयराम, राजेंद्र, राकेश, राम अचल यादव, रामधनी, संदीप मौर्य, यशोमती, रुक्मिणी, ज्ञानमती, चंद्रज्योति ने कहा कि रात में निगरानी करनी पड़ रही है। दिन में खेत की ओर से जाने पर डर लग रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ निकलने से भय बना रहता है कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। पिछले वर्ष अगस्त में गोभी के पौधों में पानी चला रहे किसान वीरेंद्र पासवान पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तबसे कई बार तेंदुआ दिख चुका है।

## नेपाल में भारतीय पत्रकार के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर रोष

▸ पत्रकारों ने प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को ज्ञापन भेज कार्रवाई की मांग की



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार विरोधी जेन-जी आंदोलन की कवरेज करने पहुंचे भारतीय पत्रकारों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तूल पकड़ता जा रहा है। जिसको लेकर भारतीय पत्रकारो में रोष व्याप्त है। इस घटना को लेकर पत्रकार संगठनों आक्रोशित हैं, वहीं सीमा पार पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नेपाल के इमीग्रेशन कार्यालय में एक संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें भारत और नेपाल दोनों देशों के पत्रकारों ने भाग लिया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में जब भी ऐसी कवरेज हो, तो पत्रकारों के बीच आपसी संवाद और समन्वय को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे किसी तरह की गलतफहमी या टकराव न हो। बैठक में महराजगंज प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ होता है और जब कोई पत्रकार किसी देश में रिपोर्टिंग करता है, तो वह लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य करता है। नेपाल में हमारे पत्रकार साथियों के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ, वह निंदनीय है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### महराजगंज प्रेस क्लब ने उठाया मुद्दा

बीते रविवार को महराजगंज प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अमित त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों भारतीय पत्रकारों ने भारत–नेपाल सोनौली बॉर्डर पर नेपाल सरकार के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान नेपाल के लुंबिनी प्रेस क्लब, रूपंदेही के अध्यक्ष कमल राय माझी को नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रधानमंत्री शीला कार्की से कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि नेपाल में भारतीय पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जाएं। पत्रकारों ने कहा कि यह न सिर्फ पत्रकारिता पर हमला है, बल्कि दो देशों के रिश्तों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी सीधा प्रहार है।

### नेपाल के कमल राय माझी ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया

वहीं, रूपंदेही प्रेस क्लब नेपाल के अध्यक्ष कमल राय माझी ने कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते ऐतिहासिक और भावनात्मक हैं। पत्रकारों के साथ ऐसी घटनाएं दोनों देशों के संबंधों को कमजोर करती हैं। हम नेपाली पत्रकार इस पूरे प्रकरण में भारतीय पत्रकारों के साथ हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## गोरखा समाज विकास समिति के अध्यक्ष उत्तम थापा उपाध्यक्ष सागर गुरुंग निर्विरोध बने



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** गोरखा समाज विकास समिति की नई कार्यकारिणी का गठन बीते रविवार को हुआ। संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार राना एवं संरक्षक हरि बहादुर गुरुंग की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से उत्तम थापा को अध्यक्ष, सागर गुरुंग को उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार राना को कोषाध्यक्ष घोषित किया। अर्जुन थापा को महासचिव, बबीता थापा को सचिव, राज बहादुर गुरुंग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के अलावा ज्योति राना, मनीषा थापा, सुनीता राना, सुशीला थापा, विजय बहादुर, मिट्ठू थापा, अंजू राई एवं सोनी थापा को सदस्य के रूप में चुना गया। इस दौरान संरक्षक रंजीत सिंह, सुंदर थापा, रिखी राम थापा, आनंद थापा, वीरेंद्र थापा, गुलाब प्रधान, सीता राना, लीला राना मौजूद रहे।